seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

जगमगाते दीप, खिलते मन और नई उम्मीदें

सीमा सन्देश

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित seema-sandesh.com संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

दीपोत्सव

■ वर्ष : 56 ■ अंक : 303 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 श्रीगंगानगर, गुरुवार, 05 नवम्बर, 2026

अमूल घी व मक्खन महंगा

नई दिल्ली। अमूल ने घी और मक्खन की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। अमूल घी के एक किलो पैक पर 50 रुपये और 500 ग्राम मक्खन पैक पर 15 रुपये की वृद्धि की गई है।

मिश्री
(पकाव वाली जई)
न गिरेगी न झड़ेगी
मिश्री जई से आमदनी बढ़ेगी

अन्य फसलों की तुलना में पानी कम मुनाफा अधिक
जय शंकर सीड्स प्रा. लि.
M: 9351776178

आर्य समाज द्वारा संचालित
डीएवी आयुर्वेद नर्सिंग इंस्टीट्यूट, रायसिंहनगर

रायसिंहनगर का प्रथम आयुर्वेद संस्थान
राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त
Code : 212 Course Only
DAN&P
(डिप्लोमा इन आयुर्वेद नर्सिंग एंड फार्मेसी)
योग्यता : 10+2 सभी संकाय, अवधि : 2.5 वर्ष
प्रवेश प्रारम्भ
Behind Railway Station, RAISINGHNAGAR

M: 8094112524

संगरूर की सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की नरेन्द्र मोदी को खुली चुनौती

प्रधानमंत्री मेरे साथ बैठ डिबेट करें, पता चलेगा देशद्रोही कौन...: राहुल

संगरूर।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुली चुनौती देते हुए कहा है कि अगर प्रधानमंत्री उन्हें देशद्रोही कहते हैं, तो प्रधानमंत्री उनके साथ डिबेट करें, छठे मिनट में साफ हो जाएगा कि देशद्रोही कौन है? जज कोई भी हो, मोहन भागवत को बुला लें, अडानी को बुला लें, मैं साबित कर दूंगा कि उनकी नीतियां देश के हितों के खिलाफ हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नियंत्रित करते हैं। मोदी ने महज पांच मिनट में अमेरिका के साथ डील पर हस्ताक्षर कर दिए और इससे किसानों तथा छोटे उद्योगपतियों के भविष्य को दांव पर लगा दिया। ट्रंप बार-बार भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम करवाने का दावा करते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री इस पर कोई जवाब नहीं देते। मोदी उनसे डिबेट कर ही नहीं सकते। अगर वह संसद में बोलते हैं तो माइक बंद कर दिया जाता है।

मान की सांसों से आती थी शराब की महक : राहुल गांधी ने कहा कि लोकसभा में भगवंत मान हमारे साथ बैठते थे और चुटकुले सुनाते थे। सुबह 11 बजे तक ही उनकी सांसों से शराब की महक आने लगती थी। मैं यह नहीं कह रहा कि भगवंत मान को शराब नहीं पीनी चाहिए, यह उनका निजी मामला है।



अगर आप सच में नशे की समस्या से लड़ना चाहते हैं, तो आपका मुख्यमंत्री हर शाम नशे की हालत में नहीं हो सकता। आपको एक ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो पंजाब के लिए लड़े, जो सच में नशे से होने वाले दर्द को महसूस करे, और जो पंजाब के दर्द को अपने दिल में संजोकर रखे। राहुल गांधी ने पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का मुद्दा उठाया और कहा कि जिस मानसिकता के लोगों ने खुलेआम सिद्धू मूसेवाला की हत्या की थी, वही मानसिकता आज पंजाब के हर कोने में घूम रही है। सिद्धू मूसेवाला की तरह जो भी व्यक्ति अपनी प्रतिभा के दम पर आगे बढ़ना चाहता है, पंजाब और देश के लिए काम करना चाहता है, उसे धमकाया जाता है और डराया जाता है।

अमित शाह तो गृहमंत्री ही नहीं रहेंगे

राहुल गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला बोला। उन्होंने नशीले पदार्थों को खत्म करने के लिए शाह द्वारा दी गई तीन साल की समय-सीमा पर सवाल उठाए और भविष्यवाणी की कि मौजूदा सरकार 12 महीने के भीतर गिर जाएगी। अमित शाह तो गृहमंत्री ही नहीं रहेंगे। राहुल गांधी ने गुजरात के अडानी पोर्ट पर भारी मात्रा में नशीले पदार्थ पकड़े जाने के मामले में अधिकारियों की जवाबदेही पर सवाल उठाए। उन्होंने शाह पर आरोप लगाया कि वे गैंगस्टरों को जेल के स्तर की सुरक्षा दे रहे हैं। कानून-व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार के रुख पर सवाल उठाते हुए, गांधी ने कहा कि सरकार अपराध नियंत्रण पर भाषण देने के बजाय मणिपुर में चल रहे संकट पर जवाब दे। वहां मोदी क्यों नहीं जा रहे?

इतनी भ्रष्ट सरकार मैंने कभी नहीं देखी : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र और आप सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मैंने इतनी भ्रष्ट सरकार कभी नहीं देखी। राहुल गांधी ने रामलीला मैदान में लाखों लोगों को इकट्ठा किया और ह्वोट चोरीङ्क का मुद्दा उठाया। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया और सरकार को स्पष्ट कर दिया कि वोट चुराए गए हैं। चुराए गए वोटों के आधार पर बनी सरकारें हर जगह काम कर रही हैं, जिसमें दिल्ली की मौजूदा सरकार भी शामिल है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट होने और पंजाब जीतने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह करते हुए कहा कि अगर हम पंजाब जीतते हैं, तो हम पूरा भारत जीत लेंगे। जीत की शुरुआत यहीं से होनी चाहिए।

आरएसएस का युवा, सोशल मीडिया व आरक्षण पर अपना रुख साफ

मुद्दे उठाना जेन-जी का अधिकार, उन्हें देशविरोधी न समझें : होसबाले

इंदौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने बदलते सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य के बीच युवा पीढ़ी, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, आरक्षण, नक्सलवाद और संगठन विस्तार जैसे मुद्दों पर अपना रुख स्पष्ट किया है। इंदौर में आयोजित बैठक के बाद संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने विभिन्न विषयों पर अपनी बात रखी। होसबाले ने कहा कि जेन-जी का मुद्दे उठाना और अपनी बात रखना अधिकार है। युवा पीढ़ी को देशविरोधी नहीं समझा जाना चाहिए, लेकिन अराजक शक्तियों द्वारा उन्हें भड़काकर हिंसा और अशांति फैलाना गलत है। युवाओं में व्यवस्था के प्रति विरोध का भाव स्वाभाविक है, लेकिन इसका राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। संघ युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए विशेष योजना बनाएगा और नशे की गिरफ्त में आए युवाओं की काउंसलिंग भी की जाएगी।

सोशल मीडिया पर परिवार और संस्कारों पर जोर : सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर उन्होंने कहा कि केवल कानून बनाकर इस समस्या का समाधान आसान नहीं है। कई देशों में नियम बनाए जा रहे हैं, लेकिन भारत में परिवार और संस्कारों के माध्यम से इसके दुष्प्रभावों को कम किया जा सकता है।



एसआईआर-मंदिर मामलों पर भी रखी बात

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर उन्होंने कहा कि मतदाता का नाम उसी स्थान की सूची में होना चाहिए, जहां वह वास्तव में रहता है। गैर-नागरिकों का मतदाता सूची में शामिल होना देशहित में उचित नहीं है। मंदिर मामलों पर उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण का संकल्प पूरा हो चुका है, जबकि अन्य मामले अदालतों में विचाराधीन हैं और उन्हें वहीं रहने देना चाहिए।


संघ में होंगे संगठनात्मक बदलाव

होसबाले ने बताया कि संघ की क्षेत्रीय व्यवस्था में बदलाव करते हुए देशभर में 47 प्रांतों के स्थान पर 88 संभाग बनाए जाएंगे। नवम्बर-दिसम्बर में इनमें नियुक्तियां की जाएंगी। उन्होंने कहा कि संघ एक लाख नए स्थानों पर शाखाएं शुरू करने की योजना बना रहा है। वर्तमान में देशभर में 99 हजार 423 दैनिक शाखाएं, 34 हजार से अधिक साप्ताहिक मिलन और 14 हजार से अधिक मासिक मिलन संचालित हो रहे हैं।

आरक्षण व्यवस्था का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे : आरक्षण के मुद्दे पर होसबाले ने कहा कि इसे राजनीति से नहीं जोड़ना चाहिए। जिन वर्गों को आरक्षण की आवश्यकता है, उन्हें इसका लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आरक्षण एक व्यवस्था है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंदों को अवसर उपलब्ध कराना है।

दो से ज्यादा बच्चे होने पर चुनाव से रोकना गलत : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्तियों को चुनाव लड़ने से रोकने वाले कानूनों को मौजूदा परिस्थितियों में अप्रासंगिक बताया है। न्यायालय ने कहा कि देश की कुल प्रजनन दर 2003 के 3 से घटकर अब 1.9 रह गई है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने महाराष्ट्र की पूर्व सरपंच मंगला भीमराव को राहत देते हुए मामला बड़ी बेंच को भेजा है।



This festive season, make a fresh start with your favorite Kia. Explore the Kia range and enjoy exclusive festive benefits designed to make your new beginning even more special. Visit your nearest Kia dealership to know more.

Carens Clavis Range now available in Factory fitted CNG

Model	Sonet	Seltos	Syros EV	Carens Clavis	Carens Clavis EV
Total benefits	₹50 000	₹40 000	₹20 000	₹95 000	₹75 000

*Benefits available on other Kia cars as per applicability.

For more information, visit your nearest dealership or contact: 1800 108 5000 | 093195 91407 | www.kia.com | Book Kia | kiacare@kiaindia.net | Look for "Kia India" @

*Terms & condition apply. Benefits shown are the combination of exchange, loyalty, corporate, scrappage and special benefits, which are applicable on select stock, which may vary from model to model and region to region. The product shown is for representation purposes only. Actual features, colors, and specifications may not be part or standard fitment and may vary. Kia India Pvt. Ltd. reserves the right to make any changes with respect to the trims, colors, specifications, and other details of any model as mentioned or to modify/ discontinue any offer/ scheme/ service without prior notice. Kia urges you to follow traffic rules, these are meant to keep you safe on the roads. Visit your nearest Kia dealership for more details.

Paras Kia:
Medanta Road, Sri Ganganagar
Tel: 9950679525
Hanumangarh
Tel: 9694055525

नोटिफिकेशन जल्द

राजस्थान में वीडीओ के 4000 पदों पर होगी भर्ती

सीमा सन्देश

राजस्थान में ग्राम विकास अधिकारी के 4000 पदों के लिए अभ्यर्थना मिल गई है और जल्द ही इसका परीक्षण करके नोटिफिकेशन जारी कर आवेदन लिए जायेंगे। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी ने स्नातक या राज्य सरकार द्वारा निर्धारित समकक्ष योग्यता धारित की हो। इसके साथ ही उम्मीदार ने निर्धारित कंप्यूटर सर्टिफिकेट/ कंप्यूटर साइंस या कंप्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा।/ पॉलिटेक्निक संस्थान से कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग में डिप्लोमा/ आरएस सीआईटी कोर्स किया हो। देवनागरी लिपि हिंदी में कार्य करने का ज्ञान और राजस्थान की संस्कृति से परिचित होना चाहिए। न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 40 है।



दिसंबर तक 7840 पदों पर भर्ती निकलने की संभावना: राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से अगले दो महीने में कुल 7840 पदों पर भर्ती निकाली जा सकती है।

पदनाम	पदों की संख्या
ग्राम विकास अधिकारी	4000
राजस्थान पटवारी भर्ती	200
राजस्थान एनएचएम	2000
पीटीआई भर्ती	1200
कर सहायक भर्ती	300
राजस्थान कोच भर्ती	140
कुल पद	**7840**

बैंकिंग सेक्टर में नौकरियां : 3 बैंकों ने नोटिफिकेशन जारी कर मांगे आवेदन

इंडियन बैंक के लिए 25 नवंबर तक करें अप्लाई



इंडियन बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अप्रेंटिस के 1,500 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 5 नवंबर 2026 से शुरू हो रही है। इच्छुक उम्मीदवार 25 नवंबर 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। भर्ती के लिए उम्मीदवारों की उम्र 20 से 28 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आरक्षित वर्गों को सरकारी नियमों के अनुसार उम्र में छूट दी जाएगी। आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को आधिकारिक नोटिफिकेशन में दी गई सभी शर्तें ध्यान से पढ़नी चाहिए। ये पद देश के अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए रखे गए हैं। यानी उम्मीदवारों को अपने राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के अनुसार उपलब्ध पदों की जानकारी देखनी होगी। भर्ती वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 के तहत की जा रही है। नोटिफिकेशन 4 नवंबर 2026 को जारी किया गया है।

एसबीआई में मैनेजर और डिप्टी मैनेजर पदों पर भर्ती : स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने मैनेजर (सिक्योरिटी) और डिप्टी मैनेजर (सिक्योरिटी) के 60 पदों पर आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उम्मीदवार 25 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। दोनों पदों के लिए उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री होनी चाहिए। उम्र 25 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। मैनेजर पद के लिए सेना में मेजर या उससे ऊपर के पद पर कम से कम 10 साल की कमीशन सेवा जरूरी है। नौसेना और वायुसेना में इसके बराबर रैंक और सेवा अनुभव भी मान्य है। अर्धसैनिक बलों के उम्मीदवारों के लिए कम से कम 10 साल की सेवा के साथ डिप्टी कमांडेंट होना जरूरी है। डिप्टी मैनेजर पद के लिए सेना में कैप्टन या उससे ऊपर के पद पर कम से कम 5 साल की कमीशन सेवा चाहिए।

बैंक ऑफ बड़ौदा में 800+ पदों पर भर्ती : बैंक ऑफ बड़ौदा ने वेल्थ मैनेजमेंट सर्विसेज विभाग में 837 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 4 नवंबर 2026 से शुरू हो गई है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 24 नवंबर 2026 तक बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती में सबसे ज्यादा 791 पद सीनियर रिलेशनशिप मैनेजर के हैं। इसके अलावा टेरिटरी हेड के 35, ग्रुप हेड के 8, इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट मैनेजर के 2 और हेड इन्वेस्टमेंट का 1 पद शामिल है। सभी पदों पर नियुक्ति शुरूआती तौर पर पांच साल के अनुबंध पर होगी। बैंक जरूरत और उम्मीदवार के काम के आधार पर अनुबंध आगे बढ़ा सकता है।
निर्धारित शैक्षणिक योग्यता : इन पदों के लिए उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातक की डिग्री होनी चाहिए। इसके साथ पद के अनुसार जरूरी पेशेवर प्रमाणपत्र और काम का अनुभव भी मांगा गया है। सीनियर रिलेशनशिप मैनेजर के लिए कम से कम तीन साल, इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट मैनेजर के लिए पांच साल, टेरिटरी हेड के लिए आठ साल, हेड इन्वेस्टमेंट के लिए दस साल और ग्रुप हेड के लिए बारह साल का अनुभव जरूरी है।

ओएनजीसी: 3047 पदों पर वैकेंसी

ऑयल और नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) की ओर से अप्रेंटिसशिप के 3047 रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 नवंबर 2026 है। इस भर्ती में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी का पदानुसार 10वीं/ 12वीं/ आईटीआई / डिप्लोमा/ बीएससी/ बीई/ बीटेक/ बीबीए आदि उत्तीर्ण होना आवश्यक है। न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम और अधिकतम आयु 24 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। उम्मीदवारों को शैक्षिक योग्यता के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। चयनित होने वाले उम्मीदवारों को उनके रजिस्टर्ड ईमेल आईडी पर सूचित किया जायेगा। मेरिट लिस्ट 15 दिसंबर 2026 को जारी होगी। अभ्यर्थी ध्यान रखें कि शॉर्टलिस्ट हुए उम्मीदवारों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन प्रक्रिया में भी शामिल होना होगा।



10वीं और आईटीआई पास युवाओं के लिए रेलवे में भर्ती, आवेदन शुरू

रेलवे भर्ती सेल, सेंट्रल रेलवे (आरआरसी सीआर) ने अप्रेंटिस के 2,861 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। यह भर्ती मुंबई, भुसावल, पुणे, नागपुर और सोलापुर क्लस्टर के लिए निकाली गई है। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 3 नवंबर 2026 से शुरू हो चुकी है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 2 दिसंबर 2026 को शाम 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन केवल आधिकारिक वेबसाइट से ऑनलाइन करना होगा।

कौन कर सकता है आवेदन : इस भर्ती के लिए उम्मीदवार का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं या उसके बराबर की परीक्षा पास होना जरूरी है। 10वीं में कुल मिलाकर कम से कम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए। इसके साथ संबंधित ट्रेड में एनसीवीटी या एससीवीटी से मान्यता प्राप्त आईटीआई प्रमाणपत्र भी जरूरी है। केवल 10वीं पास उम्मीदवार आवेदन नहीं कर सकते। इंजीनियरिंग की डिग्री या डिप्लोमा रखने वाले उम्मीदवार भी इस नोटिफिकेशन के तहत पात्र नहीं हैं। जिन उम्मीदवारों की अप्रेंटिस ट्रेनिंग पहले से चल रही है या जो पहले यह प्रशिक्षण पूरा कर चुके हैं, वे भी आवेदन नहीं कर सकते।
कितना मिलेगा स्टाइपेंड: चयनित उम्मीदवारों को एक साल की अप्रेंटिस ट्रेनिंग दी जाएगी। इस दौरान हर महीने 9,600 रुपये स्टाइपेंड मिलेगा। उम्मीदवार की उम्र 3 नवंबर 2026 को कम से कम 15 साल और अधिकतम 24 साल होनी चाहिए।

जॉब्स इन ब्रीफ

भारतीय रेलवे में भर्ती



पदों की संख्या **2008**

पदनाम अप्रेंटिस

आवेदन प्रक्रिया 23 अक्टूबर से 22 नवंबर

योग्यता 10वीं पास, आईटीआई

चयन प्रक्रिया

मेरिट लिस्ट जारी होगी। दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल एग्जाम होगा। आयु अधिकतम 24 साल निर्धारित है।

बीएचईएल (लिमिटेड)



पदों की संख्या **660**

पदनाम : फिटर, वेल्डर, टर्नर सहित अन्य

आवेदन प्रक्रिया 21 अक्टूबर से 18 नवंबर

आयु सीमा अधिकतम 27 वर्ष।

योग्यता

दसवीं और आईटीआई। चयन प्रक्रियाः ऑनलाइन परीक्षा होगी और इसके बाद दस्तावेज सत्यापन किया जाएगा।

दिल्ली टेक्नो. यूनिवर्सिटी भर्ती



पदों की संख्या **219**

पदनाम असिस्टेंट प्रोफेसर

आवेदन प्रक्रिया 22 अक्टूबर से 7 दिसंबर

आयु सीमा डीटीयू.एसी.इन वेबसाइट देखें

योग्यता और चयन प्रक्रिया

संबंधित विषय में मास्टर डिग्री, नेट/गेट पास या पीएचडी। चयन प्रक्रिया के तहत स्क्रीनिंग होगी, दस्तावेज सत्यापन किया जाएगा, टीचर एप्टीट्यूड प्रेजेंटेशन और इंटरव्यू होगा।

मोदी संस्थान के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का शुभारंभ



लक्ष्मणगढ़।

मोदी संस्थान में सोमवार को दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का उत्साहपूर्ण शुभारंभ हुआ। पहले दिन खेल प्रतियोगिताएं, अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम), संगीतमय प्रस्तुतियां और पुरस्कार वितरण समारोह आकर्षण का केंद्र रहे।

विद्यालय की प्राचार्या अरुंधती शुक्ला ने अतिथियों का पारंपरिक स्वागत कर कार्यक्रम की शुरूआत की। खेल दिवस पर छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि प्रख्यात पैरा एथलीट एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता संदीप सिंह मान ने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति, निरंतर परिश्रम और आत्मविश्वास सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने छात्राओं से चुनौतियों को अवसर मानकर लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। द्वितीय सत्र में आयोजित पीटीएम में छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति, व्यक्तित्व विकास और भविष्य की योजनाओं पर अभिभावकों एवं शिक्षकों ने विस्तार से चर्चा की।

सायंकालीन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. श्रुति नाडा पोद्दार, नेशनल प्रेसिडेंट, कल्चर एंड हेरिटेज काउंसिल एवं फिक्की सम्मानित शिक्षाविद् की उपस्थिति में ऑर्केस्ट्रा की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

प्राचार्या ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा विद्यालय उप-प्रधान छात्रा चहक सिंहल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। वार्षिकोत्सव के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विद्यालय परिवार में उत्साह बना हुआ है।

बीडीआईएस में उल्लास से मनाया दीपावली महोत्सव

श्रीगंगानगर।





ब्लूमिंग डेल्स इंटरनेशनल स्कूल में दीपावली महोत्सव हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारती चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सोहन लाल सिहाग, सचिव अजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्याम जैन, ट्रस्टी डॉ. सुरेन्द्र ढाका तथा प्रधानाचार्या डॉ. मीतू शर्मा ने लक्ष्मी पूजन के साथ किया। उन्होंने दीपावली के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। महोत्सव की शुरूआत एक दिन पूर्व केजी कक्षा के विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुतियों से हुई। बच्चों ने फुलझड़ियां जलाकर, मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर और संगीत की धुनों पर थिरकते हुए दीपोत्सव की खुशियां मनाईं। विद्यालय परिसर को दीपों, कंडीलों, रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक रंगोलियों से सजाया गया, जिसने सभी का मन मोह लिया। बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया। प्रातःकाल विद्यालय परिसर में प्रबंध समिति की ओर से शाला परिवार के लिए स्नेह मिलन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के इंटरनेशनल सुमेरू संध्या गायक रोहित श्रीधर एवं उनकी टीम ने भक्ति संगीत की मनमोहक प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रबंध समिति ने संस्था से जुड़े प्रत्येक कर्मचारी को दीपावली की शुभकामनाओं के साथ मिठाई और उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

जैन कन्या महाविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

श्री आत्म वल्लभ जैन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कॉलेज निदेशक डॉ. संजय अरोड़ा ने बताया कि आर.एक्स. प्लेसमेंट के तत्वावधान में आयोजित इस प्लेसमेंट ड्राइव में कॉलेज की 65 छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें से 8 छात्राओं का चयन किया गया। प्राचार्या डॉ. पंकजलता ने बताया कि चयन प्रक्रिया तीन चरणों में हुई। प्रथम चरण में छात्राओं की योग्यता एवं ज्ञान मूल्यांकन हेतु लिखित परीक्षा रखी गई। द्वितीय चरण में ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से छात्राओं के संवाद कौशल, विचारों एवं टीम भावना का आंकलन किया गया। तृतीय चरण में व्यक्तिगत साक्षात्कार में सफल होने पर बी.सी.ए. की छात्रा सिमरन, नव्या भाटिया, नुपुर, माही अग्रवाल व कशिश, बी.कॉम की छात्रा स्वीटी बुडानिया, एम.बी.ए. की छात्रा खुशी टांटिया तथा बी.बी.ए. की छात्रा गुरप्रीत कौर का चयन किया गया।

इग्नू ने असाइनमेंट व प्रोजेक्ट के लिए शुरू की डिजिटल सुविधा

श्रीगंगानगर।


इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने विद्यार्थियों को सरल, समयबद्ध और बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से डिजिटल पहल की है। विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम (ओपीएमएस) एवं ऑनलाइन असाइनमेंट मैनेजमेंट सिस्टम (ओएएमएस) शुरू किए हैं। इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. जसप्रीत सिंह ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत विद्यार्थी असाइनमेंट, प्रोजेक्ट रिपोर्ट और शोध कार्यों से जुड़े दस्तावेज ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। अब अध्ययन केंद्र पर हार्ड कॉपी जमा करवाने की आवश्यकता नहीं होगी। ओपीएमएस पोर्टल से प्रोजेक्ट तथा ओएएमएस पोर्टल से असाइनमेंट अपलोड किए जा सकेंगे। इससे कागजी कार्यवाही कम होगी और प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। दिसंबर 2026 परीक्षा के लिए असाइनमेंट अपलोड की अंतिम तिथि 20 नवंबर तथा प्रोजेक्ट अपलोड की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित की गई है।

दीपोत्सव केवल दीप जलाने का नहीं, बल्कि प्रेम, स्वच्छता और सद्भाव की ज्योत जगाने का पर्व: श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारें: स्वामी ब्रह्मदेव

श्रीगंगानगर।

सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः, सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद् दुःख भाग भवेत। अर्थात संसार में सभी सुखी रहें, सभी निरोग रहें, सभी का जीवन मंगलमय हो और किसी को भी दुख का भागी न बनना पड़े। इसी मंगलकामना के साथ दीपावली के पावन पर्व पर श्री जगदंबा अंध विद्यालय के संस्थापक व पद्म श्री स्वामी ब्रह्मदेव जी ने समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। स्वामी ब्रह्मदेव ने दीपावली को केवल रोशनी और उत्सव का त्योहार न मानकर स्वच्छता, पवित्रता, आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बताते हुए लोगों से इसके वास्तविक संदेश को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

स्वामी ब्रह्मदेव ने कहा कि दीपावली भारतवर्ष का ऐसा महापर्व है, जिसकी रोशनी देश के कोने-कोने को आनंद और उल्लास से भर देती है। यह महालक्ष्मी और भगवान गणपति के पूजन का पर्व है। मान्यता



है कि इस दिन घरों में सुख-समृद्धि और खुशहाली का स्वागत किया जाता है। लेकिन इस त्योहार का वास्तविक महत्व केवल घरों को सजाने, दीप जलाने और पूजा-अर्चना करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमें अपने जीवन, विचारों, व्यवहार और आसपास के वातावरण को भी स्वच्छ एवं पवित्र बनाने की प्रेरणा देता है।

दीपावली पर जिस प्रकार हम अपने घरों की साफ-सफाई करते हैं, उसी प्रकार हमें अपने आसपास के वातावरण को भी स्वच्छ रखना चाहिए। प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों से बचना और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देना आज समय की आवश्यकता है। दीपावली का आनंद तभी सार्थक होगा, जब इसकी खुशियों के साथ प्रकृति और समाज का भी ध्यान रखा जाए।

स्वामी ब्रह्मदेव जी ने पुराने समय की दीपावली को याद करते हुए बताया कि जब बचपन में यह त्योहार मनाया जाता था, तब हर घर, चौराहे, जोहड़ और कुएं के किनारे दीपक ही दीपक दिखाई देते थे। चारों ओर मिट्टी के दीपकों की रोशनी से वातावरण जगमगाता था। उस समय पटाखों और प्रदूषण का चलन बहुत कम था। लोग अपने घरों में ही देसी घी से शुद्ध और स्वादिष्ट मिठाइयां तैयार करते थे तथा रिश्तेदारों और पड़ोसियों में प्रेमपूर्वक बांटते थे। लोग एक-दूसरे के घर जाकर मिलते, शुभकामनाएं देते और मिल-जुलकर त्योहार की खुशियां मनाते थे। उस समय दीपावली का सबसे बड़ा आकर्षण आपसी अपनापन और सामाजिक मेल-जोल हुआ करता था।

जीवन में श्रद्धा, विश्वास और प्रेम का भी आदान-प्रदान करें

स्वामी ब्रह्मदेव ने कहा कि रामायण से मिलने वाली सबसे बड़ी शिक्षा भी यही है कि मनुष्य को एक-दूसरे के साथ मिल-जुलकर रहना चाहिए। समाज में प्रेम, विश्वास और सहयोग की भावना होनी चाहिए। दीपावली ऐसा अवसर है, जब लोग एक-दूसरे को उपहार और मिठाइयां देकर अपने रिश्तों में मिठास घोलते हैं। उपहार केवल वस्तु का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि एक-दूसरे के प्रति सम्मान, स्नेह और सद्भाव व्यक्त करने का माध्यम है। इसी प्रकार हमें अपने जीवन में श्रद्धा, विश्वास और प्रेम का भी आदान-प्रदान करते रहना चाहिए। दीपावली के अवसर पर स्वामी ब्रह्मदेव जी की ओर से सभी से अपील की गई कि वे पटाखों के प्रदूषण से बचते हुए सावधानी और प्रसन्नता के साथ त्योहार मनाएं। आपसी प्यार और सौहार्द बनाए रखें तथा समाज में खुशियों का प्रकाश फैलाएं।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक दीपक दूसरे दीपक को जलाकर स्वयं भी प्रकाशमान रहता है और दूसरों को भी रोशनी देता है, उसी प्रकार प्रत्येक व्यक्ति को अपने प्रेम, सद्भाव और विश्वास से दूसरों के जीवन में खुशियों की ज्योत जलानी चाहिए। पूरे भारतवर्ष को प्रेम और श्रद्धा के ऐसे सूत्र में पिरोने का संकल्प लेना चाहिए, जिसमें जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता सर्वोपरि हो।

उन्होंने कहा कि दीपावली का वास्तविक संदेश यही है कि घरों में दीपक जलाने के साथ-साथ दिलों में भी प्रेम की ज्योत जलाएं। स्वच्छ वातावरण, निर्मल विचार, मधुर वाणी और मजबूत सामाजिक रिश्ते ही इस पर्व की सच्ची पहचान हैं। प्रभु श्रीराम की कृपा और महालक्ष्मी का आशीर्वाद सभी पर बना रहे। जय श्रीराम!

वाणी, विचार और व्यवहार में भी स्वच्छता होनी चाहिए

स्वामी ब्रह्मदेव ने कहा कि दीपावली हमें यही सीख देती है कि स्वच्छता केवल घर और सड़कों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि हमारी वाणी, विचार और व्यवहार में भी स्वच्छता होनी चाहिए। हमारे शब्द मधुर और पवित्र हों, हमारा वातावरण स्वच्छ हो और हमारा हृदय ईर्ष्या, द्वेष तथा कटुता से मुक्त हो। जब मन और वाणी निर्मल होंगे, तभी समाज में वास्तविक प्रेम और सद्भाव का वातावरण बनेगा।

स्वामी ब्रह्मदेव ने कहा कि भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन का प्रसंग भी दीपावली के इसी संदेश को उजागर करता है। जब प्रभु श्रीराम लंबे वनवास के बाद अयोध्या पहुंचे, तो पूरी नगरी खुशियों से सराबोर हो गई। प्रत्येक व्यक्ति की इच्छा थी कि उसे प्रभु श्रीराम के दर्शन हों और वह उनसे मिल सके। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीराम ने अपने भक्तों को प्रसन्न करने के लिए अनेक रूप धारण कर सभी से व्यक्तिगत रूप से भेंट की और उन्हें गले लगाया। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि सच्ची खुशी दूसरों से मिलने, उन्हें अपनाने और उनके साथ प्रेम बांटने में है। इसलिए दीपावली गले मिलने, खुशियां बांटने और आपसी संबंधों को मजबूत बनाने का भी त्योहार है।

मौसम

अधिकतम 31.7° | न्यूनतम 18.3°

आर्द्रता

सुबह 85% | शाम 56%

विंड स्पीड

2-6KM/h

आज का सूर्यास्त

05:45PM

कल का सूर्योदय

06:52AM

मुख्यतः आसमान साफ रहेगा।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,42,330

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,31,650

चांदी (प्रति किलो) ₹1,88,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

सरपंच-पंच पद के लिये मतदान आज

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में पंचायती राज आम चुनाव में तृतीय चरण के तहत पंचायत समिति विजयनगर, सूरतगढ़ व राजियासर क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में पंच व सरपंच पद के लिए 5 नवम्बर 2026 को मतदान होगा। मतदान प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव ने बताया कि तृतीय चरण में पंचायत समिति विजयनगर, सूरतगढ़ व राजियासर क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में पंच एवं सरपंच पद के लिए मतदान होगा। 5 नवम्बर को मतदान समाप्ति के तुरन्त बाद ग्राम पंचायत पर मतगणना होगी। 6 नवम्बर को उपसरपंच का चुनाव होगा।

महालक्ष्मी पूजन का पोस्टर जारी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सिद्ध धाम श्री खाटू श्याम धाम मंदिर, सुदामानगर में महालक्ष्मी दीपावली पूजन पोस्टर का विमोचन श्याम श्रद्धालुओं की उपस्थिति में किया गया। मंदिर के मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि प्रतिवर्ष इन पोस्टरों का वितरण किया जाता है, जिन्हें दीपावली की रात लक्ष्मी पूजन के समय उपयोग किया जाता है। श्रद्धालु मंदिर प्रांगण से पोस्टर निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। मंदिर की ओर से प्रतिवर्ष तिथि पत्रिका (पंचांग) का प्रकाशन भी किया जाता है।

बाल विवाह रोकने के लिए होंगे आयोजन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। राज्य सरकार के निर्देशानुसार बाल विवाह की रोकथाम तथा बाल विवाह के उन्मूलन के लिए 27 नवम्बर को अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जायेगा। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जागरूकता मॉडयूल के तहत बाल विवाह की रोकथाम के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी।

पारंपरिक परिधानों और स्मार्ट गैजेट्स से बाजार गुलजार; ईको-फ्रेंडली फैब्रिक बने पहली पसंद

दीपावली की शुभकामनाओं के साथ उपहार में मिठाई की जगह ड्राई फ्रूट्स देने का चलन बढ़ा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



भैया, जरा इस साड़ी को खोलकर दिखाना, रंग बहुत खिल रहा है! ... अरे भाई, इस कुर्ता-पायजामा में थोड़ा बड़ा साइज देना! गोल बाजार के ठीक बीचों-बीच खड़े होकर जब आप चारों तरफ नजर दौड़ाएंगे, तो आपको कुछ ऐसा ही नजारा दिखाई देगा। इस समय श्रीगंगानगर के मुख्य बाजारों—गोल बाजार, पुरानी आबादी के मुख्य मार्गों, सुखाड़िया सर्कल और बिरबल चौक का हाल यह है कि बड़ी संख्या में लोग दीपावली और विवाह समारोह को देखते हुए खरीददारी करने के लिए दुकानों पर पहुंच रहे हैं। बाजार की रौनक और ग्राहकों की चहल-पहल देखकर ऐसा लगता है जैसे पूरा शहर अपनी-अपनी जरूरत के हिसाब से सामन लेने पहुंचा है। आगरा टिक्की वाली गली और स्वामी दयानन्द मार्ग पर तो वाहनों की अधिक आवाजाही के कारण दिन में कई बार जाम की स्थिति बनने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर बाजार में खरीददारी के लिए लोग पहुंच रहे है वहीं वाहन पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण कई वाहर चालक सड़क के बीच में ही वाहन रोक कर खरदीदारी करने पहुंच जाते हैं। कुछ तो ऐसे भी जो वाहनों में बैठे रहते। इसके चलते बाजार क्षेत्र के दुकानदार को भी इन दिनों थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कपड़ों की दुकानों पर उमड़ी भीड़

नया कपड़ा पहनकर दीवाली मनाना हमारी संस्कृति की वह रवायत है, जो हर साल बाजारों में नई जान फूंक देती है। इस बार गारमेंट्स और टेक्सटाइल मार्केट का हाल यह है कि दुकानदारों को सांस लेने की भी फुरसत नहीं है। दुकानदार पेंट शर्ट, साड़ी सहित अन्य परिधानों पर ऑफर दे रहे हैं। और तो और सोशल मीडिया के इस दौर में एआई से अपनी दुकान ओर इसकी पोस्ट बनाकर भी वायरल कर रहे हैं। दुकानों के बाहर सजे डिस्प्ले पर टंगे नए ट्रेड के कपड़े ग्राहकों को अपनी ओर खींच रहे हैं। महिलाओं में हैंडलूम सिल्क और बनारसी साड़ियों की खरीदारी का क्रेज देखते ही बनता है। वहीं, युवा वर्ग के बीच आधुनिक स्टार्टअप्स द्वारा तैयार किए गए सस्टेनेबल और ईको-फ्रेंडली फैब्रिक का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है।

गिफ्टिंग का बदला दौर: मिलेट्स और हर्बल टी-हैम्पर भी ट्रैड में

इस बार की दीवाली पर तोहफों का चलन पूरी तरह बदल चुका है। दुकानों चीनी और मैदे से बनी पारंपरिक मिठाइयों के डिब्बों की जगह अब सेहतमंद सौगातों ने ले ली है। लोग इस बार धड़ल्ले से ऑर्गेनिक ड्राई फ्रूट्स, श्रीअन्न (मिलेट्स) से बनी कुकीज और हर्बल टी-हैम्पर खरीद रहे हैं।

तहबाजार स्थित महालक्ष्मी ट्रैर्डस के विकास कुमार के अनुसार पहले लोग सिर्फ मिठाई का आदान प्रदान करते हुए दीपावली की शुभकामनाएं देते थे। अब लोग काजु,बादाम, किसमीश, पिस्ता की पैकिंग के साथ चॉकलेट की पैकिंग करवा रहे हैं। अलग-अलग के ड्राई फ्रूट्स की पैकिंग अधिक महंगी भी नहीं पड़ती और यह स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद भी रहती है।

दीपावली पर ऑफर भी है

इस बार जो बाजार में पिछले साल के मुकाबले काम ठीक है। सबसे बड़ी बात यह है कि लोग आधुनिक और विदेशी कपड़ों की बजाय अपनी परंपरा की तरफ लौटे हैं। इसके अलावा, जो युवा पीढ़ी पहले सिर्फ ब्रांडेड या सिंथेटिक कपड़ों के पीछे भागती थी, वो इस बार आधुनिक स्टार्टअप्स द्वारा लाए गए सस्टेनेबल और ईको-फ्रेंडली फैब्रिक की माँग कर रही है। दुकान पर शर्ट और पेंट के कई ऑफर भी लगाए है। सबसे बड़ी बात यह है कि कस्टमर जिस रेट में पहले एक शर्ट ही ले पाता था अब उतने पैसे में हम उसे तीन शर्ट दे रहे है। बाबा रामदेव मन्दिर के पास परिचित की कम्बल,चद्दरों व दुपट्टे की दुकान है। इस बार तो उसने भी दीपावाली पर ऑफर निकाल रखा है। - **रणजीत सिंह, ए वन क्लॉथ श्रीगंगानगर**



ड्राई फ्रूट और कुकीज गिफ्ट की मांग

सच कहूँ तो इस बार दीवाली के तोहफों का चलन ही पूरी तरह बदल गया है। पहले लोग डब्बों भरकर मिठाइयाँ और सोनपापड़ी ले जाते थे, लेकिन इस बार हमारे काउंटर पर आते ही ग्राहक सबसे पहले मिलेट्स से बनी कुकीज, ऑर्गेनिक ड्राई फ्रूट्स और हर्बल टी-हैम्पर की माँग करते हैं। लोग अब अपनों को ऐसी चीजें गिफ्ट करना चाहते हैं जो स्वाद के साथ सेहतमंद भी हों। कॉर्पोरेट सेक्टर से जुड़े लोग और आम परिवार भी अब कह रहे हैं कि भैया, इस बार कुछ ऐसा दो जो सेहत के लिए भी अच्छा हो। अधिकांश तो मिठाई देने के ड्राई फ्रूट्स देना अधिक पसंद कर रहे हैं। बदलते ट्रैड को देखते हुए इस बार मैने भी कई डिब्ब मंगवाए थे अब केवल 4-5 रहे हैं वो भी बिक जाते लेकिन घरवालों ने इस बार परिवार में मिठाई की जगह इसे ही देने की सोची है। इसलिए अलग ही रखे हुए है।



- **शुभम मित्तल, मित्तल ट्रैडर्स तह बाजार**

घरों की स्मार्ट उपकरणों की मांग

घरों की साफ-सफाई और रंग-रोगन के बाद अब बड़ी-बड़ी इलेक्ट्रॉनिक दुकानों पर ग्राहकों का तांता लगा हुआ है। घरों की सुख-सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए स्मार्ट गैजेट्स और एनर्जी-एफिशिएंट होम अप्लायंसेज की मांग में जबरदस्त तेजी है। कोई अपने नए आशियाने के लिए स्मार्ट एलईडी टीवी खरीद रहा है, तो कोई बिजली की बचत करने वाले इन्वर्टर एसी और ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन बुक करा रहा है।

फैंसी लाइट का स्टॉक खत्म हो गया

दीवाली पर घरों की साफ-सफाई और सजावट के बाद अब असली जोर घर की सुख-सुविधाओं को अपग्रेड करने पर है। दुकान पर फैन्सी लड़ियां मंगवाई थी। 250 रुपए प्राइज था। लोग मकान की सवाजट के लिए सामान अधिक खरीद रहे हैं। वहीं गोल बाजार के इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम संचालक विकास ग्रोवर ने बताया कि सबसे ज्यादा डिमांड स्मार्ट गैजेट्स और एनर्जी-एफिशिएंट होम अप्लायंसेज की है। ग्राहक अब बिजली की बचत करने वाले इन्वर्टर एसी, स्मार्ट एलईडी टीवी, ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन और किचन के आधुनिक उपकरण सबसे पहले पसंद कर रहे हैं। लोग पुराने उपकरणों को बदलकर स्मार्ट और ऊर्जा-बचत करने वाले नए मॉडल्स अपने घर ले जा रहे हैं। हर कोई चाहता है कि इस दीवाली उनका आशियाना पूरी तरह आधुनिक और सुविधाजनक बने।



- **मनोज शर्मा, राधे इलेक्ट्रीकल्स**

प्लॉट विवाद में मारपीट, पुरूष को सजा, महिला को परिवीक्षा का लाभ

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। करीब 12 साल पुराने मारपीट और रास्ते रोकने के एक मामले में अदालत ने अभियुक्त हरीराम को दोषी करार देते हुए विभिन्न धाराओं में कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है, जबकि महिला केसर देवी को सुधार का अवसर देते हुए अपराधी परिवीक्षा अधिनियम का लाभ दिया है। मामले के अनुसार 1 नवंबर 2014 को परिवादी मोहनलाल निवासी पनियावाला माटो, हरियाणा ने पुलिस थाना सदर, श्रीगंगानगर में पर्चा बयान दर्ज कराया था कि वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ गावं 4 एमएल आया था। उनका ताऊ हरीराम से पिछले 15-20 सालों से प्लॉट को लेकर विवाद चल रहा था। हरीराम ने मना करने के बावजूद उनकी जगह में दीवार निकाल ली थी। जब परिवादी पक्ष ने इसका विरोध किया, तो हरीराम, सुरेन्द्र, चंदावती और केसर ने उनके साथ लाठी-थानों से मारपीट की, जिससे परिवादी और उसकी माता को चोटें आईं। पुलिस ने इस बयान पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान के बाद अदालत में आरोप-पत्र पेश किया। अदालत ने अभियुक्त हरीराम पुत्र बस्तीराम निवासी चार एमएल को धारा धारा 341 में 1 माह का साधारण कारावास एवं 500 रुपए अर्थदंड , धारा 323/34 में 6 माह का साधारण कारावास एवं 1,000 रुपए अर्थदंड और धारा धारा 325/34 में 2 वर्ष का साधारण कारावास एवं 5,000 रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। वहीं सह-अभियुक्ता केसर देवी को एक वर्ष की अवधि के लिए व्यक्तिगत मुचलके और शपथ पत्र पर परिवीक्षा अधिनियम की धारा 4 के तहत लाभ दिया गया है।

फर्जी दस्तावेज व गलत नाम से ट्रैक्टर फाइनेंस कराने वालों को कारावास

प्रत्येक को 1.75 लाख रुपए जुर्माना भी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सोनालिका ट्रैक्टर फाइनेंस करवाकर धोखाधड़ी करने के मामले में न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने अभियुक्तों जगजीत सिंह और विनोद कुमार को विभिन्न धाराओं में दोषी करार देते हुए कुल 5 वर्ष तक के कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। परिवादी फर्म हिन्दूजा लीलैण्ड फाइनेंस लिमिटेड शिव चौक, श्रीगंगानगर के लीगल ऑफिसर राजकुमार विश्नोई की ओर से न्यायालय में इस्तगासा पेश किया गया था। आरोप था कि मुख्य अभियुक्त जगजीत सिंह ने फाइनेंस कंपनी में जगसीर सिंह बनकर फर्जी दस्तावेज राशन कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस और शपथ पत्र पेश किए। अभियुक्त ने अनूपगढ़ के चक 1 ए.ए. का निवासी बताकर कंपनी से सोनालिका ट्रैक्टर खरीदने के लिए 4,25,000/- रुपये का ऋण लिया। इस दौरान अभियुक्त विनोद कुमार ने पूरी सच्चाई जानते हुए भी उसकी जमानत ली और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ट्रैक्टर फाइनेंस करवा लिया। ऋण लेने के बाद से अभियुक्तों ने एक भी किश्त जमा नहीं कराई और ट्रैक्टर को अन्यत्र बेचकर खुर्द-बुर्द कर दिया। कंपनी के कर्मचारियों द्वारा जांच करने पर मुख्य अभियुक्त का असली नाम जगजीत सिंह पुत्र अमरजीत सिंह सामने आया। विचारण के बाद न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों जगजीत सिंह पुत्र अमरजीत सिंह निवासी चक 1 ए (ए) अनूपगढ़ और विनोद कुमार पुत्र राजाराम निवासी 17 जीएम थाना रामसिंहपुर के धारा 406 व 419 में 3-3 साल कारावास व 25-25 हजार रुपए जुर्माना, धारा 420 ,467, 468,471 व 120 बी सभी में 5-5 साल कारावास व 25-25 हजार रुपए जुर्माने से दण्डित किया है। जुर्माना नहीं देने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

दीपोत्सवः खील-बताशों की मिठास के साथ चमकीं लक्ष्मी-गणेश की तस्वीरें

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

रोशनी और दीपोत्सव के पर्व दीपावली को लेकर शहर का बाजार पूरी तरह से सजकर तैयार हो गया है। शहर के मुख्य बाजार सहित कॉलोनियों तक त्योहारी रौनक झलकने लगी है। दीपावली पर मां लक्ष्मी के पूजन के लिए आवश्यक सामग्री—खील, मखाना, पतीसा, पतासे (छोटे व बड़े) तथा चीनी से निर्मित पारंपरिक रंग-बिरंगी गुड़ियाएं व खिलौने शहर की प्रमुख दुकानों और विशेष स्टॉलों पर बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। आधुनिक पैकेज्ड मिठाइयों के दौर में भी चीनी के खिलौनों और पारंपरिक खील-बताशों की मांग में कोई कमी नहीं आई है, जो ग्रामीण और शहरी दोनों संस्कृतियों के जुड़ाव को दर्शाती है। दुकानदारों का कहना है कि इन पारंपरिक वस्तुओं की मुख्य बिक्री दीपावली से दो-तीन दिन पूर्व जोर पकड़ती है। स्थानीय निवासियों का रुझान अमूमन धनतेरस के आसपास या उसी दिन खरीदारी करने का रहता है, जबकि दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोग समय की सुविधा को देखते हुए पहले ही खरीदारी कर रहे हैं।



दीपावली पर्व पर होती है विशेष बिक्री : शहर में सनातन धर्म महावीर दल मंदिर के सामने स्थित श्रद्धा वैरायटी स्टोर के संचालक सुनील शर्मा ने बताया कि शहर में पतासे, चीनी निर्मित रंग-बिरंगी गुड़िया व खिलौने, खील, मखाने, चीनी से बनने वाली खट्टी मीठी गोलियां, टोफियां सहित गज्जक आदि का काम हमारे यहां तीन पीढ़ियों से किया जा रहा है। वैसे तो इन सबकी बिक्री पूरे साल चलती है लेकिन पूजन सामग्री के रूप में खील, मखाने, रंगीन गुड़िया-खिलौने आदि की बिक्री दीपावली त्योहार पर ही ज्यादा होती है। ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग ऑर्डर देकर भी इन्हें तैयार करवाते हैं। इन कनफेक्शनरी आइटम्स में प्रतिकिलो 20 से 30 रुपये बढ़ोतरी हुई है।





पूजन और घरेलू सजावटी सामान की खरीददारी अभी से शुरू

चित्रों और फ्रेमिंग की दुकानों पर उमड़ी भीड़: लक्ष्मी पूजन के अनिवार्य अंग माने जाने वाले पाठा (लक्ष्मी-गणेश जी के पारंपरिक चित्र), विभिन्न देवी-देवताओं के स्वरूप और आकर्षक प्राकृतिक सीनरीज की भी खरीददारी की जा रही है। शहर के प्रमुख पिक्चर हाउसेज और फोटो फ्रेमिंग स्टोर्स पर ग्राहकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। लोग अपनी मनपसंद देवी-देवताओं और शुभ-लाभ के चित्रों को विशेष फ्रेम में तैयार करवा रहे हैं ताकि दीपावली की रात घर के पूजा स्थल को अलौकिक रूप दिया जा सके। शहर के अंबेडकर सर्किल के आसपास, दुर्गा मंदिर क्षेत्र, उदाराम चौक और पुरानी आबादी टावर रोड जैसे व्यस्त इलाकों में सजी दुकानों और अस्थायी स्टॉलों पर रंग-बिरंगे फोटो चित्रों ने बाजार की खूबसूरती में चार चांद लगा दिए हैं। लोगों में पारंपरिक पूजन सामग्रियों के प्रति खासा उत्साह देखा जा रहा है।



स्वास्तिक, शुभ-लाभ जैसे अन्य स्टीकर का ट्रेंड : दीपावली पर घरों और प्रतिष्ठानों को सजाने के लिए धार्मिक चिन्हों वाले स्टीकर का खास ट्रेंड देखने को मिल रहा है। मां लक्ष्मी के चरण चिह्न, शुभ-लाभ, स्वास्तिक, श्री गणेश और कमल के फूल की आकृति वाले आकर्षक स्टीकर लोगों की पहली पसंद बन रहे हैं। विशेष रूप से लक्ष्मी पूजन के अवसर पर लोग अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और पूजा स्थलों के मुख्य द्वार पर इन स्टीकरों को लगाकर सुख-समृद्धि और शुभता का प्रतीक मानते हैं। बाजार में गोल्डन, सिल्वर, रंग-बिरंगे और डिजाइनर स्टीकर की कई आकर्षक वैरायटी उपलब्ध हैं। इनमें पारंपरिक धार्मिक प्रतीकों के साथ आधुनिक डिजाइन का भी सुंदर समावेश किया गया है। व्यापारियों के अनुसार, कम कीमत, आकर्षक डिजाइन और आसानी से लगाने की सुविधा के कारण युवा पीढ़ी भी इन्हें काफी पसंद कर रही है।

जैसलमेर की शिल्पकला से निखर रहा श्री झांकी वाले बालाजी मंदिर का स्वरूप



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। राजस्थान की स्वर्णनगरी जैसलमेर अपने पीले बलुआ पत्थर से निर्मित भव्य मंदिरों, हवेलियों और किलों की अद्भुत वास्तुकला के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। सूर्य की किरणें अथवा कृत्रिम प्रकाश पड़ते ही इन पत्थरों की सुनहरी आभा उन्हें अनूठा आकर्षण प्रदान करती है। अब इसी ऐतिहासिक स्थापत्य परंपरा की झलक श्रीगंगानगर के सिद्ध पीठ श्री झांकी वाले बालाजी मंदिर में भी दिखाई देने लगी है। मंदिर का पुनरुद्धार जैसलमेर के विशेष पीले बलुआ पत्थर से किया जा रहा है, जिससे इसका स्वरूप और अधिक भव्य एवं आकर्षक बन रहा है।


पारंपरिक शिल्पकला का जीवंत उदाहरण : भजन मंडल के वरिष्ठ सदस्य एवं भजन लेखक शंकरलाल अग्रवाल के निर्देशन में मंदिर की बाहरी दीवारों पर उत्कृष्ट पत्थर शिल्प उकेरे जा रहे हैं। इनमें फूल-पत्तियों की बारीक नक्काशी, पारंपरिक ज्यामितीय आकृतियां, कलात्मक स्तंभ, सुंदर झरोखे तथा विभिन्न शिल्प रूपांकन विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। कुशल शिल्पकार अत्यंत बारीकी और धैर्य के साथ प्रत्येक पत्थर को तराश रहे हैं, जिससे मंदिर की भव्यता में निरंतर निखार आ रहा है। यह कलाकारी राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक और स्थापत्य विरासत को सजीव रूप में प्रस्तुत करती है।

श्रद्धा, सेवा और समर्पण का प्रतीक बनेगा मंदिर : मंदिर के मुख्य सेवादार प्रेम अग्रवाल 'गुरुजी' ने बताया कि जैसलमेर का पीला बलुआ पत्थर अपनी प्राकृतिक सुंदरता, मजबूती और उत्कृष्ट नक्काशी क्षमता के कारण देश-विदेश में विशिष्ट पहचान रखता है। इसी विशेषता को ध्यान में रखते हुए मंदिर के पुनरुद्धार में इसका उपयोग किया जा रहा है। सिद्ध पीठ श्री झांकी वाले बालाजी भजन मंडल के प्रधान सुरेन्द्र चौधरी तथा ट्रस्ट अध्यक्ष नरेश गोयल ने कहा कि पुनर्निर्मित मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था, सेवा और समर्पण का प्रतीक बनेगा।

जैसलमेर की पारंपरिक शिल्पकला से सुसज्जित यह मंदिर भविष्य में श्रीगंगानगर की धार्मिक, सांस्कृतिक और स्थापत्य पहचान को नई ऊंचाई प्रदान करेगा।



वर्ग पहली क्रमांक 7970



ó बायें से दायें:- 1) पृथ्वी, 12) पचास प्रतिशत, पछतावा, 3) अल्पतम, 6) छाला, 7) जलप्रवाह की मंदध्वनि, 9) धर्मद्रोही, 10) पेड़ के सूखे पत्ते, 12) पदध्वनि, 14) अहाता, 16) पानी का सोता, 17) घड़ियाल, 18) चमत्कारपूर्ण, 20) अभूतपूर्व उपलब्धि, 22) बसा हुआ; ठहरा हुआ, 23) आमदनी, 24) रोज़गार, 25) नमकीन-

ô ऊपर से नीचे:- 1) ज़्यादा, 2) कामयाबी, 3) कलावंत, 4) चुंगीचोर, 5) हत्याकांड, 8) धोखा, 11) 13) शरारत; हिलना डोलना; गतिविधि, 14) पराया, 15) मानसिक आघात, 19) ज्ञात; प्रसिद्ध, 21) बानगी, 22) दशा, 23) एक बटा दो.

(उत्तर: अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

दे		नि	प	ट		नी		अ	स
हा		रा		ह	म	ला	व	र	
व	ह	म		ल					र्च
सा		ध	मु	ना		म	न	न	
न	शा				वा	स	र		
	मि	स		भे	द			द	क
क़	या	म	त		वि	दा	ई		त्रा
वा	ना		व	ल	वा			सु	
ड		पा			द	श	क	ध	र

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 05 नवंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं -

1556 : पानीपत की दूसरी लड़ाई में बैरम खान की हार के बाद भारत में मुगल ताकत बहाल।

1920: इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की स्थापना हुई।

1930 : सामाजिक आलोचक सिंक्लेयर लुइस ने साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार जीता। वह यह सम्मान हासिल करने वाले पहले अमेरिकी बने।

1937: एडोल्फ हिटलर ने गुप्त बैठक बुलाकर जर्मन जनता के लिए ज्यादा जगह लेने की अपनी योजना का खुलासा किया।

1940 : फ्रेंकलिन डी रूजवेल्ट अभूतपूर्व रूप से तीसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए।

1951: नेवादा परमाणु परीक्षण केंद्र में अमेरिका ने परमाणु परीक्षण किया।

1956 : मिस्र और इस्त्राइल की सेनाओं के बीच स्वेज नहर के आसपास संघर्ष के दौरान ब्रिटेन और फ्रांस की सेनाएं मिस्र पहुंचीं।

1994 : जार्ज फोरमैन ने माइकल मूर को हराकर 45 वर्ष की आयु में विश्व हेवीवेट चैंपियन का खिताब जीता।

1996: पाकिस्तान के राष्ट्रपति फारूख अहमद खान ने बेनजीर भुट्टो सरकार को बर्खास्त कर पाक नेशनल असेंबली भंग की।

2001: भारत तथा रूस ने अफगान सरकार में तालिबान की भागीदारी नामंजूर की।

2006 : सद्दाम हुसैन को मानवता के खिलाफ अपराधों पर मौत की सजा सुनाई गई।

2007: चीन का पहला अंतरिक्ष यान चेंज-1 चंद्रमा की कक्षा में पहुंचा।

2013 : भारत ने पहले मंगल अभियान की शुरूआत की। पहले ही प्रयास में देश का मंगलयान अपने मिशन में सफल हुआ।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 6 नवंबर (एनएनएस) शुक्रवार कार्तिक बदी द्वादशी को गेहूं, जौ, जई, मक्की, बाजरा, बासमती चावल, मोटे चावल, काबुली चना, मोठ, राजमा चित्रा, उड़द, चना, मसूर, कालीमिर्च, साबुदाना, हींग, बादाम, अजवायन, सौफ, सरसों, सोया, बिनौला, चावल एवं इनके तेल तथा डीओसी, ग्वार, ग्वार गम, लौंग, में लाभ एवं मूंग, लोबिया, पिस्ता असगंध, आबजोश, मेथी, सिताबर, जीरा, बेलगिरी, छुहारा, लोहा-इस्पात, में हानि की संभावना है। भाग्यांक 3-4-6-8 है। यात्रा विचार- पूरब दिशा की ओर 8.24 बजे प्रातः के बाद यात्रा करना लाभप्रद होगा।

आज का राशिफल

05 नवम्बर गुरुवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक कृष्ण तिथि एकादशी, नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी, योग-वैधृति, करण-बालव, दिशाशूल-दक्षिण, सूर्योदय 6.39 बजे, सूर्यास्त 5.41 बजे।

ग्रह स्थिति : सूर्य, बुध, शुक्र - तुला राशि में, मंगल, चन्द्र-सिंह, गुरु - सिंह राशि में, चंद्रमा-मिथुन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह, शनि-मीन राशि में संचार कर रहे हैं।

मेष : कार्यक्षेत्र में दबाव रह सकता है, लेकिन मेहनत और कार्यक्षमता से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। लेनदेन में सावधानी रखें और खर्चों पर नियंत्रण बनाएं।

वृषभ : मित्रों और परिवार का सहयोग मिलेगा। कारोबार में सक्रियता बढ़ेगी तथा आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे।

मिथुन : परिवार में खुशहाली रहेगी और मित्रों का सहयोग मिलेगा। कारोबार में अनुकूलता रहेगी तथा आर्थिक लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

कर्क : सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि होगी और संपर्कों का दायरा बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी, लेकिन जोखिम लेने से बचें।

सिंह : आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और परिवार का सहयोग मिलेगा। धन-संपत्ति से जुड़े मामलों में सफलता मिलेगी तथा उत्साह बना रहेगा।

कन्या : करियर और व्यापार में अनुकूलता रहेगी। नए कार्यों में सफलता मिलेगी तथा परिवार में सुख-शांति और खुशहाली बनी रहेगी।

तुला : खर्चों की अधिकता से बजट प्रभावित हो सकता है। निवेश और लेनदेन में सावधानी रखें तथा जल्दबाजी में निर्णय न लें।

वृश्चिक : आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे और कार्यक्षेत्र में प्रभाव बढ़ेगा। अधिकारियों का सहयोग मिलेगा तथा रुके हुए काम गति पकड़ेंगे।

धनु : करियर और व्यापार में उन्नति के योग हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा तथा कार्यक्षेत्र में सफलता और विस्तार के अवसर मिलेंगे।

मकर : भाग्य का साथ मिलेगा और अधिकांश कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक लाभ बढ़ेगा तथा सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

कुंभ : कार्यक्षेत्र में सामान्य स्थिति रहेगी और परिवार का सहयोग मिलेगा। खर्च बढ़ सकते हैं, इसलिए स्वास्थ्य और आर्थिक मामलों पर ध्यान दें।

मीन : परिवार और मित्रों के साथ तालमेल बेहतर रहेगा। कारोबार में लाभ मिलेगा तथा साझेदारी और उन्नति के नए अवसर बनेंगे।

हीरो वीडा यूबीएक्स इलेक्ट्रिक बाइक का ईआईसीएमए 2026 में ग्लोबल अनावरण

स्पोर्टी डिजाइन, 168 किलोमीटर की रेंज और आधुनिक फीचर्स

नई दिल्ली। हीरो मोटोकॉर्प के इलेक्ट्रिक वाहन ब्रांड वीडा ने इटली के मिलान में आयोजित ईआईसीएमए 2026 ऑटो शो में अपनी नई अर्बन इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल वीडा यूबीएक्स प्रोटोटाइप को दुनिया के सामने पेश किया है। कंपनी ने इसे नियो-नेकेड अर्बन एक्सप्लोरर के रूप में पेश किया है। पहले दिखाए गए यूबीएक्स कॉन्सेप्ट की तुलना में यह मॉडल काफी हद तक उत्पादन के लिए तैयार नजर आता है। इसके 2027 में बाजार में आने की संभावना है।

स्पोर्टी व आकर्षक डिजाइन

वीडा यूबीएक्स में नेकेड बाइक जैसी प्रोफाइल दी गई है। इसमें बड़ा टैंक जैसा ऊपरी हिस्सा, उठा हुआ पिछला भाग और खुला हुआ फ्रेम दिखाई देता है। लाल रंग के बॉडी पैनल पर बड़ा वीडा लोगो और साइड हिस्से पर नक्शे जैसी डिजाइन इसे अलग पहचान देती है। बाइक में अनोखी प्रोजेक्टर हेडलाइट, चमकदार आउटलाइन और छोटा बीक-स्टाइल एप्रन दिया गया है।

स्टोरेज और आरामदायक सवारी

इस इलेक्ट्रिक बाइक में पारंपरिक टैंक की जगह एक स्टोरेज वॉल्ट दिया गया है। इसमें चाबी से खुलने वाला कंपार्टमेंट है, जिसमें छोटे सामान रखे जा सकते हैं। लंबी सिंगल सीट, स्प्लिट ग्रैब हैंडल, नकल गार्ड और लाल-काले रंग के अलॉय व्हील इसे स्पोर्टी लुक देते हैं।

दमदार बैटरी व इलेक्ट्रिक मोटर

बाइक के मध्य और निचले हिस्से में बड़ा फिन डिजाइन वाला बैटरी केस दिया गया है। इसमें बैटरी और मोटर को ठंडा रखने के लिए विशेष वेंटिलेशन सिस्टम दिया गया है।



मोटर को स्विंगआर्म के पास लगाया गया है, जो चेन ड्राइव के माध्यम से पिछले पहिये को शक्ति पहुंचाती है। हालांकि कंपनी ने अभी बैटरी क्षमता और मोटर पावर की आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की है।

168 किमी. तक की संभावित रेंज

अनुमान के अनुसार वीडा यूबीएक्स एक बार पूरी तरह चार्ज होने पर करीब 168 किलोमीटर तक चल सकती है। बाइक में आगे अपसाइड-डाउन फोर्क और पीछे मोनोशॉक सस्पेंशन दिया गया है। दोनों पहियों में डिस्क ब्रेक और एबीएस सिस्टम के साथ बेहतर सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।

स्मार्ट फीचर्स से लैस

वीडा यूबीएक्स में 10.2 इंच का बड़ा रंगीन टीएफटी डिस्प्ले दिया गया है, जिसमें गति, बैटरी स्थिति और राइडिंग मोड की जानकारी मिलती है। इसमें रिवर्स कंट्रोल, पार्किंग सहायता, मोड बटन और क्रूज कंट्रोल जैसे आधुनिक फीचर्स भी शामिल हैं। यह इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल शहरी युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।

कार्यक्रम आयोजित

हनुमानगढ़। ब्रह्माकुमारी पाठशाला, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी जंक्शन की ओर से राजकीय सावित्री बाई फुले महाविद्यालय स्तरीय छात्रावास में ह्यआओ मनाएं दीपावली आनंद उत्सवह्ल कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रह्माकुमारी खुशबू बहन ने राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से दीप प्रज्वलित कर दीपावली का आध्यात्मिक महत्व समझाया। उन्होंने मन के विकारों को दूर कर ज्ञान, शांति और सकारात्मकता अपनाने का संदेश दिया। छात्रावास संचालिका शीशपाल कौर ने छात्राओं को नियमित मेडिटेशन करने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने राजयोग का अभ्यास भी किया।

रामायण की झांकियों के साथ मनाया दीपोत्सव

श्रीगंगानगर। किड्स वैली कॉन्वेंट सेकेंडरी स्कूल में दीपावली पर्व हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कर भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवंत किया। विद्यार्थियों ने श्रीराम जन्म, सीता स्वयंवर, श्रीराम-सीता विवाह, कैकेयी-मंथरा संवाद, वनवास, पंचवटी, सीता हरण, शबरी के बेर, हनुमान भक्ति, लंका दहन, राम-रावण युद्ध और अयोध्या आगमन जैसे प्रसंगों का



प्रभावशाली मंचन किया। सुंदर वेशभूषा, संवाद और अभिनय ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर को दीपों, रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट से सजाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने सत्य, धर्म, त्याग, मर्यादा और कर्तव्य पालन का संदेश दिया। साथ ही सुरक्षित एवं प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने का आह्वान किया गया।

चरक फार्मा ने डायबिटीज जांच व जागरूकता शिविर आयोजित किया

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। चरक फार्मा एवं श्री राधेश्याम आयुर्वेद भवन के संयुक्त तत्वावधान में पंचायती धर्मशाला स्थित श्री राधेश्याम आयुर्वेद भवन में डायबिटीज जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 45 मरीजों की ब्लड शुगर जांच की गई तथा उन्हें मधुमेह से बचाव, नियंत्रण और स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। श्री राधेश्याम आयुर्वेद भवन के संचालक एवं वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. वरुण गुप्ता ने मरीजों की जांच कर उन्हें मधुमेह के लक्षण, संभावित दुष्प्रभाव, खानपान, नियमित व्यायाम और दिनचर्या में आवश्यक बदलावों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और



अनुशासित जीवनशैली अपनाकर मधुमेह को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने मरीजों को समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर में चरक फार्मा की ओर से राजस्थान हेड वीरेंद्र शर्मा एवं श्रीगंगानगर से डीएसए विवेक सिंह ने सहभागिता की। उन्होंने स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया।

जागरूक किया

श्रीगंगानगर। राजकीय महाविद्यालय, हिंदुमलकोट में राजस्थान राज्य महिला नीति-2021 के तहत महिला अधिकारों एवं कानूनी संरक्षण पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजकीय विधि महाविद्यालय, श्रीगंगानगर के सहायक आचार्य मनीन्द्रपाल सिंह ने मानवाधिकार एवं महिलाओं के कानूनी अधिकारों पर व्याख्यान दिया। वहीं डॉ. सुचित्रा यादव ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम-1986 की जानकारी दी। वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को संवैधानिक अधिकारों, लैंगिक समानता और कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) इकबाल सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से जागरूक नागरिक बनने का आह्वान किया।

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : सरसों 8681-7200 (आ. 736 क्विं.), मूंग 8300-6600 (आ. 880 क्विं.), ग्वार 7822-6900 (आ. 175 क्विं.), नरमा 8861-8400 (आ. 2352 क्विं.), बाजरा 2696-2521 (आ. 210 क्विं.), कपास 8500-7600 (आ. 18 क्विं.), मक्का 2755-2625 (आ. 125 क्विं.), चना 6700 (आ. 2 क्विं.), गेहूं 2810 (आ. 20 क्विं.), **श्रीबिजयनगर:** नमरा 8783-, ग्वार 7930-7800, मूंग , धान 4451-4361, **अनूपगढ़ :** नरमा 8800-8500, चना 4660-2031, मूंग 8550-7051, ग्वार 7850-7600, सरसों 8924-8543, गेहूं 2861-2825, बाजरा 2851-2760, कपास 8692-8301, **घड़साना:** मूंग 8650-6740, नरमा 8570-8400, सरसों 8702-8459, ग्वार 7755-6805, **गजसिंहपुर:** सरसों 8184-8718, ग्वार 7731-7770, चना 6285-6905, मूंग 7500-8145, नरमा 8365-8781, कपास 8581-8651, जवी 3200, **सब मंडी यार्ड:** गेहूं 2200-2880, सरसों 5500-9041, पीली सरसों 6200-9050, ग्वार 6500-7820, मूंग 5000-8280, नरमा 8000-8811, बाजरी 2000-2750, **श्रीकरणपुर:** नरमा 8950-8351, कपास 8370, सरसों 8862-8265, ग्वार 7881-7800, मूंग 8326-6200, **रायसिंहनगर:** सरसों 8476-9000, चना 6550-6905, केहूं 23735-2951, मूंग 6612-8280, नरमा 8565-8750, कपास 8300, ग्वार 7799-8071, बाजरी 2716-2770, **श्रीबिजयनगर:** नरमा 8783-8350, क्वार 7930-7800, मूंग 8500-8181, धान 4451-4361,

किरयाना

धनिया 17000-20000, हल्दी 22000-24000, जीरा 28000-30000, अजवाइन 20000-21000, सौंफ 12500-22000, मेथी 8500, खोपरा 1850, गट गोला 425 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1500, आटा (45 किग्रा.) 1460, सूजी 1620, बेसन 9000, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 9800, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11300-11800, अरहर दाल 13500-14500, दाल मसूर 7800, दाल चना 8600, देशी चना 8800, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5700, गुड़ पेड़ी 5600, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 5900, चीनी महाराष्ट्र 5900-6000, चीनी एल 6450, चीनी एस 6000, चीनी गंगानगर।

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-170 रु., तेल रिफाइंड 148-160 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 580-650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 590 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 690 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 690 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं.: कपास 8699, नरमा 8780, बाजरा 2599, ग्वार 7786, मूंग 7775, मक्का 2641, धान 2300, **डबली राठान :** नरमा व्यापारी 8700, बाजरा 2520, ग्वार 7750, **हनुमानगढ़ ट.:** कपास 8625, नरमा व्यापारी 8701, बाजरा 2551, ग्वार 7791, मूंग 7851, धान 4858, **रावतसर :** कपास 8351, नरमा व्यापारी 8720, गेहूं 2831, बाजरा 2560, ग्वार 7980, चना 6647, मूंग 7981, मोठ 8500, सरसों 8634, तिल 19000, मूंगफली 7800, मूंगफली 7900, **भादरा:** 9785, **संगरिया :** नरमा 8600, गेहूं 2750, बाजरा 2724, ग्वार 7576, चना 7040, मूंग 7700, सरसों 8562, मक्का 2455, **गोलूवाला:** नरमा 8925, गेहूं 2711, बाजरा 2600, ग्वार 7877, चना 6899, मूंग 8200, मोठ 6451, सरसों 8699, तिल 18000, **पीलीबंगा :** कपास 9053, नरमा 8900, बाजरा 2661, ग्वार 7900, सरसों 8446, धान पीआर 2200,

गंगनहर का वरीयताक्रम



05 नवम्बर 2026, गुरुवार [सम्भावित]

पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
एलएनपी	527 (7)	30 अक्टूबर प्रातः 3 बजे	06 नवम्बर रात्रि 9 बजे
ईईए	587 (7)	30 अक्टूबर प्रातः 9 बजे	06 नवम्बर सायं 6 बजे
बीबी	785 (5)	01 नवम्बर प्रातः 3 बजे	08 नवम्बर सायं 6 बजे
एमके	883 (5)	01 नवम्बर प्रातः 3 बजे	08 नवम्बर रात्रि 9 बजे
एच	1190(3)	03 अक्टूबर सायं 6 बजे	11 नवम्बर प्रातः 9 बजे
वाई	1221(3)	03 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
जैड	1376(3)	03 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
डी-भागसर	1394(3)	03 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
बीआईएफ+जे	1435(3)	03 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
पीएस	1595(3)	03 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	11 नवम्बर दोपहर 12 बजे
समेजा	1797		
आरबी	2067		
एचएच	2102		
रिडमलसर	2113		
फार्म	2174		
जीजी	2375		
हिरणावाली	2397		
नेतेवाला	2418		
केके	2431		03 नवम्बर रात्रि 9 बजे
एफ	2934		03 नवम्बर सायं 6 बजे
करणीजी	3264		01 नवम्बर प्रातः6 बजे
एमएलए	3305		30 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
एमएल	3365		30 अक्टूबर रात्रि 9 बजे

नोट : गंगनहर में बुधवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1568 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	6588	साहवा	250
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	निल	कंवरसैन	162
रावतसर	55	बिरधवाल हैड से नीचे	6360
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

बुधवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 04.11.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1632.65
पानी की आवक - 8259 क्यूसेक, निकासी- 8100 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1356.60
पानी की आवक- 1902 क्यू., निकासी- 14017 क्यू., बीकानेर - 2169

सार्दुल ब्रांच 895, करणीसिंह ब्रांच- 305, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

5 नवम्बर से 13 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

नगराना	78	नाथवाना	1449
लीलांवाली	326	प्रतापपुरा	1554
भाखरांवाली	376	हरिपुरा	1567
करनीसिंह	731	दीनगढ़	1580
मम्मड़खेड़ा	926	सूरतपुरा	1589
जोड़कियां	1036	मोडिया	1749
सूरतगढ़	1156	लोंगवाला	1884
भगतपुरा	1194	पीलीबंगा	2099
संगरिया	1200	अमरपुरा	2192
मोरजंडा	1410	रोड़ांवाली	2205
रतनपुरा	1421	नवां-सतीपुरा	2216

एसडी गर्ल्स स्कूल में बाल मेला आयोजित



श्रीगंगानगर। सनातन धर्म बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं एस.डी. कॉन्वेंट स्कूल में फन फेयर (बाल मेला) का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था अध्यक्ष ज्योति प्रकाश गोयल, कोषाध्यक्ष परमानंद जिंदल तथा प्रधानाचार्या साधना बंसल ने फीता काटकर किया। मेले में विद्यार्थियों ने पेस्ट्री, आइसक्रीम, भेलपुरी, ब्रेड रोल, स्टफ्ड कुलचा, स्वीट कॉर्न, मोमोज, बर्गर और शीतल पेय की स्टॉल लगाईं। हॉरर शो, डांस और सेल्फी प्वाइंट बच्चों के आकर्षण का केंद्र रहे। अध्यक्ष ज्योति प्रकाश गोयल ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व, जिम्मेदारी, आत्मविश्वास और व्यावहारिक अनुभव विकसित करते हैं। विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों की सहभागिता से कार्यक्रम सफल रहा।

हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न. पेश है तमिलनाडु के **रुबेशकुमार टी** की **तंजौर कला.**

Hero

Hero

भरोसा सोने सा खरा

धनतेरस की शुभकामनाएँ



Splendor+ Destini

सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं*

कैश डिस्काउंट ₹3000~ तक

एक्सचेंज बोनस ₹5000~ तक

इंस्टेंट कैशबैक ₹10000^ तक SBI card HDFC BANK pine labs

कम डाउन पेमेंट ₹4999^ से शुरू

कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3200~ तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount, Exchange & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank. Subject to their respective T&Cs. Offer available only on limited stores. *Offer is only for New Goodlife members, Limited period offer-T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: श्रीगंगानगर: सूर्या ऑटोमोबाईल्स प्रा.लि., 9289922194, बीकानेर: राजाराम धारणिया हीरो, गोगा गेट सर्किल के पास, 9289922708 करण हीरो, म्यूजियम सर्किल के पास, 9289922528, एक्सटेंशन काउंटर : राजाराम धारणिया ऑटोमोबाईल्स, अनाज मण्डी गेट के सामने 7229822929, 8048243279, कालू रोड, लूणकरणसर, 8000294880, श्री गंगानगर रोड, 7428598938, चुरू: महालक्ष्मी हीरो, 9289922872, एसोशिएट डीलर: सूरतगढ़: बंसल ऑटो एवं टिपेयरिंग सेंटर, 9414092085, अनूपगढ़: बी.एस. मोटर्स, 9982725676, रायसिंहनगर: राजू ऑटो स्पेयर्स, 9414480981, करणपुर: जगदम्बा ऑटोमोबाईल्स, 9828297920, विजयनगर: राजू ऑटो एजेंसी, 9549228881, गजसिंहपुर: रामदेव ऑटोमोबाईल्स, 9772727008, घड़साना: संधु मोटर्स, 9782712236, पदमपुर: गिल ऑटो, 9414506065, बीझवायला: खालसा ऑटोमोबाईल्स, 9460602222, रिड़मलसर: सिद्धू ऑटोज, 9928296984, हनुमानगढ़: माँ भगवती मोटर्स, 8875901000, 8875907000, टावतसर: एस.बी. मोटर्स, 9414636600, 9166066604, भादरा: बंसल ऑटोमोबाईल्स, 8302473860, 9664487183, नोहर: कृष्णा मोटर्स, 9414503107, पीलीबंगा: आर.एल. मोटर्स, 7426835220, संगरिया: एस.एम. ऑटोमोबाईल्स, 9784490100, जेतसर: गजरा ऑटोमोबाईल्स, 9667761860, पल्लू: जय भवानी मोटर्स, 9672000078, टिब्बी: आर एण्ड आर ऑटोमोबाईल्स, 9588736600, हनुमानगढ़ जंक्शन: श्री महेश मोटर्स, 9079429111, गोलूवाला: प्रगति मोटर्स, 8696162229, टावलामंडी: श्रीम गणपति मोटर्स, 9887256445.

Cheil 33547/26

आनंद स्वार्थ-सिद्धि से नहीं मिलता बल्कि किसी समुचित उद्देश्य के प्रति वफादार होने से मिलता है। - हेलेन केलर

संपादकीय

अमेरिकी चुनावों ने दिया बड़ा संदेश

अमेरिका के मध्यावधि चुनावों के नतीजों ने केवल वहां की घरेलू राजनीति की दिशा तय नहीं की है, बल्कि दुनिया की बदलती जनभावनाओं का भी संकेत दिया है। चुनाव परिणामों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को अपेक्षित सफलता नहीं मिली और डेमोक्रेटिक पार्टी ने बढ़त बनाई। इन नतीजों के बाद ट्रंप ने अपनी पार्टी की हार के पीछे ईरान के साथ चल रहे संघर्ष को एक प्रमुख कारण बताया है। वहीं ईरान ने इसे अमेरिकी जनता द्वारा युद्ध के खिलाफ दिया गया संदेश करार दिया है। ट्रंप का कहना है कि ईरान के खिलाफ उनकी सरकार के फैसले जरूरी थे और उन्होंने आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले किसी भी देश को परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति नहीं देने की नीति अपनाई। लेकिन चुनावी नतीजे बताते हैं कि आम मतदाता केवल विदेश नीति के आक्रामक रुख से प्रभावित नहीं होता, बल्कि वह अपने दैनिक जीवन की समस्याओं को भी प्राथमिकता देता है। युद्ध के कारण बढ़ती महंगाई, आर्थिक दबाव और सामाजिक अस्थिरता जैसे मुद्दों ने मतदाताओं के फैसले को प्रभावित किया।

ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालीबाफ ने भी अमेरिकी चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमेरिकी जनता ने युद्ध के खिलाफ अपनी राय व्यक्त की है। उनका यह बयान भले ही ईरान की राजनीतिक दृष्टि से आया हो, लेकिन इसके पीछे छिपे व्यापक संदेश को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दुनिया भर के आम लोग आज शांति, स्थिरता और बेहतर जीवन चाहते हैं। वे ऐसी राजनीति से परेशान हैं, जिसमें सत्ता और प्रभाव के लिए संघर्ष को प्राथमिकता दी जाती है। हाल के वर्षों में दुनिया के कई हिस्सों में महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट के खिलाफ जनता सड़कों पर उतरी है। चाहे वह पश्चिम एशिया के संघर्ष हों या अन्य देशों के राजनीतिक विवाद, आम नागरिकों की सबसे बड़ी चिंता रोटी, रोजगार, सुरक्षा और भविष्य की स्थिरता है। युद्ध किसी भी देश की सरकारों के लिए रणनीतिक उपलब्धि हो सकता है, लेकिन इसका सबसे बड़ा बोझ आम जनता को ही उठाना पड़ता है।

अमेरिकी चुनावों के साथ-साथ दुनिया के अन्य राजनीतिक घटनाक्रम भी यही संकेत दे रहे हैं कि जनता अब विभाजनकारी और आक्रामक राजनीति से आगे बढ़कर समाधान देने वाले नेतृत्व की तलाश कर रही है। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है कि अमेरिकी ऐसी राजनीति चाहते हैं जो लोगों को बांटने के बजाय उन्हें एकजुट करे और समस्याओं का ठोस समाधान प्रस्तुत करे। यह संदेश केवल अमेरिका तक सीमित नहीं है। लोकतांत्रिक देशों में जनता की अपेक्षाएं तेजी से बदल रही हैं। मतदाता अब केवल बड़े-बड़े राजनीतिक दावों और अंतरराष्ट्रीय शक्ति प्रदर्शन से प्रभावित नहीं होता, बल्कि वह अपने जीवन में होने वाले वास्तविक बदलाव को महत्व देता है। नेताओं को यह समझना होगा कि लंबे समय तक नफरत, संघर्ष और विभाजन की राजनीति के सहारे जनता का विश्वास कायम नहीं रखा जा सकता।

ट्रंप और दुनिया के अन्य नेताओं के लिए यह चुनाव परिणाम एक चेतावनी की तरह हैं कि युद्ध और टकराव की राजनीति की अपनी सीमाएं होती हैं। भारत सहित सभी लोकतांत्रिक देशों के नेतृत्व को भी इस बदलते जनमानस को समझने की आवश्यकता है। जनता शांति चाहती है, विकास चाहती है और ऐसी राजनीति चाहती है जो समाज को जोड़ने का काम करे। अमेरिकी मध्यावधि चुनावों का सबसे बड़ा संदेश यही है कि दुनिया के आम लोग युद्ध नहीं, बल्कि शांति और स्थिरता चाहते हैं। सत्ता के गलियारों में भले ही संघर्ष की भाषा गूंजती रहे, लेकिन लोकतंत्र में अंतिम फैसला जनता का होता है। और जनता का यह फैसला अब साफ संकेत दे रहा है कि भविष्य की राजनीति को नफरत नहीं, बल्कि सहयोग और समाधान के रास्ते पर चलना होगा।

दीपावली का असली उजाला

दीपावली की पूर्व संध्या पर पूरा शहर रंग-बिरंगी लाइटों और दीयों से जगमगा रहा था। दस साल का नन्हा रमन उदास बैठा था, क्योंकि उसके पास एक भी दीया खरीदने के लिए पैसे नहीं थे।



तभी उसकी नजर सड़क किनारे बैठे एक बूढ़े कुम्हार पर पड़ी, जो बिना बिके दीयों को देखकर मायूस था। रमन तुरंत अपने घर गया और अपनी गुल्लक से साल भर की जमा की हुई सारी छोटी-छोटी बचत ले आया। उसने एक भी दीया अपने लिए खरीदने के बजाय कुम्हार से सारे बचे हुए दीये खरीद लिए।

रमन ने वे सारे दीये अपने पूरे मोहल्ले में जरूरतमंदों के घरों के आगे जला दिए। उस रात रमन का घर भले ही दीयों से खाली था, लेकिन उसके छोटे से सेल्फलेस कार्य ने पूरे मोहल्ले में एक नई उम्मीद और अपनापन भर दिया।

प्रेरणा: दीवाली सिर्फ घरों को सजाने का नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में खुशियों का उजाला फैलाने का नाम है।

कार्तिक मास : आस्था, उत्सव और आध्यात्मिक साधना का पवित्र समय

दीपावली : स्वच्छता, संस्कार और सात्त्विक समृद्धि का संदेश

आलेख : प्रेमपाल शर्मा

कार्तिक मास को विशेष महत्व प्राप्त है। यह पर्व-त्योहारों, धार्मिक अनुष्ठानों और आध्यात्मिक साधना का समय माना जाता है। कार्तिक स्नान की परंपरा से लेकर दीपावली जैसे महापर्व तक, यह माह आस्था, श्रद्धा और उल्लास का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। दीपावली केवल एक दिन का त्योहार नहीं, बल्कि पांच दिनों तक चलने वाला पंच-महोत्सव है। यह पर्व अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। दीपावली हमें जीवन में सकारात्मकता, सदाचार और संस्कारों का प्रकाश फैलाने का संदेश देती है।

दीपावली की सफाई का वैज्ञानिक महत्व

दीपावली पर होने वाली साफ-सफाई का धार्मिक महत्व होने के साथ-साथ वैज्ञानिक आधार भी है। वर्षा ऋतु के बाद घरों में नमी, गंदगी और कीट-पतंगों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे समय में सफाई और प्रकाश व्यवस्था से वातावरण अधिक स्वच्छ और स्वास्थ्यकर बनता है। दीपों की रोशनी घरों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। इस प्रकार दीपावली धार्मिक आस्था के साथ-साथ स्वच्छता और स्वास्थ्य का संदेश देने वाला पर्व भी है।



माता लक्ष्मी का आगमन और सात्त्विक वातावरण

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक अमावस्या की रात्रि में माता लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं। वे उन्हीं स्थानों पर निवास करती हैं जहां स्वच्छता, प्रकाश और सात्त्विक वातावरण होता है। इसलिए दीपावली पर लोग अपने घरों को सजाते-संवारते हैं और दीपों से प्रकाशित करते हैं। लक्ष्मी केवल धन की देवी नहीं हैं, बल्कि वे सुख, शांति, ऐश्वर्य और समृद्धि प्रदान करने वाली शक्ति हैं। यही कारण है कि हर गृहस्थ दीपावली पर माता लक्ष्मी के स्वागत के लिए विशेष तैयारी करता है।

स्वच्छता में ही लक्ष्मी

दीपावली से लगभग एक माह पहले ही घरों, दुकानों और कार्यस्थलों की साफ-सफाई, रंग-रोगन और सजावट शुरू हो जाती है। भारतीय परंपरा में कहा गया है कि जहां स्वच्छता होती है, वहीं लक्ष्मी का वास होता है। यह स्वच्छता केवल बाहरी परिवेश तक सीमित नहीं है, बल्कि मन और विचारों की पवित्रता भी उतनी ही आवश्यक है। 'लक्ष्मी तंत्र' में वर्णित है कि देवेंद्र इंद्र द्वारा पूछे जाने पर माता लक्ष्मी ने बताया कि जो व्यक्ति स्वच्छ तन, स्वच्छ मन और स्वच्छ वातावरण के साथ उनकी आराधना करता है, वह उनकी कृपा का पात्र बनता है।

पंच-महोत्सव का पहला पर्व : धनतेरस

दीपावली का पंच-महोत्सव कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी से शुरू होता है, जिसे धनतेरस कहा जाता है। इस दिन भगवान धन्वंतरि के प्राकट्य की मान्यता है। आयुर्वेद के प्रवर्तक भगवान धन्वंतरि समुद्र मंथन से इसी दिन प्रकट हुए थे। धनतेरस पर स्वास्थ्य, आरोग्य और समृद्धि की कामना की जाती है। इस दिन धातु के बर्तन, आभूषण आदि खरीदना शुभ माना जाता है। साथ ही यम दीपदान की परंपरा भी प्रचलित है।

नरक चतुर्दशी : बुराई पर अच्छाई की विजय

धनतेरस के अगले दिन नरक चतुर्दशी या छोटी दीपावली मनाई जाती है। मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध कर अधर्म का अंत किया था। इस दिन दीप प्रज्ज्वलन और भगवान हनुमान की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है।

दीपावली : प्रकाश और उल्लास का पर्व

कार्तिक अमावस्या को मुख्य दीपावली मनाई जाती है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम के चौदह वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटने की खुशी में लोगों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। तभी से दीपावली प्रकाश पर्व के रूप में मनाई जाती है। इस दिन घरों में लक्ष्मी-गणेश पूजन किया जाता है, दीप जलाए जाते हैं और परिवार, मित्रों एवं संबंधियों के साथ खुशियां साझा की जाती हैं।

दीपावली का वास्तविक संदेश

दीपावली केवल बाहरी रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि भीतर के अज्ञान, नकारात्मकता और बुराइयों को दूर करने का अवसर है। यह पर्व हमें स्वच्छ विचारों, अच्छे कर्मों और संस्कारों के साथ जीवन में प्रकाश फैलाने की प्रेरणा देता है।

शुभ-लाभ भी महंगे और स्वागत भी महंगा!

व्यंग्य : संजय एम तराणेकर, इन्दौर

एक आम आदमी की दीपावली यानि खर्चों की फेहरिस्त का जुबां की तरह लम्बी होना। ये घर का मुखिया ही जानता हैं कि उसे किस मद में कटोती करनी है और किसमे नहीं? दीपावली का त्योहार आते ही बाजारों में रौनक दिखाई देने लगती है। घरों की साफ-सफाई से लेकर सजावट तक हर तरफ उत्साह का माहौल रहता है। लेकिन इस बार बाजार ने शुभ-लाभ और स्वागत को भी महंगाई के रंग में रंग दिया है।

कभी घर के दरवाजे पर दस-बीस रुपये में मिलने वाला शुभ-लाभ का प्रतीक अब सौ रुपये तक पहुंच गया है। बंदनवार के दाम 80 से लेकर 1400 रुपये तक सुनकर लगता है कि लक्ष्मीजी के स्वागत के लिए अब जेब में भी कुबेर का



खजाना होना चाहिए। ऊपर से ओम, स्वास्तिक, श्री यंत्र और कलश जैसे शुभ प्रतीकों के भाव भी आसमान छू रहे हैं।

अब तो आम आदमी सोचने लगा है कि घर में लक्ष्मीजी का स्वागत करें या पहले दुकानदार की लक्ष्मी का ख्याल रखें? महंगाई का आलम यह है कि शुभ-लाभ खरीदने से पहले भी आदमी को अपना बजट देखना पड़ रहा है। लगता है कि बाजार ने शुभ को भी प्रीमियम और लाभ को भी महंगे पैकेज में बेचने का फैसला कर लिया है।

मजेदार बात यह है कि बाजार में ग्राहक कम हैं, लेकिन उम्मीदें बड़ी हैं। दुकानदारों को लगता है कि दीपावली पर लोग दिल खोलकर खरीदारी करेंगे। मगर ग्राहक भी अब समझदार हो गया है। वह बंदनवार देखकर घर की चौखट नापता है और कीमत सुनकर अपनी जेब की औकात।

अब तो लगता है कि आने वाले समय में दुकानदार शुभ-लाभ के साथ एक चेतावनी भी टांग देंगे-'सावधान! यहां शुभ भी महंगा है और लाभ भी आपकी जेब देखकर मिलेगा।'

वैसे लक्ष्मीजी से हमारी प्रार्थना है कि इस बार घर में भले ही सादा बंदनवार लगे, लेकिन महंगाई की बंदनवार जरूर उतार दीजिए। आखिर आम आदमी को भी कभी तो सच्चे शुभ-लाभ का अनुभव तो हो!

लक्ष्मी-गणेश पूजन और पर्यावरण हितैषी दीपोत्सव

दीपावली की रात लक्ष्मी-गणेश पूजन की परंपरा भारतीय समाज में सदियों से चली आ रही है। सामान्य प्रश्न उठता है कि भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन के पर्व पर लक्ष्मी और गणेश की पूजा क्यों की जाती है? इसके पीछे धार्मिक और सांस्कृतिक मान्यताओं का गहरा संबंध है। माता लक्ष्मी धन, ऐश्वर्य और समृद्धि की देवी हैं, जबकि भगवान गणेश बुद्धि, विवेक और विघ्नहर्ता के रूप में पूजे जाते हैं। इसलिए दोनों की पूजा साथ-साथ की जाती है, ताकि धन के साथ विवेक का संतुलन बना रहे।

समृद्धि के साथ विवेक

कहा जाता है कि केवल धन प्राप्त होना पर्याप्त नहीं है, उसका सही उपयोग भी आवश्यक है। लक्ष्मी भौतिक संपन्नता प्रदान करती हैं, जबकि गणेशजी उस संपन्नता को लोककल्याण के मार्ग पर ले जाने की बुद्धि देते हैं। जहां प्रकाश होता है, वहां ज्ञान का वास होता है और जहां ज्ञान होता है, वहां समृद्धि स्थायी रहती है। यही कारण है कि दीपावली पर लक्ष्मी के साथ गणेश पूजन का विधान है।

प्रकृति संरक्षण का संदेश

दीपावली के अगले दिन कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को गोवर्धन पूजा और अन्नकूट पर्व



मनाया जाता है। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने इसी दिन गोवर्धन पर्वत धारण कर ब्रजवासियों की रक्षा की थी। इस दिन घरों में गोवर्धन पूजा की जाती है और विभिन्न प्रकार के पकवान भगवान को अर्पित किए जाते हैं। यह पर्व प्रकृति, पशुधन और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है।

भाई-बहन के प्रेम का पर्व

दीपोत्सव के अंतिम दिन भैया दूज मनाई जाती है। बहनें भाइयों के माथे पर तिलक कर उनकी लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। भाई भी बहनों को उपहार देकर उनके प्रति प्रेम और सुरक्षा का संकल्प दोहराते हैं। यह पर्व पारिवारिक रिश्तों में प्रेम, विश्वास और अपनत्व को मजबूत करता है।

पर्यावरण संग मनाएं दीपावली

आज आवश्यकता है कि दीपावली के वास्तविक स्वरूप को समझा जाए। अत्यधिक आतिशबाजी और दिखावे की प्रवृत्ति इस पर्व की मूल भावना से दूर ले जाती है। पटाखों से होने वाला प्रदूषण पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है। हमें मिट्टी के दीप जलाकर, जरूरतमंदों के साथ खुशियां बांटकर और प्रकृति की रक्षा करते हुए दीपोत्सव मनाना चाहिए।

धनतेरस का असली संदेश : धन तेरा, सब कुछ तेरा



MAAsterG की क्लास
किश्त सं. 41

धनतेरस का मतलब है- धन तेरा! संसार में यह प्रथा है कि श्री राम आने वाले हैं, इसलिए कुछ नया खरीदो। कुछ नया खरीदोगे तो श्री राम को भोग लगाओगे, क्योंकि आज ही के दिन श्री राम जी आए थे। जब श्री राम जी चौदह साल का वनवास काटकर अयोध्या आए, तो अयोध्यावासियों ने श्री राम जी के स्वागत में दीये जलाए थे। यदि हमारे घर कोई आने वाला हो, तो हम एक-दो दिन पहले खरीदारी करते हैं कि नहीं? जैसे नए बर्तन, कपड़े और सजावट का सामान। ठीक ऐसे ही कहीं ये प्रथा बनी जिसको हम 'धनतेरस' कहते हैं। इस दिन श्री राम के लिए खरीदारी की गई थी, इसीलिए ये प्रथा बनी- -धनतेरस! धनतेरस शब्द के अंदर ही कहीं न कहीं अर्थ छिपा है कि सब धन श्री राम का है, सब धन श्री राम का! जब मैं श्री राम कह रहा हूँ तो ये सिर्फ धनुष-बाण वाले श्री राम से नहीं है। श्री कृष्ण भी श्री राम हैं और संसार में जो भी संत हुए चाहे बुद्ध, महावीर, जीसस, कबीर, मोहम्मद, साईं बाबा, मीराबाई, सहजोबाई या लल्लाबाई, ये सब भी श्री राम हैं। क्योंकि उन्होंने जान लिया कि ये सारा धन तेरा है, -तेरा तुझको अर्पण क्या लागे मेरा। तन, मन, धन तुझको अर्पण, -ये धन कौन अर्पण कर रहा है? इस धन को ये तन अर्पण कर रहा है और विचार यानी मन। तन रूपी शरीर के अंदर मन रूपी विचार आए और हमने धन तुझको दे दिया। तन, मन और धन किसको अर्पण? श्री राम को! जो भगवान के लिए तन, मन और धन तीनों को ही सुपुर्द कर देता है, वही सच्ची दिवाली है। क्योंकि सब कुछ तो परमात्मा का ही है। इसलिए कहीं न कहीं तुम्हारे अंदर की दिवाली होनी जरूरी है, क्योंकि श्री राम तुम्हारे अंदर बसते हैं, बाहर नहीं। तुम्हारे शरीर में जो वो चेतन शक्ति है, वही श्री राम हैं। और अगर तुमने अंदर उस श्री राम को प्रकट कर दिया, तो हर रोज दिवाली है। भगवान बुद्ध ने कहा था, 'अप्प दीपो भवः' यानी अपने दीपक खुद बनो। इसका अर्थ बाहर के दीपक से नहीं है, ये तो बस प्रतीक है! तुम्हारे अंदर ही हैं श्री राम, क्योंकि 'सब में है राम समाया', श्री राम को बस प्रकट करना है; और जिसने श्री राम को प्रकट कर दिया, वही कहीं न कहीं उस सत् (सत्य) को उपलब्ध होता है। रावण है अहंकार, मैं-मेरा ही रावण है। बाहर की दुनिया में बिना 'मैं-मेरा' के खेल चल नहीं सकता है, परंतु अंदर जहाँ से खेल चल रहा है, वहाँ श्री राम की जरूरत है। श्री राम हैं स्थिरता और रावण है अस्थिरता। स्थिर मन है ब्रह्म, अस्थिर मन है संसार। अगर तुम अंदर के रावण को बाहर कर दो तो हर पल श्री राम आ जाएँगे और जिसके संग श्री राम हैं फिर संग्राम कैसा? हमारे जीवन के अंदर जब तक हम सोने की चमक से दूर नहीं होंगे, तब तक हमारे जीवन में श्री राम नहीं आएंगे। इसलिए हमने श्री राम को वनवासी दिखाया क्योंकि वनवास ही श्री राम है। जब हमारे जीवन के अंदर कुछ नहीं बचता तो फिर श्री राम प्रकट होते हैं। अगर अंदर सांसारिक कबाड़ की भरावट है तो रावण रहेगा, तब श्री राम नहीं आ सकते हैं। अपने जीवन के अंदर श्री राम को प्रकट करना है, तो ऐसा भाव अंदर धारण करो, तभी एक दिन श्री राम से मिलन होगा। तभी कहा गया कि धनतेरस मतलब धन तेरा, थोड़ा- बहुत नहीं, सब कुछ तेरा! जब धन तेरा हो गया, तो तन और मन भी तेरा हो गया; फिर जीवन अपने आप प्रकाशमय हो गया। अंदर के रावण को बाहर करो और श्री राम जी को अंदर ले जाओ। इसलिए धनतेरस हमारे लिए एक संदेश है, दिवाली की तैयारी का। इस बार केवल लक्ष्मी पूजन नहीं, बल्कि हमें श्री राम को लाना है; इस बार श्री राम को प्रकट करना है। श्री राम प्रकट होंगे तो जीवन आनंद से भर जाएगा।

MAAsterG का अनमोल एवं आलौकिक ज्ञान उनके यूट्यूब चैनल 'MAAsterG' और 'GOD HOME JOURNEY' पर निशुल्क उपलब्ध है।

पटाखों से घायल बच्चों को सीआरएस पहल के तहत एएसजी देगा निःशुल्क उपचार

सराहनीय; एएसजी हॉस्पिटल का 'सुरक्षित आँखें, सुरक्षित दिवाली' अभियान

एएसजी हॉस्पिटल लिमिटेड ने दीपावली के अवसर पर बच्चों की आंखों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 'सुरक्षित आंखें, सुरक्षित दिवाली' अभियान शुरू किया है। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत पटाखों से आंखों में चोट लगने वाले 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को एएसजी आई हॉस्पिटल में उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। यह अभियान 4 नवंबर से 12 नवंबर तक देशभर के 95 से अधिक शहरों में स्थित 200 से ज्यादा एएसजी आई हॉस्पिटल केंद्रों पर संचालित होगा।

तत्काल उपचार से बच सकती है आंखों की रोशनी

इस पहल के तहत पटाखों से घायल बच्चों को प्राथमिक उपचार, आपातकालीन नेत्र देखभाल तथा आवश्यकता पड़ने पर सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। एएसजी



हॉस्पिटल ने बताया कि पटाखों से होने वाली आंखों की चोटों में कॉर्निया और आंख के सामने के हिस्से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। समय पर उपचार नहीं मिलने पर कुछ मामलों में दृष्टि को स्थायी नुकसान भी हो सकता है। पिछले वर्ष दीपावली के दौरान एएसजी केंद्रों पर पटाखों से आंखों में चोट लगने वाले 500 से अधिक बच्चों का उपचार किया गया था।

चोट लगने पर तुरंत लें चिकित्सकीय सहायता

आंख में चोट लगने की स्थिति में बच्चे को शांत रखें। आंखों को स्थिर रखने का प्रयास करें और साफ वस्तु से बिना दबाव डाले आंख को ढकें। पानी की तेज धार से आंख न धोएं और काजल, मलहम या किसी घरेलू उपाय का प्रयोग न करें। समय पर विशेषज्ञ चिकित्सक तक पहुंचने से बच्चे की आंखों की रोशनी बचाई जा सकती है।

विशेषज्ञों ने दी सावधानी बरतने की सलाह

एएसजी आई हॉस्पिटल के ग्रुप सीओओ डॉ. विकास जैन ने कहा कि पटाखों से होने वाली अधिकांश आंखों की चोटों से बचाव संभव है, लेकिन दुर्घटना होने पर बच्चे को तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक तक पहुंचाना जरूरी है।

उन्होंने अभिभावकों से घरेलू उपचार से बचने और चोट लगने पर हेल्पलाइन 1800 1200 111 पर संपर्क करने की अपील की।

शार्प साइट आई हॉस्पिटल्स (एएसजी एंटरप्राइज) के को-फाउंडर एवं मेडिकल डायरेक्टर डॉ. कमल बी कपूर ने कहा कि आंखों की छोटी चोट भी गंभीर रूप ले सकती है।

चोट लगने पर आंख को रगड़ना या घरेलू उपाय करना नुकसानदायक हो सकता है।

दीपावली पर आंखों की सुरक्षा के पांच जरूरी उपाय

1. **सुरक्षित दूरी बनाए रखें:** पटाखे जलाते समय हाथ की पूरी दूरी बनाए रखें। लंबी अगरबत्ती का उपयोग करें और पटाखा जलाने के बाद तुरंत पीछे हट जाएं।
2. **सुरक्षात्मक चश्मे का उपयोग करें:** पटाखे जलाने वाले बच्चों और वयस्कों को आंखों की सुरक्षा के लिए सुरक्षात्मक चश्मा पहनना चाहिए।
3. **बच्चों पर रखें निगरानी:** बच्चों को पटाखे हमेशा किसी बड़े व्यक्ति की देखरेख में ही चलाने चाहिए।
4. **पटाखों के ऊपर न झुकें:** पटाखा जलाते समय उसके ऊपर झुकने से बचें और जो पटाखा नहीं चला हो, उसके पास दोबारा न जाएं।
5. **घायल आंख को न रगड़ें:** आंख में चोट लगने पर उसे रगड़ना, दबाना या अंदर फंसी वस्तु निकालने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

सोशल मीडिया से



दुनिया के लिए धन्वंतरि धाम बनेगा अध्ययन का सबसे बड़ा केन्द्र : कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत

पतंजलि के हर्बल कुंभ का शुभारंभ, औषधीय खेती और भारतीय ज्ञान परंपरा को मिलेगा नया आयाम : आचार्य बालकृष्ण

पौड़ी गढ़वाल/हरिद्वार। उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के यमकेश्वर ब्लॉक स्थित मालाग्राम में विकसित हो रहे 'हर्बल वर्ल्ड हिमालय-श्री धन्वंतरि धाम' में बुधवार को तीन दिवसीय 'हर्बल कुंभ, जड़ी-बूटी कृषि मेला एवं धन्वंतरि महोत्सव-2026' का भव्य शुभारंभ हुआ। आयोजन का उद्देश्य आयुर्वेद, औषधीय वनस्पतियों, प्राकृतिक खेती और भारतीय ज्ञान परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाना है। पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि अगले पांच वर्षों में धन्वंतरि धाम विश्वस्तरीय आयुर्वेद, अनुसंधान, आध्यात्मिक पर्यटन और भारतीय संस्कृति का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि यह परियोजना व्यावसायिक नहीं, बल्कि मानवता को भारतीय ज्ञान और प्रकृति से जोड़ने का अभियान है।



किसानों और शोधार्थियों के लिए बनेगा प्रशिक्षण केंद्र

मुख्य अतिथि एवं उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि दुर्गम वन क्षेत्र में विकसित यह परियोजना अद्भुत है। उन्होंने विश्वास जताया कि एक वर्ष में यह प्रमुख तीर्थ और आने वाले समय में वैश्विक अध्ययन केंद्र के रूप में स्थापित होगी। उन्होंने राज्य के किसानों के लिए चार-पांच दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा विश्वविद्यालयों के शोधार्थियों को यहां अध्ययन हेतु भेजने की घोषणा की।

औषधीय खेती से रुकेगा पलायन : आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन रोकने के लिए औषधीय खेती और कृषि आधारित उद्यमिता को बढ़ावा दिया जाएगा। किसानों को मॉडल फार्मिंग, औषधीय पौधों की खेती और आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि परिसर में 50 हजार से अधिक औषधीय पौधे लगाए जा चुके हैं और 109 खंडों में वनस्पतियों का वैज्ञानिक संकलन किया गया है।

200 एकड़ में विकसित हो रहा हर्बल संसार : करीब 200 एकड़ में विकसित हो रहे धन्वंतरि धाम में औषधीय एवं सुगंधित पौधों, प्राकृतिक खेती, डिजिटल कृषि, मृदा परीक्षण, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, मिलेट आधारित उद्योग और ग्रामीण उद्यमिता से जुड़े 60 से 70 प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए हैं। उद्घाटन अवसर पर 'पतंजलि किसान डायरी' सहित चार पुस्तकों का विमोचन भी किया गया।

हर वर्ष होगा हर्बल कुंभ

आचार्य बालकृष्ण ने घोषणा की कि अब यह आयोजन प्रतिवर्ष होगा। अगला हर्बल कुंभ, जड़ी-बूटी कृषि मेला एवं धन्वंतरि महोत्सव 25 से 27 अक्टूबर 2027 तक धन्वंतरि धाम में आयोजित किया जाएगा। उनका लक्ष्य इसे विश्वस्तरीय आयुर्वेद और औषधीय अनुसंधान केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

सूरतगढ़-अनूपगढ़ रेलमार्ग पर विस्फोट पर जताई चिंता

रेलवे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। नागरिक संघर्ष समिति (रेल) ने अनूपगढ़-सूरतगढ़ रेल मार्ग पर 50जीबी के पास रेलवे पटरी पर हुए विस्फोट की घटना पर गहरी चिंता जताई है। समिति के संयोजक का. लक्ष्मण शर्मा व सचिव कामरेड मदन ओझा ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में रेलवे सुरक्षा में लापरवाही गंभीर खतरा बन सकती है। पदाधिकारियों ने बताया कि समिति पिछले कई वर्षों से सुरक्षा मानकों में सुधार की मांग कर रही है, लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा। अनूपगढ़ में रेलवे पुलिस चौकी बंद है, जबकि सूरतगढ़ आरपीएफ और जीआरपी चौकी में सुरक्षा कर्मियों की संख्या नाममात्र है। स्टेशनों पर मोबाइल चोरी, सामान चोरी और जहरखुरानी जैसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। सीमावर्ती व संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण इस मार्ग पर आरपीएफ और जीआरपी की नफरी बढ़ाकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने चाहिए। समिति ने इस घटना की गंभीरता से उच्चस्तरीय जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

गांवों की सरकार को आज मिलेगा नया मुखिया!

सूरतगढ़-राजियासर की 63 पंचायतों में होगा मतदान, बड़ी संख्या में पंच निर्विरोध चुने गए, रातभर चला मान-मनुहार का दौर

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। पंचायत समिति व जिला परिषद सदस्यों के चुनाव के बाद अब गांवों की नई सरकार बनाने के जबरदस्त गहमागहमी बन गई है। पंचायतीराज आम चुनाव के तृतीय चरण के तहत गुरुवार को सूरतगढ़ व नवगठित राजियासर पंचायत समिति क्षेत्र की 63 ग्राम पंचायतों सहित विजयनगर पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में पंच व सरपंच पदों के लिए मतदान होगा। चुनाव को लेकर बुधवार को गांवों में दिनभर गहमागहमी रही। चुनाव चिह्न आवंटित होते ही प्रत्याशियों के प्रचार अभियान ने रफ्तार पकड़ ली और शाम होते-होते चुनावी मुकाबले ने जोर पकड़ लिया और देर रात तक मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए मान-मनुहार का दौर चलता रहा।

सूरतगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र में 36 व नवगठित राजियासर पंचायत समिति क्षेत्र में 27 ग्राम पंचायतें हैं। दोनों क्षेत्रों में बड़ी संख्या में वार्ड पंच निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। शेष पदों पर चुनावी मुकाबले को लेकर प्रत्याशियों व उनके समर्थकों ने पूरी ताकत झोंक दी है।



सूरतगढ़ पंचायत समिति के निर्वाचन अधिकारी व उपखंड अधिकारी भरत जयप्रकाश मीणा तथा राजियासर क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी व तहसीलदार विनोद कड़वासरा की देखरेख में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए गए। इसके साथ ही गांवों में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गईं। प्रत्याशियों ने घर-घर संपर्क कर मतदाताओं से समर्थन मांगा।

प्रिंटिंग प्रेस पर उमड़ी भीड़, रातभर चला संपर्क

चुनाव चिह्न आवंटित होने के बाद प्रिंटिंग प्रेस की दुकानों पर नमूना मतपत्र छपवाने के लिए प्रत्याशियों व समर्थकों की भीड़ जुट गई। नमूना मतपत्र लेकर समर्थक गांवों में मतदाताओं तक पहुंचे और उन्हें अपने प्रत्याशी का चुनाव चिह्न बताने में जुटे रहे। देर रात तक घर-घर संपर्क, बैठकों व मतदाताओं की मान-मनुहार का दौर चलता रहा। प्रत्याशी एक-एक वोट अपने पक्ष में करने के लिए हरसंभव प्रयास करते नजर आए।

आज मतदान, शाम को ही होगी मतगणना

निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मतगणना करवाई जाएगी। इसके बाद 6 नवंबर को उपसरपंच पद के लिए चुनाव होगा। ऐसे में गुरुवार रात तक सरपंच पद के चुनाव परिणाम सामने आ जाएंगे और गांवों की नई सरकार की तस्वीर साफ हो जाएगी। सरपंच चुनाव शांतिपूर्ण करवाने के लिए पुलिस भी लगातार मुस्तैद रही।

यूएसओ इंटर-स्कूल्स फेस्ट में बिरला पब्लिक स्कूल के सात विद्यार्थियों ने जीते पुरस्कार



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 31 अक्टूबर को बिरला बालिका विद्यापीठ, पिलानी में आयोजित यूएसओ इंटर-स्कूल्स फेस्ट 2026 में शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 15 विद्यालयों के 124 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय के 15 प्रतिभागियों में से सात विद्यार्थियों ने पुरस्कार हासिल किए। विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा नौवीं के युगांत एवं विवान बिहानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं नाटिका एवं नाटक प्रतियोगिता में सुंदरा गिल, अनन्या, काव्या ढुंढारा, सान्वी खुराना एवं गुंतास सिंह जाखड़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिक्षिका सुमन, श्याम सुंदर गिरि एवं गतिविधि समन्वयक खुशबू झा ने मार्गदर्शन दिया। उप-प्राचार्या सुशीला सहारण एवं प्रधानाध्यापिका आकांक्षा खुल्लर ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

नगरपालिका मंडल की प्रथम साधारण सभा की बैठक आज



श्रीविजयनगर। नगरपालिका मंडल की प्रथम साधारण सभा की बैठक गुरुवार, 5 नवंबर को नगरपालिका अध्यक्ष सुशील कुमार मिड्ढा की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक नगरपालिका सभागार कक्ष में प्रातः 11:15 बजे शुरू होगी। बैठक में नगरपालिका क्षेत्र के विकास, शहर की मूलभूत सुविधाओं, सफाई व्यवस्था, पेयजल, सड़क,नाली निर्माण सहित विभिन्न जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। इसके अलावा शहर के विकास कार्यों को गति देने तथा आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

सरदारशहर के जयसंगसर में चुनावी रंजिश सरपंच चुनाव के दौरान दो गुटों में हिंसक झड़प



सीमा सदेश # सरदारशहर। सरदारशहर तहसील के जयसंगसर गांव में मंगलवार रात्रि सरपंच चुनाव के प्रचार के दौरान दो गुटों के बीच विवाद हो गया। नारेबाजी और शराब के नशे में शुरू हुई कहासुनी मारपीट और पथराव में बदल गई, जिससे तीन युवक घायल हो गए। घटना में एक पिकअप और एक ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गए। घायलों को सरदारशहर के राजकीय उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही थानाधिकारी धीरेन्द्र सिंह शेखावत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की। देर रात तक गांव में पुलिस गश्त जारी रही। प्रशासन ने जयसंगसर को संवेदनशील मतदान केंद्र घोषित किया है। सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र में कुल 25 संवेदनशील बूथ चिन्हित किए गए हैं। इस चुनाव में पूर्व उपप्रधान ताराचंद सारण की पत्नी तारा देवी सारण और निवर्तमान सरपंच शीशराम सारण आमने-सामने हैं, जिससे मुकाबला काफी रोमांचक और चर्चा का विषय बना हुआ है। चुनाव से ठीक पहले हुई इस हिंसा के बाद प्रशासन के लिए शांतिपूर्ण मतदान करवाना एक बड़ी चुनौती बन गया है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और गांव में पुलिस बल तैनात है।

■ **खिड़की से सिर बाहर निकालते ही टक्कर : संभल।** फरीदाबाद से बेटी की दवा लेकर पति और बच्ची के साथ लौट रही महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। बहजोई क्षेत्र की दोजवती कार से घर लौट रही थीं। बबराला मार्ग पर गांव भगता नगला के पास उल्टी आने पर उन्होंने कार की खिड़की से सिर बाहर निकाला, तभी सामने से आ रहे हैरो लगे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी।

कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- राजकाज रेफ नम्बर दिनांक:- 30.10.2026
आपत्ति सूचना
सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थी श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री अमृतनाथ ने आवेदन पत्र, शपथ पत्र, व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर अहाता संख्या 919 पुरानी आबादी वार्ड नम्बर 13 श्रीगंगानगर साईज 393.75 दरगज अपने नाम से परिषद रिकार्ड में दर्ज कर नामान्तरण करवाने हेतु निवेदन किया हैं। 212444 यह कि प्रशनगत मकान प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार अहाता संख्या 919 पुरानी आबादी श्रीगंगानगर का स्टेट समय आवंटन श्री त्रिलोकनाथ पुत्र श्री मेघनाथ के नाम से है। श्री त्रिलोकनाथ पुत्र श्री मेघनाथ का देहांत दिनांक 09.03.1996 को हो चुका है। वारिस प्रमाण पत्र अनुसार 04 वारिसान 1. अमृतनाथ पुत्र 2. मीरा देवी पुत्री 3. सूरजनाथ पुत्र 4. विधा देवी पुत्री। श्री अमृतनाथ पुत्र स्व त्रिलोकनाथ ने अपने जीवन काल में दिनांक 10.08.2015 को अहाता संख्या 919 पुरानी आबादी वार्ड नम्बर 13 श्रीगंगानगर साईज 393.75 दरगज की बन्द लिफाफा वसीयत अपने पुत्र श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री अमृतनाथ के हक में कर दी। संलग्न मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार श्री अमृतनाथ पुत्र स्व त्रिलोकनाथ का देहांत दिनांक 31.08.2015 को हो चुका है। बन्द वसीयत को खोला जाकर पंजीयन करवाया गया है। उपरोक्तानुसार प्रार्थी द्वारा नामान्तरण चाहा गया है। नामान्तरण जारी करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के बाद नामान्तरण जारी करने की कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात कोई उज्र मान्य नहीं होगा। **आयुक्तनगरपरिषद, श्रीगंगानगर**

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- नियमन / 2026 / 9080 दिनांक:-4/11/2026
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 6 जेड मुरब्बा नं. 19/10 के किला नं. 9 में माप 25 इन्दु 40 फीट भूखण्ड संख्या 76 श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 982 दिनांक 17.03.2001 को श्री राम कुमार पुत्र श्री मामराज के नाम से जारी किया हुआ है। श्री राम कुमार शर्मा की मृत्यु दिनांक 10.05.2004 को होने के उपरान्त उक्त भूखण्ड इनके वारिस श्री धर्मेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री राम कुमार शर्मा निवासी वार्ड नं. 1, गली नं. 2, देव नगर पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर द्वारा पंजीकृत दस्बरदारी दिनांक 26.11.2025 द्वारा प्राप्त कर अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटे एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर भूखण्ड का फ्री होल्ड पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम, 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
प्रभारी अधिकारी नियमन शाखा, नगर विकास न्यास,श्रीगंगानगर

प्रपत्र संख्या - 7 (देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग खण्ड हनुमानगढ़।
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन
क्रमांक : राजकाज 25333520 दिनांक : 03/11/2026
वास्ते-सर्वसाधारण को सूचनार्थ नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को (नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री सत्यपाल शर्मा निवासी बी 12 बालाजी धाम के पास, वैशाली नगर 7 ई छोटी, श्रीगंगानगर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 के अन्तर्गत श्री रामेश्वरम् गौ सेवा ट्रस्ट मु.नं. 8,9 के खाता संख्या 7/7 चक लालगढ़ बरानी तहसील सादुलशहर, जिला श्रीगंगानगर प्रन्यास में जांच किए जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है। अतः अधिनियम की धारा 18 की उपधारा 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, मे हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि इस नोटिस के जारी होने की तारीख से सात दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियाँ यदि कोई हो, प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्विदिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियाँ प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 03.11.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर से अधीन जारी किया गया। प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.01.2027 निश्चित है। **मोहर**
- (गौरव सोनी), सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, हनुमानगढ़

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- नियमन/2026/9041 दिनांक :- 23/10/2026
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में आवासीय भूखण्ड वाके चक 2 एमएल मुरब्बा नं. 01 के किला नं. 09 में भूखण्ड संख्या सी-20 का माप 30'-0" गुणा 51'-0" फीट का के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री उमेश सिडाना पुत्र श्री हंसराज सिडाना निवासी 24 एन ब्लॉक श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन/पट्टा सं. 17001 दिनांक 18.10.2022 के द्वारा जारी किया गया था। आवेदक/पट्टाधारक द्वारा उक्त जारी पट्टे को निर्धारित समयावधि में उपपंजीयन कार्यालय से पंजीकृत नहीं करवाया गया। आवेदक द्वारा जरिये प्रार्थना पत्र उक्त भूखण्ड के जारी पट्टे को नवीनीकरण हेतु निवेदन किया गया है। विभागीय आदेशानुसार 3 वर्ष अवधि के पश्चात पट्टा नवीनीकरण नहीं किया जाकर पुनः नया पट्टा जारी किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/पट्टे के आधार पर नया पट्टा जारी करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त नियमानुसार आवेदक श्री उमेश सिडाना पुत्र श्री हंसराज सिडाना निवासी 24 एन ब्लॉक श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/जारी पट्टे के आधार पर चक 2 एमएल मुरब्बा नं. 01 के किला नं. 09 में भूखण्ड संख्या सी-20 का माप 30'-0" गुणा 51'-0" फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - **प्रभारी अधिकारी (नियमन), नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

संत आसाराम बापू का आरोग्यम हॉस्पिटल में उपचार करवाने की मांग

श्री योग वेदांत सेवा समिति ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मानवाधिकार आयोग को भेजा ज्ञापन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। केंद्रीय कारागार जोधपुर में निरुद्ध संत आसा रामजी बापू के स्वास्थ्य को लेकर श्री योग वेदांत सेवा समिति एवं अनुयायियों ने चिंता जताई है। मंगलवार को समिति पदाधिकारियों एवं साधकों ने अतिरिक्त जिला कलक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राजस्थान के मुख्यमंत्री तथा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को ज्ञापन भेजकर संत आसाराम बापू को आरोग्यम हॉस्पिटल, जोधपुर में उपचार उपलब्ध करवाने की मांग की।

श्री योग वेदांत सेवा समिति, श्रीगंगानगर के उपाध्यक्ष संजय पेड़ीवाल ने ज्ञापन में बताया कि 87 वर्षीय संत का स्वास्थ्य लगातार चिंताजनक बना हुआ है। हाल ही में हृदयाघात एवं उसके बाद उत्पन्न हुई स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं को देखते हुए उन्हें तत्काल उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। समिति ने न्यायालयों के आदेशों की पालना करते हुए आरोग्यम हॉस्पिटल में भर्ती करवाने तथा जेल में आवश्यक चिकित्सा एवं बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इसके साथ ही केंद्रीय कारागार की परिस्थितियों एवं संभावित लापरवाही की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच करवाने की मांग भी की गई। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि यह किसी विशेष सुविधा की मांग नहीं, बल्कि एक बुजुर्ग बंदी को मानवीय आधार पर आवश्यक उपचार और सम्मानजनक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने का आग्रह है। इस दौरान समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं अनुयायी उपस्थित रहे।



साढ़े 6 साल की उम्र में कियांश जसूजा ने जीता गोल्ड मेडल

राजस्थान राज्य जू-जित्सु चैंपियनशिप में बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। छोटी सी उम्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 6.5 वर्षीय कियांश जसूजा ने राजस्थान राज्य जू-जित्सु चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अपने परिवार, स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में 2 एवं 3 नवंबर को आयोजित 5वीं राजस्थान राज्य जू-जित्सु चैंपियनशिप में प्रदेशभर से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कियांश जसूजा ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास, मेहनत और शानदार खेल प्रदर्शन का परिचय देते हुए न्यूजा इवेंट के +28 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। कियांश जसूजा यूरो वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थी हैं तथा देवा कुराश अकैडमी में कोच धर्मेंद्र के मार्गदर्शन में जू-जित्सु का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। मात्र साढ़े छह वर्ष की उम्र में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल करना उनकी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है। इस प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर जिला जू-जित्सु एसोसिएशन द्वारा राजस्थान जू-जित्सु एसोसिएशन के तत्वावधान में किया गया था।



पंचायत समिति सदस्य पद चुनाव हेतु भाजपा-कांग्रेस ने उतारे प्रत्याशी, उम्मीदवारों की लिस्ट हुई जारी

सीमा सन्देश # अनूपगढ़। अनूपगढ़ पंचायत समिति के सदस्य पद के चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पंचायत समिति के सभी 21 जोन में दोनों पार्टियों ने उम्मीदवार उतारे हैं। भाजपा की तरफ से पंचायत समिति चुनाव प्रभारी दमयंती बेनीवाल, संयोजक एडवोकेट राजाराम ऐचरा, पूर्व विधायक संतोष बावरी और देहात नगरमंडल अध्यक्ष नरेंद्र बराड़ सहित कार्यकर्ताओं ने रिटर्निंग ऑफिसर कौशल्या बिश्नोई को प्रत्याशियों के नाम सौंपे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी श्रवणसिंह बगड़ी ने प्रत्याशियों की सूची जारी की, जिसके अनुसार जोन नंबर 1 से सिकंदर पाल कौर, जोन नंबर 2 से रामचंद्र नायक, जोन नंबर 3 से करमजीत कौर, जोन नंबर 4 से नरसी और जोन नंबर 5 से अमर सिंह, जोन नंबर 6 से मुखराम, जोन नंबर 7 से लवप्रीत कौर, जोन नंबर 8 से गुरतेज सिंह, जोन नंबर 9 से हरप्रीत कौर और जोन नंबर 10 से पवन कुमार, जोन नंबर 11 से सुमित्रा, जोन नंबर 12 से चेतन राम, जोन नंबर 13 से रेखा देवी, जोन नंबर 14 से माया, जोन नंबर 15 से देवीलाल, जोन नंबर 16 से रामेश्वरलाल, जोन नंबर 17 से रामेश्वरी, जोन नंबर 18 से गुरविंद्र सिंह, जोन नंबर 19 से हितेश कुमार, जोन नंबर 20 से राजवीर कौर और जोन नंबर 21 से बलजीत कौर को टिकट दिया गया है। इसी तरह कांग्रेस पार्टी की तरफ से नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलदीप सिंह गिल, महासचिव गुरविंदर जाखड़, जलन्धर सिंह तूर, नगरपालिका उपाध्यक्ष कर्मनिशा बानो, राजा हेयर, कृपालसिंह गिल ने कार्यकर्ताओं के साथ रिटर्निंग अधिकारी को प्रत्याशियों के नाम सौंपे। कांग्रेस कमेटी ने जोन नंबर 1 से राम देवी, जोन नंबर 2 से विजय सिंह, जोन नंबर 3 से परमिंदर कौर, जोन नंबर 4 से नाजर सिंह और जोन नंबर 5 से केसूराम को प्रत्याशी बनाया गया है। इसी तरह जोन नंबर 6 से रुकमा देवी, जोन नंबर 7 से सरबजीत कौर, जोन नंबर 8 से कृपाल सिंह, जोन नंबर 9 से परमजीत कौर, जोन नंबर 10 से महेंद्र कपूर, जोन नंबर 11 से मनजीत कौर, जोन नंबर 12 से बंसीलाल, जोन नंबर 13 से सुनीता देवी, जोन नंबर 14 से मंजू, जोन नंबर 15 से सुनील कुमार, जोन नंबर 16 से गुरतेज सिंह, जोन नंबर 17 से मनप्रीत कौर, जोन नंबर 18 से राजविंद्र सिंह, जोन नंबर 19 से सुभाष कुमार, जोन नंबर 20 से राम प्यारी और जोन नंबर 21 से संदीप कमल को प्रत्याशी घोषित किया गया है।



मिर्जेवाला में रेल सेवा विस्तार से मिलेगा फायदा

सीमा सन्देश # मिर्जेवाला। जम्मू तवी रेलगाड़ी को श्रीगंगानगर-फाजिल्का मार्ग से चलाने पर सहमति बनने से क्षेत्र में खुशी की उम्मीद जगी है। इस संबंध में पीपुल्स ग्रीन पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश कुमार नागपाल ने रेल मंत्रालय और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नाम भेजे गए अपने पत्र में इस निर्णय को सीमावर्ती क्षेत्र के यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया है। इस रेल मार्ग से श्रीगंगानगर, हिंदूमलकोट, गजसिंहपुर, श्रीकरणपुर, केसरीसिंहपुर, अबोहर, फाजिल्का और जलालाबाद सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को लाभ मिलेगा।



कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर
क्रमांक : राजकाज रेफ. नं. 25313463 दिनांक : 02.11.2026
आपत्ति सूचना
सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थीया श्री सुनील कुमार काम्बरा पुत्र श्री नानक सिंह व श्रीमती कविता चड्ढा पत्नी श्री सुनील कुमार काम्बरा ने आवेदन पत्र, शपथ पत्र, व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 593 विनोबा बस्ती श्रीगंगानगर साईज 30 गुणा 50 फीट में से 25 गुणा 30 फीट कॉर्नर पूर्व दक्षिण खुलता हुआ अपने नाम से परिषद रिकार्ड में दर्ज कर नामान्तरण करवाने हेतु निवेदन किया हैं. 171982 यह कि प्रशनगत भूखण्ड प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार भूखण्ड संख्या 593 विनोबा बस्ती श्रीगंगानगर साईज 30 गुणा 50 फीट जरिये पंजीकृत बैनामा दिनांक 10.06.1966 द्वारा ललिता प्रसाद पुत्र श्री शम्भुनाथ से कामभीरोलाल, हंसराज व मदनलाल पिसरान श्री ईसर दास ने क्रय किया. श्री ईसराज पुत्र श्री ईसरदास का देहांत प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है. दिनांक 22.03.1991 को जारी प्रमाण पत्र अनुसार निम्न वारिसान 1. शीला देवी पत्नी 2. सुरेन्द्र पाल आहूजा 3. अशोक कुमार 4. कृष्ण कुमार 5. हरीश कुमार 6. संजीव कुमार 7. स्वरणा देवी 8. सुनीता रानी. शीला देवी पत्नी स्व श्री ईसराज, सुरेन्द्र कुमार, अशोक कुमार, हरीश कुमार, कृष्ण कुमार, संजीव कुमार पुत्र स्व श्री ईसराज, स्वर्णा देवी, सुनीता देवी पुत्रीयान स्व श्री ईसराज ने जरिये पंजीकृत दस्बरदारी दिनांक 07.11.2005 द्वारा भूखण्ड संख्या 593 विनोबा बस्ती श्रीगंगानगर साईज 30 गुणा 50 फीट में से 500 वर्गफीट में से अपना अपना भाग सुशील कुमार पुत्र स्व श्री कामगीरोलाल के हक में छोड़ दिया. श्री कशमगीरोलाल का देहांत प्रमाण पत्र व वारिसनामा संलग्न नहीं है. भूपेन्द्र नाथ, सुरेन्द्र कुमार, मनोज कुमार पिसरान स्व श्री कशमगीरोलाल, रेणु रानी पुत्री स्व श्री कामगीरोलाल ने जरिये पंजीकृत दस्तावदारी दिनांक 07.11.2005 द्वारा भूखण्ड संख्या 593 विनोबा बस्ती श्रीगंगानगर साईज 30 गुणा 50 फीट में से 195 वर्गफीट श्री सुशील कुमार पुत्र स्व श्री कामगीरोलाल के हक में छोड़ दिया. श्री सुशील कुमार पुत्र स्व श्री कशमगीरोलाल ने जरिये पंजीकृत बैनामा दिनांक 05.12.2006 द्वारा भूखण्ड संख्या 593 विनोबा बस्ती श्रीगंगानगर साईज 30 गुणा 50 फीट में से 25 गुणा 30 फीट कॉर्नर पूर्व दक्षिण खुलता हुआ श्री कमल नारंग एचयूएफ पुत्र श्री मदनलाल नारंग व श्रीमती रवीना नारंग पत्नी श्री कमल नारंग को विक्रय कर दिया. भूखण्ड संख्या 593 विनोबा बस्ती श्रीगंगानग

न्यूज इन ब्रीफ

नशा करने का आदी था, घर पर मिला मृत

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। संगरिया के वार्ड नंबर दो में एक 26 वर्षीय युवक घर में मृत अवस्था में मिला। परिजनों के अनुसार युवक नशा करने का आदी था। सूचना मिलने पर संगरिया थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की तथा मर्ग दर्ज की। पुलिस के अनुसार संतराम (58) पुत्र करतार सिंह बावरी निवासी वार्ड नंबर दो, संगरिया ने रिपोर्ट दी कि उसका पुत्र सतनाम सिंह (26) नशा करने का आदी था। 31 अक्टूबर की शाम करीब सात बजे सतनाम सिंह घर में मृत अवस्था में मिला। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक सुखचैन सिंह कर रहे हैं।

ग्रामीणों में भारी उत्साह

सीमा सन्देश # बरवाली। पंचायतीराज चुनाव-2026 के तहत गुरुवार को सरपंच पदों के लिए मतदान हो रहा है। मतदान को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। नेठराना, बरवाली, गोगामेड़ी, पदमपुरा, भरवाना, रामगढ़, परलीका, उजलवास, फेफाना, मुंसरी, 22 एनटीआर, सरदारगढ़िया, जसाना, रतनपुरा, मलसीसर और डुंगराना सहित विभिन्न गांवों में लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदाता बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। उप तहसील रामगढ़ में सरपंच पद के लिए सबसे अधिक छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिससे यहां मुकाबला रोचक बना हुआ है। मतदान केन्द्रों पर चुनाव कर्मचारी पुलिस जाब्ते के साथ तैनात हैं और शांतिपूर्ण मतदान करवाने के लिए व्यवस्थाएं की गई हैं।

पत्नी के लापता होने पर पति ने जताई अपहरण की आशंका

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन की बरकत कॉलोनी से एक विवाहिता के लापता होने का मामला सामने आया है। पति दीपक (25) ने रिपोर्ट दी कि उसकी पत्नी मनप्रीत (22) 2 नवंबर की रात घर से करीब तीन तोला सोने के जेवरात, 500 ग्राम चांदी के आभूषण और 5 से 7 हजार रुपए लेकर लापता हो गई। पति ने फतेहगढ़ गोदारा बास निवासी जगदेव पर पत्नी को अपने साथ ले जाने की आशंका जताई है। रिपोर्ट के अनुसार घटना के बाद से जगदेव भी घर से गायब है और दोनों के मोबाइल बंद आ रहे हैं। पुलिस ने अपहरण के आरोप में मामला दर्ज कर जांच हेड कांस्टेबल मान सिंह को सौंपी है।

तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से राहगीर घायल, चालक फरार

सीमा सन्देश # नोहर। गांव मालिया में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से प्रभुराम धाणक घायल हो गए। उनके पुत्र वकील कुमार ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि 2 नवंबर की रात करीब एक बजे उनके पिता चौगान से घर लौट रहे थे। इसी दौरान टीकू की दुकान के पास मुकेश कुमार ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में प्रभुराम के सिर, मुंह और पैरों सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। आरोप है कि चालक भागते समय विद्युत पोल और स्कूल के गेट के पास लगे चेतावनी बोर्ड से भी टकराया। बाद में वाहन सवार लोगों ने मौके पर पहुंचे परिजनों को लाठियां व बरछियां दिखाकर धमकाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

5 से 8 नवम्बर तक सजेगा अस्थाई पटाखा बाजार, जंक्शन और टाउन सहित छह स्थानों पर लगेंगी दुकानें

पटाखा दुकानों के लिए 816 आवेदनों की लॉटरी निकाली, 473 दुकानों का आवंटन

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। दीपावली के मद्देनजर अस्थाई पटाखा दुकानों के लाइसेंस आवंटन के लिए बुधवार को टाउन स्थित नगर परिषद कार्यालय के सभागार में लॉटरी निकाली गई। जंक्शन, टाउन, डबलीराठान, रोड़ांवाली, धोलीपाल और पक्कासारणा में अस्थाई पटाखा बाजार लगाने के लिए कुल 816 आवेदन प्राप्त हुए थे। लॉटरी प्रक्रिया के बाद 473 दुकानों का आवंटन किया गया तथा चयनित आवेदकों को तुरंत लाइसेंस जारी कर दिए गए। नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता मेघराज ने बताया कि उपखंड अधिकारी के निर्देशानुसार प्राप्त आवेदनों की लॉटरी निकाली गई। इसमें जंक्शन के लिए 349 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 180 दुकानों का आवंटन किया गया। इसी प्रकार टाउन के लिए प्राप्त 411 आवेदनों में से 235 दुकानों की लॉटरी निकाली गई। डबलीराठान में 19 आवेदन प्राप्त हुए और सभी 19 आवेदकों को दुकानें आवंटित की गईं। रोड़ांवाली में पांच तथा धोलीपाल में चार आवेदन प्राप्त हुए और सभी आवेदकों को दुकानें आवंटित की गईं।



पक्कासारणा में 30 दुकानें आवंटित

वहीं, पक्कासारणा में 31 आवेदनों में से लॉटरी के जरिए 30 दुकानों का आवंटन किया गया। उन्होंने बताया कि अस्थाई पटाखा बाजार 5 नवम्बर से 8 नवम्बर तक संचालित होंगे। जंक्शन में गांधीनगर अंडरपास के पास स्थित डीईओ कार्यालय परिसर में तथा टाउन में नेहरू पार्क के नजदीक और अल्फा सिटी के पास पटाखा दुकानें लगाई जाएंगी। पटाखा बाजारों में सुरक्षा के दृष्टिगत नगर परिषद की ओर से अग्निशमन वाहन तैनात रहेगा।

इसके अलावा यातायात व्यवस्था और पुलिस जाप्ते की भी व्यवस्था की जाएगी, ताकि पटाखा खरीदने आने वाले लोगों को परेशानी न हो और बाजारों में सुरक्षा बनी रहे।

चुनाव : भाजपा ने 18 तो कांग्रेस ने सभी 19 सीटों पर उतारे प्रत्याशी

भाजपा ने एक वार्ड छोड़ा, जमा करवाए प्रत्याशियों के सिंबल

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत टाउन पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए भाजपा और कांग्रेस ने अपने पत्ते खोल दिए। बुधवार को भाजपा और कांग्रेस ने टाउन पंचायत समिति के सदस्यों पदों के प्रत्याशियों की सूची सार्वजनिक कर दी। दोनों ही पार्टियों की ओर से अपने-अपने पार्टी प्रत्याशियों के चुनाव चिह्न संबंधी दस्तावेज रिटर्निंग अधिकारी को जमा करवाए गए। भाजपा ने टाउन पंचायत समिति के कुल 19 वार्डों में से 18 वार्डों में प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं, जबकि अनारक्षित वार्ड नंबर 9 से किसी उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया गया है। वहीं, कांग्रेस की ओर से सभी 19 सीटों पर पार्टी के सिंबल पर प्रत्याशी उतारे गए हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष प्रमोद डेलू, पंचायत समिति चुनाव जिला प्रभारी दीपक पारीक और टाउन पंचायत समिति चुनाव प्रभारी मोहित छाबड़ा के हस्ताक्षर से जारी सूची के अनुसार वार्ड 1 से राकेश कुमार, वार्ड 2 से महेन्द्र सिंह, वार्ड 3 से जन्टासिंह, वार्ड 4 से आदराम, वार्ड 5 से मदनलाल, वार्ड 6 से प्रियंका रानी, वार्ड 7 से जगतार सिंह और वार्ड 8 से महावीर सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है। इसी प्रकार वार्ड 10 से सुरेन्द्र कुमार, वार्ड 11 से मंजू, वार्ड 12 से कलावती, वार्ड 13 से सुमन, वार्ड 14 से छिन्द्रपाल कौर, वार्ड 15 से राजबाला, वार्ड 16 से सुलोचना, वार्ड 17 से सुभाष, वार्ड 18 से सरोज और वार्ड 19 से नेमपाल कौर को भाजपा ने चुनाव मैदान में उतारा है।



कांग्रेस ने इन्हें उतारा मैदान में

कांग्रेस पार्टी की ओर से ब्लॉक संख्या 1 से संजय कुमार, 2 से हरजिन्द्र सिंह, 3 से बलजीत सिंह, 4 से प्रभुदयाल, 5 से मंगलाराम, 6 से संतोष, 7 से भानीराम, 8 से लीलूराम, 9 से ऐश मोहम्मद, 10 से हनुमान मेघवाल, 11 से पिंकी कंवर, 12 से निर्मला देवी, 13 से नीलम, 14 से सुशीला, 15 से कलावती, 16 से बिमला देवी, 17 से गुरजन्ट सिंह, 18 से सुमन और 19 से सरोज को प्रत्याशी बनाया गया है।

कांग्रेस जिला प्रमुख भी बनाएगी

दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी की ओर से टाउन पंचायत समिति के प्रत्याशियों के सिंबल जिला प्रभारी एमडी चौपदार व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनीष मक्कासर के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय में रिटर्निंग अधिकारी को जमा करवाए गए। इस दौरान जिला प्रभारी एमडी चौपदार ने बताया कि पार्टी के नेताओं, विधायकों, अग्रिम संगठनों के अध्यक्षों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की सहमति से जीतने की क्षमता रखने वाले कार्यकर्ताओं को टिकट देने का प्रयास किया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि चारों पंचायत समितियों में कांग्रेस जीत दर्ज करेगी और जिला प्रमुख भी कांग्रेस का बनेगा। चौपदार ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले तीन वर्षों में प्रदेश की कानून व्यवस्था बिगड़ी है और विकास कार्य रुके हुए हैं। उन्होंने ओलावृष्टि और अकाल राहत का मुद्दा उठाते हुए कहा कि किसानों के लिए राहत का कोई ठोस प्लान शुरू नहीं किया गया। मुख्यमंत्री अधिकारियों को भेजकर रिपोर्ट मंगवा रहे हैं, जबकि उन्हें स्वयं प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर किसानों की समस्याएं समझनी चाहिए और मुआवजे के लिए योजना बनानी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता पिछले तीन वर्षों के कार्यकाल को देखते हुए आगामी चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करेगी।

पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट, एएसपी गीता ने दिए सुरक्षा के सख्त निर्देश

मतदान केन्द्रों के 200 मीटर दायरे में रहेगी कड़ी निगरानी



सीमा सन्देश # नोहर। पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को उपखंड अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी सुनीता यादव की अध्यक्षता में उपखंड कार्यालय में सेक्टर अधिकारियों एवं एरिया मजिस्ट्रेट की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता भी मौजूद रहीं। अधिकारियों ने 5 नवंबर को मतपेटियों के माध्यम से होने वाले सरपंच एवं वार्ड पंच चुनाव की मतदान, मतगणना और सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

संवेदनशील बूथों पर विशेष सतर्कता

बैठक में एसडीएम सुनीता यादव ने सेक्टर अधिकारियों को प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतपेटियों, मतपत्रों एवं अन्य निर्वाचन सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मतदान की गोपनीयता बनाए रखने तथा मतगणना स्थलों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान की प्रगति की जानकारी निर्धारित समय पर ब्लॉक निर्वाचन नियंत्रण कक्ष को भेजने तथा 6 नवंबर को होने वाले उपसरपंच चुनाव की तैयारियां समय रहते पूरी करने को कहा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा एरिया मजिस्ट्रेट और सेक्टर अधिकारी संबंधित पुलिस अधिकारियों के निरंतर संपर्क में रहें। मतदान केन्द्रों के 200 मीटर के दायरे में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं और मतदाताओं के आवागमन में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाए।

सार्दुल ब्रांच में मिला अज्ञात महिला का शव, पहचान में जुटी पुलिस

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन थाना क्षेत्र में सार्दुल ब्रांच नहर में एक महिला का शव मिला है। सूचना मिलने पर जंक्शन थाने से एएसआई लालचंद पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरडी 142 पर नहर से शव को बाहर निकलवाया। शव नग्न अवस्था में मिला है। महिला के दाएं हाथ पर 'मनु मुकेश' या 'मंजू मुकेश' नाम गुदा हुआ है। वहीं, बाएं हाथ में एक कड़ा पहना हुआ मिला है। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। जंक्शन थाना पुलिस महिला की पहचान के प्रयास कर रही है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को महिला के संबंध में जानकारी हो या वह उसकी पहचान कर सकता हो तो जंक्शन थाना पुलिस को सूचित करें। इस संबंध में जंक्शन पुलिस थाना में सार्दुल ब्रांच नहर के 142 हैड जोड़कियां के ऑपरेटर रिंकू पुत्र झंडूलाल धोबी निवासी वार्ड नंबर दो, न्यू खुंजा, जंक्शन की सूचना पर मर्ग दर्ज की गई है।

छात्रावास में मनाया 'आओ मनाएं आनंदोत्सव-दीपावली', किया मेडिटेसन

नकारात्मकता मिटा आत्मज्ञान का दीप जलाएं

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। दीपावली केवल बाहरी रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि अंतर्मन को ज्ञान, शांति और सद्भावना से प्रकाशित करने का अवसर है। इसी आध्यात्मिक भावना के साथ भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से संचालित सावित्रीबाई फुले विद्यालय स्तरीय छात्रावास में बुधवार को 'आओ मनाएं आनंदोत्सव-दीपावली' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित ब्रह्माकुमारी पाठशाला की ओर से किया गया। इस मौके पर ब्रह्माकुमारी खुशबू बहन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली जीवन में नई उमंग, उत्साह और श्रेष्ठ संकल्पों का प्रकाश भरने की प्रेरणा देती है। सच्चा आनंदोत्सव तभी संभव है, जब हम बीती बातों, मन की कमजोरियों, नकारात्मक विचारों और व्यर्थ चिंताओं को त्यागकर अपने भीतर आत्म-ज्योति जगाएं।



बेटी के विवाह में बढ़ाया सहयोग का हाथ



टिब्बी। गांव सलेमगढ़ मसानी में कन्या सेवा समिति की ओर से एक जरूरतमंद परिवार की बेटी के विवाह में सहयोग कर सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की गई। समिति के सदस्यों ने विवाह के अवसर पर परिवार को घर में उपयोग आने वाली आवश्यक घरेलू सामग्री भेंट की, ताकि परिवार को नए जीवन की शुरूआत में सहयोग मिल सके। इस अवसर पर गांव की माताएं-बहनें तथा कन्या सेवा समिति सलेमगढ़ मसानी के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में मदनलाल शर्मा, महावीर शिवाली, गौतम सेन, राम शर्मा, बालमुकुंद शर्मा, नरेश शर्मा और रजत सेन सहित गांव के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मतदाता जागरूकता रैली निकाली

हनुमानगढ़ : छात्राओं ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पक्कासारणा में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस मौके पर सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस भी मनाया गया। प्रधानाचार्य राकेश अग्रवाल, उपप्रधानाचार्य किरणजीत कौर एवं कार्यक्रम अधिकारी व व्याख्याता अनिता मीणा ने मां सरस्वती तथा सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद सभी ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। शिविर के दौरान स्वयंसेविकाओं ने योगाभ्यास, प्राणायाम एवं सूक्ष्म व्यायाम किया तथा एनएसएस का लक्ष्य गीत गाया। इसके बाद स्वयंसेविकाओं ने अपने-अपने दलों के अनुसार श्रमदान किया। पंचायतीराज चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई, जिसे प्रधानाचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वयंसेविकाओं ने गोद ली गई बस्ती में पहुंचकर साफ-सफाई की और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।


इग्नू : अब ऑनलाइन जमा होंगे प्रोजेक्ट

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए ऑनलाइन प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम (ओपीएमएस) और ऑनलाइन असाइनमेंट मैनेजमेंट सिस्टम (ओएएमएस) शुरू किए हैं। अब प्रोजेक्ट, शोध कार्य, डिसर्टेशन, फील्ड वर्क और इंटर्नशिप रिपोर्ट सहित असाइनमेंट ऑनलाइन जमा करवाने होंगे। इग्नू अध्ययन केन्द्र-23139 के समन्वयक विनोद कुमार ने बताया कि प्रोजेक्ट जमा करवाने की अंतिम तिथि 30 नवंबर और असाइनमेंट की 20 नवंबर निर्धारित की गई है। विद्यार्थी समर्थ पोर्टल पर लॉगइन कर दोनों सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। ऑनलाइन सबमिशन में त्रुटि होने पर 72 घंटे के भीतर सुधार किया जा सकेगा। अब हार्डकॉपी जमा करवाने की व्यवस्था बंद कर दी गई है।

पीयूष सैनी का राजस्थान अंडर-14 फुटबॉल टीम में चयन

नेशनल चैंपियनशिप में दिखाएंगे दमखम

सीमा सन्देश # नोहर। खेल जगत में नोहर के लिए गौरव की खबर है। बीकानेर में आयोजित अंडर-14 स्कूल नेशनल कैंप के दौरान राजस्थान की 18 सदस्यीय फुटबॉल टीम की घोषणा की गई, जिसमें नोहर के होनहार खिलाड़ी पीयूष सैनी ने जगह बनाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राजस्थान की टीम आगामी 12 से 17 नवंबर तक मध्यप्रदेश के छतरपुर में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया स्कूल नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेगी। इस प्रतियोगिता में पीयूष राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। पीयूष के राजस्थान टीम में चयन पर जिला फुटबॉल संघ हनुमानगढ़ के सचिव शशिकांत शर्मा, अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी विजयकिशोर माहिया, फुटबॉल कोच अशोक कंकर, जुल्फिकार पठान तथा राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी गुलफान खान ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।



भाखड़ा प्रणाली की नहरों का वरीयताक्रम तय

5 नवम्बर से 13 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जल संसाधन भाखड़ा-सिद्धमुख रेगुलेशन खण्ड की ओर से बुधवार को भाखड़ा प्रणाली की नहरों का साप्ताहिक वरीयताक्रम जारी किया गया। यह वरीयताक्रम 5 नवम्बर से 13 नवम्बर तक प्रभावी रहेगा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रत्येक नहर आठ दिन पूरी चलाने के बाद बंद की जाएगी। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार नगराना (एनजीडी) नहर में 78 क्यूसेक, लीलांवाली (एलएलडब्ल्यू) में 326, भाखरांवाली (बीकेडब्ल्यू) में 376, करनीसिंह (केएसडी) में 731, मम्मड़खेड़ा (एमएमके) में 926, जोड़कियां (जेआरके) में 1036, सूरतगढ़ (एसटीजी) में 1156, भगतपुरा (बीजीपी) में 1194, संगरिया (एसएनजी) में 1200, मोरजण्डा (एमजेडी) में 1410, रतनपुरा (एसटीपी) में 1589, मोडिया (एमओडी) में 1749, लोंगवाला (एलजीडब्ल्यू) में 1884, पीलीबंगा (पीबीएन) में 2099, अमरपुरा (एएमपी) में 2192, रोड़ांवाली (आरआरडब्ल्यू) में 2205 व नवां-सतीपुरा (एनडब्ल्यूएन) नहर में 2216 क्यूसेक पानी प्रवाहित होगा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार नहरों में पानी के उतार-चढ़ाव को देखते हुए अगर किसी नहर के रेगुलेशन में बदलाव करना पड़ा तो भाखड़ा सिद्धमुख रेगुलेशन खंड व जल संसाधन खंड प्रथम/द्वितीय के अधिशाषी अभियंता से विचार-विमर्श के बाद व्यवस्था की जाएगी। वास्तविक पानी संबंधित अधिशाषी अभियन्ता की मांग अनुसार चलाया जा रहा है, यह कभी भी कम किया जा सकता है।

छठ पूजा पर नहरों में पानी छोड़ने की मांग

हनुमानगढ़। छठ पूजा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बुधवार को श्री मिथिला सेवा समिति राजस्थान ट्रस्ट और श्री छठ पूजा समिति जंक्शन के पदाधिकारियों ने जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। समिति अध्यक्ष बलदेव दास के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में जंक्शन की चुंगी नंबर आठ और टाउन की कोहला नहर में पानी छोड़ने की मांग की गई। समिति सदस्य श्यामदास ने बताया कि 15 नवंबर को डूबते और 16 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। कोहला नहर पर 15 नवंबर को झांकियों और जागरण का आयोजन भी होगा। अधिशाषी अभियंता ने पानी की व्यवस्था करवाने का आश्वासन दिया।

रावतसर : मदरसे में पालिकाध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित सभी पार्षदों का किया गया सम्मान

सीमा सन्देश#रावतसर। मदरसे में मुस्लिम समाज की ओर से नगर पालिका बोर्ड के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नगर पालिका चेयरमैन नीलम हरवीर साहारण, उप चेयरमैन एडवोकेट गुरजीत सिंह बडिंग सहित बोर्ड के सभी पार्षदों को साफा पहनाकर, माला पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष नीलम साहारण ने मुस्लिम समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की ओर से पूरे पालिका बोर्ड को दिए गए इस सम्मान से वे अभिभूत हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि नगर पालिका क्षेत्र में मुस्लिम समाज की ओर से रखी जाने वाली मांगों और आवश्यकताओं को प्राथमिकता से पूरा करवाने का प्रयास किया जाएगा। समाज के विकास एवं जनहित के कार्यों में नगर पालिका बोर्ड हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। समारोह में नगर पालिका बोर्ड के सभी सदस्यों ने मुस्लिम समाज की ओर से किए गए सम्मान के लिए आभार जताया।



हनुमानगढ : तीसरे चरण में 204 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए 873 अभ्यर्थी मैदान में, दनियासर में निर्विरोध निर्वाचन

204 ग्राम पंचायतों में आज सरपंच-पंच के लिए मतदान, 749 केन्द्रों पर डाले जाएंगे वोट

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित तीसरे चरण में जिले की छह पंचायत समितियों की 205 ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं 2,151 पंच पदों के लिए बुधवार को नामांकन, संवीक्षा, नाम वापसी और चुनाव चिह्न आवंटन की प्रक्रिया पूरी हो गई। गुरुवार, 5 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित 749 मतदान केन्द्रों पर 728911 मतदाता मतदान करेंगे। तीसरे चरण में हनुमानगढ़ जंक्शन, पीलीबंगा, नोहर, पल्लू, भादरा एवं राजपुरा (8 बीएचडी) पंचायत समितियां शामिल हैं। इन पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में पंच एवं सरपंच पदों के निर्वाचन के लिए 19 अक्टूबर को निर्वाचन की लोक सूचना जारी की गई थी। मतदान समाप्ति के तुरंत बाद संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मतगणना होगी। वहीं उपसरपंच का चुनाव 6 नवंबर को करवाया जाएगा।



204 ग्राम पंचायतों में 873 सरपंच अभ्यर्थियों को चुनाव चिह्न आवंटित: तीसरे चरण में शामिल छह पंचायत समितियों की 205 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए कुल 1,327 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किए। नामांकन पत्रों की संवीक्षा एवं नाम वापसी के बाद 204 ग्राम पंचायतों में 873 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं, जिन्हें चुनाव चिह्न आवंटित किए गए हैं। वहीं पल्लू पंचायत समिति की दनियासर ग्राम पंचायत में एकमात्र अभ्यर्थी इंद्रा देवी पत्नी भागीरथ को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। इस ग्राम पंचायत में कुल 3,363 मतदाता हैं।

पंचायत समिति वार सरपंच पद के आंकड़े

भादरा पंचायत समिति की 26 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए 174 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किए। नाम वापसी के बाद 120 अभ्यर्थियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए गए। हनुमानगढ़ जंक्शन की 23 ग्राम पंचायतों में 191 अभ्यर्थियों ने नामांकन प्रस्तुत किए। नाम वापसी के बाद 120 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। नोहर की 59 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए 359 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किए। नाम वापसी के बाद 235 अभ्यर्थियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए गए। पल्लू की 25 ग्राम पंचायतों में 161 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किए। नाम वापसी के बाद 24 ग्राम पंचायतों में 94 अभ्यर्थियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए गए, जबकि दनियासर में एकमात्र अभ्यर्थी होने के कारण निर्विरोध निर्वाचन हुआ। पीलीबंगा की 46 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए 269 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किए। नाम वापसी के बाद 178 अभ्यर्थियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए गए। राजपुरा (8 बीएचडी) की 29 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए 183 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किए। नाम वापसी के बाद 126 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं।

पंच पदों के लिए 3,536 नामांकन: तीसरे चरण में शामिल छह पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में 2,151 पंच पदों के लिए कुल 3,536 नामांकन दाखिल किए गए। नामांकन एवं निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब गुरुवार को इन पदों के लिए मतदान करवाया जाएगा। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 में ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदान मतपेटी के माध्यम से करवाया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत गुरुवार को जिले की छह पंचायत समितियों की 204 ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं पंच पदों के लिए होने वाले मतदान की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. खुशाल यादव एवं पुलिस अधीक्षक बी आदित्य ने बुधवार को विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देईदास, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भूकरका, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय 22 एनटीआर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परलीका तथा रामगढ़ स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था एवं निर्वाचन संबंधी तैयारियों का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के निर्देश दिए।

केंद्रीय कारागृह का निरीक्षण

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। जिला एवं सेशन न्यायाधीश रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को बोर्ड ऑफ विजिटर्स ने केंद्रीय कारागृह का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान बंदियों से जातिगत भेदभाव, भोजन, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली गई। बंदियों ने किसी प्रकार के भेदभाव से इनकार किया। जेल में लंगर, किचन, बागवानी और सफाई के कार्य रोटेशन के अनुसार स्वेच्छा से करवाए जाने की जानकारी दी गई। निरीक्षण में कोई भी बंदी विधिक सहायता से वंचित नहीं मिला। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रवि प्रकाश सुथार ने बंदियों को निःशुल्क कानूनी सहायता, जमानत और अपील संबंधी जानकारी दी।

प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

सीमा सन्देश # भोमपुरा। श्री श्याम देव स्कूल में मंगलवार को दीप सज्जा एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। बच्चों ने मिट्टी व गोबर से आकर्षक दीपक बनाकर उन्हें रंगों से सजाया। विद्यार्थियों ने सुंदर रंगोलियां बनाने के साथ दीपकों से पिरामिड और जय श्रीराम की आकृति भी तैयार की। प्रतियोगिता में दोनों माध्यमों के कई विद्यार्थियों की कलाकृतियों को सराहा गया। दीपावली पूजन के लिए विद्यार्थियों को मां सरस्वती, मां लक्ष्मी और भगवान गणेश के पोस्टर वितरित किए गए। संस्था निदेशक सुरेंद्र भादू ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की प्रशंसा करते हुए सभी को दीपोत्सव की शुभकामनाएं दीं।

सरपंच पद के लिए 23 प्रत्याशी मैदान में

सीमा सन्देश # नोहर। नोहर तहसील क्षेत्र की छह ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए 23 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। गुरुवार को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा तथा इसी दिन मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। टोपरियां में सरपंच पद के लिए चार प्रत्याशी मैदान में हैं, जबकि सभी 11 वार्डों में पंच निर्विरोध चुने गए हैं। ढंढेला में दो, भगवान में छह, देईदास में चार, किकराली में तीन और ढाणी लाल खां में तीन प्रत्याशी सरपंच पद के लिए मुकाबले में हैं। इन पंचायतों के कई वार्डों में भी पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई : 85 किलो गुड़ और 186 लीटर सरसों का तेल सीज किया

रावतसर और गोलूवाला में मिठाई, किराना व खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी- 30 किलो काजू जब्त और 40 किलो दूषित खाद्य सामग्री मौके पर नष्ट करवाई

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। दीपावली के त्योहार पर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिलेभर में मिलावटखोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा दल ने रावतसर और गोलूवाला में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान 1485 किलोग्राम गुड़ और 186 लीटर सरसों का तेल सीज किया गया। वहीं, गुणवत्ता संबंधी संदेह पर 30 किलो काजू जब्त किए गए तथा 40 किलो दूषित खाद्य सामग्री मौके पर नष्ट करवाई गई। जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा के निर्देशन में बाजारों, मिठाई की दुकानों, किराना प्रतिष्ठानों और खाद्य सामग्री के थोक विक्रेताओं पर निगरानी रखी जा रही है।



विभिन्न प्रतिष्ठानों पर हुई कार्रवाई

सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि रावतसर में खाद्य सुरक्षा दल ने मैसर्स जोधपुर मिष्ठान भंडार से कलाकंद, मैसर्स बजत बाजार से बादाम एवं कृष्णा ब्रांड घी, मैसर्स आरसी मॉल से केवल ब्रांड मिर्च पाउडर, मैसर्स कश्मीरी कोट्स से काजू एवं गुलाब जामुन तथा मैसर्स अग्रवाल टी कम्पनी से गुड़ के दो सैंपल लिए। इस दौरान मैसर्स अग्रवाल टी कंपनी से अमानक होने के संदेह पर 1485 किलोग्राम गुड़ सीज किया गया। वहीं, मैसर्स कश्मीरी कोट्स से गुणवत्ता संबंधी संदेह पर 30 किलोग्राम काजू जब्त किए गए तथा 40 किलोग्राम दूषित खाद्य सामग्री मौके पर नष्ट करवाई गई।

यहां भी हुई कार्रवाई

इसी क्रम में गोलूवाला में कार्रवाई करते हुए मैसर्स अगम ट्रेडिंग कंपनी से मुहूर्त गोल्ड ब्रांड सरसों का तेल, मैसर्स गोपाल स्वीट्स से मीठा मावा, मैसर्स अंश कुमार अखिल कुमार किराना स्टोर से कृष्णा ब्रांड चांदी का वर्क, मैसर्स गौरव ट्रेडर्स से श्वेता ब्रांड घी तथा मैसर्स मित्तल मॉल से बादाम एवं त्रिशूल ब्रांड सरसों के तेल के सैंपल संग्रहित किए गए। इस दौरान मैसर्स अगम ट्रेडिंग कंपनी से गुणवत्ता संबंधी संदेह पर 186 लीटर मुहूर्त गोल्ड ब्रांड सरसों का तेल सीज किया गया। निरीक्षण एवं कार्रवाई करने वाली टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार, दीपक कुमार तथा वाहन चालक गुरुशरण सिंह शामिल रहे।

एसआईआर में धांधली का आरोप

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर चल रहे वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता हुई। इसमें कांग्रेस नेताओं ने एसआईआर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठाए और देशभर में बैलेट पेपर से चुनाव करवाने की मांग की। प्रेस वार्ता को एआईसीसी ऑब्जर्वर अजय शर्मा, जिलाध्यक्ष मनीष मक्कासर, सांसद कुलदीप इंदौरा, पूर्व राज्यमंत्री पवन गोदारा, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र दादरी और सेवादल जिलाध्यक्ष अश्वनी पारीक ने संबोधित किया। नेताओं ने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना चाहिए तथा किसी को मतदान के अधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने भाजपा पर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने और संसद में विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाया। नेताओं ने महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं पर चर्चा नहीं होने पर भी नाराजगी जताई। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हनुमानगढ़ : विद्यार्थियों ने उकेरी जनजातीय संस्कृति की झलक



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन स्थित राजकीय नेहरू मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को जनजातीय गौरव पखवाड़े के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. रामपाल अहरोदिया की अध्यक्षता में आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और पोस्टरों के माध्यम से जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति, परंपराओं तथा स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को दर्शाया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश के जनजातीय समाज के इतिहास, संस्कृति, स्वतंत्रता संग्राम में उनके अमूल्य योगदान और महान जनजातीय नायकों के बलिदान से परिचित करवाना था। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. रामपाल अहरोदिया ने कहा कि जनजातीय समाज भारत की गौरवशाली संस्कृति और संप्रभुता का महत्वपूर्ण आधार है। भगवान बिरसा मुंडा सहित अनेक जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों का जीवन राष्ट्रभक्ति और जल-जंगल-जमीन के संरक्षण की प्रेरणा देता है। ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ती है और उनमें राष्ट्रीय चेतना का विकास होता है। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल ने कलात्मकता, विषय की समझ और संदेश के आधार पर उत्कृष्ट पोस्टरों का चयन किया।

तैयारियों को लेकर बैठक में बनी कार्ययोजना

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा), जिला हनुमानगढ़ की बैठक जिला अध्यक्ष मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 15 नवंबर को आयोजित होने वाली जिला महिला संगोष्ठी की तैयारियों पर मंथन किया गया। संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं, कार्ययोजना और महिला पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों पर चर्चा करते हुए जिले की अधिकाधिक महिला शिक्षिकाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

सरपंच पद पर दो प्रत्याशी मैदान में

चारणवासी। पंचायतीराज चुनाव के तहत नामांकन, जांच व नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए गए। चारणवासी में सरपंच पद पर सुभाषचन्द्र भांभु को स्लेट और गोविन्द खोथ को प्रेस चिह्न मिला। सात में से छह पंच निर्विरोध चुने गए, जबकि एक वार्ड में मुकाबला होगा।

अवैध पेट्रोल-डीजल बिक्री की शिकायत, औचक जांच

श्रीगंगानगर। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव के निर्देशानुसार अवैध पेट्रोल एवं डीजल की बिक्री तथा घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग की शिकायतों पर बुधवार को श्रीगंगानगर शहर में विभिन्न स्थानों पर रसद विभाग की टीम द्वारा औचक दबिश देकर कार्रवाई की गई। जिला रसद अधिकारी श्रीमती पूजा अग्रवाल ने बताया कि कार्रवाई के दौरान रॉयल शॉप, गली नंबर 3, इंदिरा कॉलोनी, बालाजी क्लिनिक के सामने से 31 लीटर पेट्रोल एवं 12 प्लास्टिक बोतलें तथा इंदिरा कॉलोनी, गली नंबर 6, रामदेव मंदिर रोड से 115 लीटर पेट्रोल, 3 प्लास्टिक कैन एवं 3 प्लास्टिक कप जब्त किए गए। इसी प्रकार घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सतपाल हलवाई, गली नंबर 7, इंदिरा कॉलोनी, बालाजी स्वीट्स, एसएसबी रोड, बराड़ फूड्स, सेक्टर नंबर 17 मार्केट तथा हुजूर स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट, गली नंबर 10, इंदिरा कॉलोनी से एक-एक घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया। इस प्रकार कुल 146 लीटर पेट्रोल एवं 4 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। जब्त सामग्री के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रकरण धारा 6-ए आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान विभिन्न गैस एजेंसियों के आपूर्ति वाहनों का भी औचक निरीक्षण किया गया तथा मौके पर गैस सिलेंडरों का माप-तौल करवाया गया।

ओमप्रकाश पांडिया की पुण्यतिथि पर होंगे 100 आंखों के निशुल्क ऑपरेशन

सीमा सन्देश # नोहर। स्वर्गीय ओमप्रकाश पांडिया की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्वर्गीय प्रमोद पांडिया स्मृति संस्था की ओर से सेवा कार्य की पहल करते हुए 100 जरूरतमंद लोगों की आंखों के निशुल्क ऑपरेशन करवाए जाएंगे। इस अभियान के तहत चंडीगढ़ के चिकित्सक डॉ. अवकाश दीप गोयल (एमबीबीएस, एमएस) द्वारा ऑपरेशन किए जाएंगे। संस्था के चेयरमेन सुरेश पांडिया ने बताया कि आंखों के ऑपरेशन करवाने के इच्छुक व्यक्ति 15 नवंबर तक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके लिए नोहर में ऊन वाली गली स्थित जगदम्बा साड़ी सेंटर पर संपर्क कर अपना नाम लिखवाया जा सकता है। ऑपरेशन से पहले मरीजों को सीटीआई केयर हॉस्पिटल, रामसुखदास पार्क के सामने, डॉ. आनंद सैनी के पास आंखों की जांच करवानी होगी। जांच के बाद चिकित्सकीय सलाह के अनुसार ऑपरेशन किया जाएगा। अभियान में आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को बेहतर नेत्र उपचार उपलब्ध करवाना और उन्हें आंखों की रोशनी से जुड़ी समस्याओं से राहत दिलाना है।

उत्तमसिंहवाला में आज होगा सरपंच पद के लिए मतदान, छह प्रत्याशी चुनावी मैदान में

10 ने दाखिल किए थे नामांकन, चार ने लिया नाम वापस

सीमा सन्देश # सरदारपुरा जीवन। ग्राम पंचायत उत्तमसिंहवाला में सरपंच पद के लिए आज मतदान होगा। चुनाव को लेकर प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। सरपंच पद के लिए कुल 10 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था, जिनमें से चार प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया। इसके बाद अब छह प्रत्याशी चुनावी मैदान में रह गए हैं। रिटर्निंग अधिकारी अमरचंद ने बताया कि ग्राम पंचायत में कुल 11 वार्ड हैं। इनमें से पांच वार्ड में निर्विरोध वार्ड पंच चुने गए हैं। वार्ड संख्या 3, 4, 5, 6 और 11 में वार्ड पंचों का चुनाव होगा। वहीं वार्ड संख्या 2 में दो प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल करवाए दोनों ने वापिस ले लिए, जिसके चलते यह पद रिक्त रहेगा। अधिकारी ने बताया कि मतदान के लिए राजकीय माध्यमिक विद्यालय उत्तमसिंहवाला को मतदान केन्द्र बनाया गया है, जहां चार बूथ स्थापित किए गए हैं। मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। सदर थाना हनुमानगढ़ के सहायक पुलिस उपनिरीक्षक बूटा सिंह ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए 12 सदस्यीय पुलिस टीम तैनात रहेगी जिसमें महिला कांस्टेबल तैनात हैं।



आयोजन : विकसित भारत युवा संसद में युवतियों का दबदबा



हनुमानगढ़। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत (माय भारत), हनुमानगढ़ की ओर से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 के प्रमुख ट्रैक विकसित भारत युवा संसद की जिला स्तरीय प्रतियोगिता एनएम लॉ कॉलेज में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में तीनों शीर्ष स्थान युवतियों ने हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। पारुल ने प्रथम, पलक ने द्वितीय तथा रिया शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। एनएम लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीताराम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में एनएम लॉ कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कुंज बिहारी ओझा, एसकेडी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. मयंक माथुर, आईक्यूएसी डायरेक्टर डॉ. अवधेश शर्मा तथा गवर्नमेंट एनएम कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर जयप्रकाश एवं अक्षय शामिल रहे।

श्रीराम के जीवन प्रसंगों का किया मंचन



सीमा सन्देश # नोहर। अपाला स्कूल ऑफ एजुकेशन में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अंतर-सदनीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से दीपावली के उत्सव को यादगार बना दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रामायण के प्रमुख प्रसंगों का आकर्षक मंचन किया। इसमें भगवान श्रीराम के जन्म, माता सीता के साथ विवाह, 14 वर्ष के वनवास, रावण वध और अयोध्या वापसी के प्रसंगों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों की जीवंत प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अलावा विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य और प्रसिद्ध भजन ह्यमैंने तेरे ही भरोसे रामह्ण की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही बटोरी। वहीं, अंतर-सदनीय रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों और पारंपरिक डिजाइनों के माध्यम से आकर्षक रंगोलियां सजाईं। प्रतियोगिता में उनकी रचनात्मकता और कलात्मक कौशल देखने को मिला। रंग-बिरंगी रंगोलियों ने विद्यालय परिसर को दीपावली के रंगों से सराबोर कर दिया। संस्था के चेयरमैन महेश शर्मा ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए आयोजन की तैयारी करवाने वाले अध्यापकों के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, धार्मिक एवं नैतिक मूल्यों के प्रति समझ विकसित करने के साथ-साथ रचनात्मकता और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सुख-समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विकास डब्ल्यूएसपी मामले में सीबीआई कोर्ट ने निदेशकों व बैंक अधिकारियों को किया बरी

बैंक लिमिट दुरुपयोग मामले में न्यायालय ने फर्जी दस्तावेज तैयार करने के आरोपों को निराधार माना

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। जोधपुर स्थित सीबीआई के विशेष न्यायालय ने बुधवार को विकास डब्ल्यूएसपी के निदेशकों व एसबीबीजे के बैंक अधिकारियों को साजिशपूर्ण ढंग से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक से 59.60 करोड़ रुपए की लिमिट से राशि उठाकर उसका दुरुपयोग करने के आरोप से मुक्त करते हुए बाइज्जत बरी कर दिया। इस मामले में विकास डब्ल्यूएसपी के निदेशकों व बैंक अधिकारियों की ओर से श्रीगंगानगर के वरिष्ठ एडवोकेट सुरेन्द्र लालगढ़िया एवं जोधपुर के वरिष्ठ एडवोकेट खुर्शीद आलम ने पैरवी की। एडवोकेट सुरेन्द्र लालगढ़िया ने जानकारी दी कि एसबीबीजे बैंक की ओर से वर्ष 2009 में विकास डब्ल्यूएसपी, इसके निदेशक बीडी अग्रवाल, विमलादेवी जिंदल, उपाध्यक्ष जितेन्द्र जिंदल, अपने ही बैंक के अधिकारियों प्रभुदयाल, आरके शर्मा व आरपी राजपाल के खिलाफ भादस की धारा 420, 467, 468, 471 एवं भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 13 (1 डी) के अंतर्गत यह आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवाई गई कि इन सभी लोगों ने सांठगांठ की और विकास डब्ल्यूएसपी की ओर से बैंक में फर्जी लेटर ऑफ क्रेडिट तथा बिल प्रस्तुत कर बैंक से लिमिट बढ़वाने की कार्रवाई कर 59.60 करोड़ रुपए की राशि उठाई गई तथा इसका उपयोग उचित स्थान पर न कर व्यक्तिगत सम्पत्ति की खरीद के लिए किया गया। बीडी अग्रवाल सहित उनके परिवार के तीन सदस्यों के अतिरिक्त बैंक के जिन तीन अधिकारियों को इस मामले में आरोपी बनाया गया, उन पर आरोप था कि वे इस साजिश में शामिल थे और उन्होंने फर्जी दस्तावेजों को सही मानते हुए मुख्य आरोपियों की लिमिट को बढ़ाया। सीबीआई में यह मुकद्दमा दर्ज होने के बाद उसने 10 जून 2009 को इस मामले में आरोपियों को तलब किया और पूछताछ के बाद वर्ष 2011 में सभी के खिलाफ अपनी ओर से चार्जशीट दाखिल कर दी।

आरोपियों की ओर से एडवोकेट सुरेन्द्र लालगढ़िया व खुर्शीद आलम ने की पैरवी

दोनों वकीलों के अनुसार वर्ष 2011 से ही यह मामला सीबीआई के विशेष न्यायालय में विचाराधीन था। इस बीच कारोना काल में वर्ष 2020 को बीडी अग्रवाल का निधन हो गया। इसलिए उनके खिलाफ यह मामला खत्म हो गया, लेकिन अन्य आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में कार्रवाई जारी रही। इस मामले में लम्बी सुनवाई के बाद विशेष न्यायाधीश भूपेन्द्र कुमार सनाढ्य ने मामले के प्रतिवादी, सीबीआई के वकील और आरोपियों के अधिवक्ता एडवोकेट सुरेन्द्र कुमार लालगढ़िया व एडवोकेट खुर्शीद आलम की ओर से दी गई दलीलों व बहस को सुना। बुधवार को इस मामले में न्यायाधीश सनाढ्य ने बैंक व सीबीआई के दस्तावेजों के आधार पर ही इस आरोप को पूरी तरह से खारिज कर दिया कि बैंक में प्रस्तुत किए गए लेटर ऑफ क्रेडिट तथा बिल फर्जी थे।

सीबीआई न्यायालय ने इन दस्तावेजों को फर्जी नहीं माना। सीबीआई के विशेष न्यायालय ने इसी आधार पर इस मामले में आरोपित विमलादेवी जिंदल, उपाध्यक्ष जितेन्द्र जिंदल और तीनों बैंक अधिकारियों प्रभुदयाल, आरके शर्मा व आरपी राजपाल को बाइज्जत बरी कर दिया।

बैंक मित्रों को दिए साइबर सुरक्षा और बैंकिंग योजनाओं के गुर



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। भारतीय रिजर्व बैंक के अग्रणी जिला अधिकारी रवि गहलावत की ओर से बुधवार को जंक्शन स्थित आरसेटी परिसर में बैंकिंग करिस्पोंडेंट (बीसी) यानी बैंक मित्रों के लिए विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें जिले के विभिन्न बैंकों के बैंक मित्रों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में आरबीआई की गाइडलाइंस, बैंकिंग सेवाओं, सरकारी योजनाओं, साइबर सुरक्षा और बैंकिंग क्षेत्र में हो रहे नए बदलावों की जानकारी दी गई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि भारतीय रिजर्व बैंक के एजीएम रवि कुमार, विशिष्ट अतिथि आरबीओ-5 के मुख्य प्रबंधक पीसी कुमावत एवं आरसेटी निदेशक बिधु शंकर थे। अध्यक्षता जिला अग्रणी बैंक के मुख्य प्रबंधक सुरेंद्र सिंह ने की। मुख्य अतिथि आरबीआई एजीएम रवि कुमार ने कहा कि बैंक मित्र बैंकिंग व्यवस्था और आमजन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

बीएस मोटर्स में हीरो की बाइक-स्कूटी पर दिवाली बम्पर धमाका ऑफर



सीमा सन्देश # अनूपगढ़। दीपावली के मौके पर धान मंडी स्थित बी एस मोटर्स अनूपगढ़ में हीरो मोटोकॉर्प की बाइक और स्कूटी पर दिवाली बंपर धमाका ऑफर दिया जा रहा है। शोरूम के प्रोपराइटर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि ऑफर के तहत एच एफ डीलक्स पर 2,100 रुपये, एक्सट्रीम 125आर और ग्लैमर एक्स पर 2,500-2,500 रुपये का कैश डिस्काउंट मिल रहा है।

वहीं, स्कूटी डेस्टिनी 110 की खरीद पर 1,100 रुपये का कैश डिस्काउंट या 4,000 रुपये का एक्सचेंज ऑफर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूटी डेस्टिनी 125 और प्लेजर प्लस पर 3,000 रुपये का कैश डिस्काउंट या 5,000 रुपये का एक्सचेंज ऑफर मिल रहा है। यह ऑफर 31 अक्टूबर से 11 नवंबर 2026 तक रहेगा।

बीआरडी मोटर्स पर बजाज प्लैटिना शोरूम में ग्राहकों हेतु आकर्षक ऑफर



सीमा सन्देश # अनूपगढ़। दीपावली का त्योहार खुशियों और नई शुरूआत का प्रतीक है। इसी को ध्यान में रखते हुए बजाज कंपनी के प्लेटिना मोटरसाइकिल शोरूम की ओर से ग्राहकों को दीपावली के शुभ अवसर पर विशेष छूट दी जा रही है।

त्योहार के इस खास मौके पर नई मोटरसाइकिल खरीदने की योजना बना रहे लोगों के लिए यह बेहतरीन अवसर है। शोरूम संचालक राजपाल सेवटा ने बताया कि दीपावली के पावन पर्व पर ग्राहकों को बेहतर सुविधा देने के उद्देश्य से मोटरसाइकिल की खरीद पर विशेष छूट रखी गई है। उन्होंने कहा कि बजाज प्लेटिना अपनी शानदार माइलेज, आरामदायक सफर और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए जानी जाती है। शोरूम की प्राथमिकता ग्राहकों को उचित मार्गदर्शन और बेहतर सेवा उपलब्ध करवाना है।

राज्य पुरस्कार जांच शिविर में 176 गाइड एवं रेंजर ने लिया भाग



सीमा सन्देश # पदमपुर। जिला मुख्यालय पर राज्य पुरस्कार गाइड एवं रेंजर आवासीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। सीओ गाइड मोनिका यादव के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में जिलेभर से 142 गाइड एवं 34 रेंजर ने भाग लिया। शिविर में स्काउट-गाइड का इतिहास, विभिन्न प्रशिक्षण, गांठें, अनुशासन, सेवा, सहयोग एवं दक्षता बैज संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही लिखित एवं मौखिक परीक्षाएं भी आयोजित की गईं। राजकीय उमा विद्यालय 9 एफ मांझीवाला, राबाउमा विद्यालय रिडमलसर तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय 5 केके की गाइडों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मांझीवाला विद्यालय में प्राचार्य चंदन सोलंकी, नीरज कुमार एवं समस्त स्टाफ ने गाइडों का स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। शिविर का बीकानेर मंडल के सहायक संगठन आयुक्त रामजस लिखाला ने निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए सुझाव दिए। विमला परिहार, भागीरथ तंवर एवं डॉ. राजपाल जोईया ने गाइडों को शिक्षा के साथ अनुशासन, निस्वार्थ सेवा और देशहित में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। सीओ गाइड मोनिका यादव ने बताया कि परीक्षा में उत्तीर्ण प्रतिभागियों को 22 फरवरी को जयपुर में राज्यपाल द्वारा राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित

सीमा सन्देश # बीकानेर। रामप्यारी माधव फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष बालमुकुंद शर्मा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भीनासर में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को शिक्षण-अधिगम सामग्री वितरित की। उन्होंने कहा कि शिक्षण सामग्री बच्चों की शिक्षा को सरल, प्रभावी और रुचिकर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इससे विद्यार्थियों में सीखने की रुचि बढ़ती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. करणीदान कच्छावा ने ट्रस्ट एवं अध्यक्ष बालमुकुंद शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए इसे विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के लिए सराहनीय पहल बताया। कार्यक्रम में संजय कुमार भी उपस्थित रहे। सामग्री वितरण से विद्यार्थियों में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल रहा।

स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने अनूपगढ़, पदमपुर और सूरतगढ़ में की कार्रवाई

सरसों तेल, घी और मिठाईयों से लिए सैंपल, अवधिपार खाद्य सामग्री नष्ट करवाई

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। राज्य सरकार के अभियान के तहत, जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव के निर्देशानुसार बुधवार को जिले के अनूपगढ़, सूरतगढ़ एवं पदमपुर में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि अनूपगढ़ में लक्ष्मी मिष्ठान भंडार से बालूशाही एवं बेसन लड्डू, जेडी मिनरल वाटर एवं मावा से मावा मिठाई, गुरुनानक दूध डेयरी से दूध एवं घी, लक्ष्मी बेकरी से बिस्कुट एवं भिखाराम चांदमल ब्रांड के काजू कॉर्नफ्लेक्स तथा सैनीजी फूड्स से गुड़ पापड़ी, गुड्डी मिठाई एवं रुको (प्रयुक्त खाद्य तेल) के सैंपल लिए। निरीक्षण के दौरान सैनीजी फूड्स पर आलू चिप्स, छिलके वाली मूंगफली एवं रुको अवधिपार पाए जाने पर इन्हें



मौके पर ही नष्ट करवाया गया। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेतराम खुड़िया, उर्मिला भादू एवं रेणु चौधरी के नेतृत्व में की गई।

सूरतगढ़ में विभिन्न प्रतिष्ठानों से लिए सैंपल : सूरतगढ़ में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हंसराज, अनिल कुमार शर्मा एवं नरेश सेवदा की टीम ने प्रजापत मिष्ठान भंडार पालीवाला से गुलाब जामुन, एसएस एजेंसी से सरसों का तेल, श्याम ऑयल मिल से खुला सरसों का तेल, बालाजी होलसेल से पिस्ता, सरस्वती मिष्ठान भंडार (बाबा रामदेव मंदिर के नजदीक) से मावा एवं गुलाब जामुन तथा बड़ोपल रोड स्थित सुभाष मिष्ठान भंडार एवं बिस्किट बेकरी से बीकाजी ब्रांड के रसगुल्ले का सैंपल लिया गया।

पदमपुर में खाद्य पदार्थों की जांच : पदमपुर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजूबाला, नित्या शर्मा एवं कंवरपाल सिंह की टीम ने मैसर्स तेलूराम विजय कुमार, मुख्य मार्ग से सरसों का तेल एवं चायपत्ती, रोहिनिश एंटरप्राइजेज से प्रीमियम चायपत्ती, गजानन स्वीट्स से पिटारा ब्रांड के रसगुल्ले, गुलाब जामुन एवं कलाकंद तथा मैसर्स तेलूराम सुशील कुमार से बादाम एवं सरसों के तेल का नमूना सैंपल लिया। इसी संस्थान से करीब 20 किलो अवधिपार रंगीन फ्रायम्स एवं 10 किलो चायपत्ती मौके पर नष्ट करवाई गई।

गांवों की सरकार बनाने के लिए भाजपा ने कसी कमर, उम्मीदवारों की सूची जारी

सीमा सन्देश # पदमपुर। पंचायत चुनावों को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सुरेंद्र पाल सिंह टीटी ने बसंत पैलेस में भावी उम्मीदवारों एवं पार्टी कार्यकताओं की बैठक लेकर चुनावी रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि ये चुनाव प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए महत्वपूर्ण हैं और आने वाली सरकार का भविष्य तय करेंगे।

टीटी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचा है। कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील करें। चुनाव प्रभारी सुशील जोशी ने भी कार्यकताओं से दिन-रात मेहनत कर मतदाताओं का विश्वास जीतने का आह्वान किया। टीटी ने उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न प्रदान किए।

संभावित उम्मीदवारों की सूचीः जोन 1 रंजीत कौर, 2 सिमरन, 3 काशी राम, 4 मधु, 5 किशन लाल, 6 लक्ष्मी बाई, 7 नाजम सिंह, 8 विनोद कुमार, 9 पार्वती, 10 मोहिनी देवी, 11 सुखपाल सिंह, 12 साहब राम, 13 राजेश कुमार, 14 चंदो देवी, 15



सविता, 16 मनोज कुमार शर्मा, 17 रजनी, 18 छोटी देवी, 19 चरण कुमार जैन, 20 चरण कुमार जैन तथा 21 अमनप्रीत कौर।

बैठक में महेंद्र प्रताप मंडा, नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र नारायण, मंडल अध्यक्ष अंशु बिलंदी, अमृतपाल सिंह लाली, निर्मल सिंह मांगट, उग्रसेन एवं प्रेम जटवाल सहित अनेक नेता मौजूद रहे।

पंचायत चुनावः 29 नामांकन दाखिल किये

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। पंचायत समिति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल कराने का अंतिम दिन था, जिसके तहत 4 नामांकन दर्ज कराए गए। सभी प्रत्याशियों ने निर्दलीय रूप में अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। शरणजीत कौर रड़ेवाला, लक्ष्मण राम बड़िंगा, ओमप्रकाश 7 ओ कॉलोनी, सरोज 7 एस कीकरवाली द्वारा नामांकन पत्र दाखिल कराए गए। पंचायत समिति के कुल 17 जोन के लिए 29 नामांकन पत्र दर्ज हो चुके हैं।

रजो देवी भाखर के निधन पर शोक, पानी ढाल 10 को

सादुलशहर। सादुलशहर के प्रतिष्ठित भाखर परिवार शिक्षाविद् महेंद्र भाखर, सुरेंद्र भाखर, जेईएन नरेंद्र भाखर की माता रजो देवी पत्नी स्व. त्रिलोकाराम भाखर के निधन पर शोक का सिलसिला जारी है। शोक व्यक्त करने वालों में भामाषाह कृष्ण सहारण मदेरां, भीमसैन कडवासरा, श्री गौशाला अध्यक्ष विजय गोयल, भूपेंद्र सिंह, एडवोकेट महेंद्र शर्मा, राजेंद्र सिंह राई, विनोद गोयल, राम सिंह कडवासरा, सुखविंद्र सिंह लालगढिया, गिरधारी सरदारषहरिया, इकबाल सिंह बराड, एडवोकेट अजब सिंह खीचड, घनश्याम सहारण, प्रभुदयाल सहारण, विनोद सिहाग, इंद्राज बेनीवाल आदि शामिल हैं। पारिवारिक सदस्य अमित भाखर, इंद्राज भाखर ने बताया कि उनकी आत्मिक शांति के लिए श्री गरूड पाठ का भोग एवं पानी ढाल कार्यक्रम 10 नवंबर मंगलवार को दोपहर डेढ बजे निवास स्थान वार्ड नंबर 2 खीचडान बास सादुलशहर में होगा।

नियो लर्निंग स्कूल में भव्य स्किल एक्सपो का आयोजन

संस्कृति और रचनात्मकता का दिखेगा अनूठा संगम; चार हाउसों के विद्यार्थी दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

सीमा सन्देश # पदमपुर। विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने, उन्हें प्रोत्साहित करने तथा शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल और रचनात्मक क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से नियो लर्निंग स्कूल, जैतसर रोड, पदमपुर द्वारा 5 नवंबर तक चार दिवसीय स्किल एक्सपो-2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उज्ज्वल भविष्य के लिए युवा प्रतिभाओं का प्रदर्शन थीम पर आधारित इस आयोजन में कक्षा तीसरी से नौवीं तक के सभी विद्यार्थी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। इस वर्ष स्किल एक्सपो को इंटर-हाउस प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विद्यालय के चार हाउसों- न्यूटन, एवरग्रीन, ओलंपस और लेगेसी के विद्यार्थी एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रत्येक हाउस के विद्यार्थी अपने-अपने हाउस इंचार्ज के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। हाउस इंचार्ज अपने विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करने और प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी रुचि



और क्षमता के अनुसार प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देना, उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, सहयोग और टीम भावना विकसित करना तथा उनके कौशल को निखारना है। स्किल एक्सपो में खेलकूद से लेकर तकनीकी ज्ञान, बौद्धिक क्षमता, कला और सांस्कृतिक गतिविधियों तक विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। आयोजन के पहले दिन खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत 200 मीटर दौड़, लंबी कूद, खो-खो, जिम्नास्टिक (पुश-अप्स एवं स्किपिंग), कैरम तथा रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में शारीरिक क्षमता, अनुशासन और खेल भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा।

खेलकूद की गतिविधियों के बाद स्किल एक्सपो में विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता और तकनीकी दक्षता को परखने का अवसर भी मिलेगा। इस क्रम में 3 नवंबर को अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में अच्छे संस्कारों का महत्त्व तथा हिंदी भाषण एवं कविता प्रतियोगिता में खेल-कूद का हमारे जीवन में महत्त्व विषय रहेगा। इसके साथ ही टिंकरकैड कोडिंग के माध्यम से कंप्यूटर प्रोग्रामिंग प्रतियोगिता तथा भारत को रूस या अमेरिका के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी मजबूत करनी चाहिए? विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित होगी।

इसी कड़ी में 4 नवंबर को मिमिक्री प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थी हास्य एवं व्यंग्य की प्रस्तुतियां देंगे। इसके अतिरिक्त दीपावली थीम पर बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट तथा पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें विद्यार्थी अपनी कल्पनाशीलता और कलात्मक कौशल का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन के अंतिम चरण में सांस्कृतिक और पारंपरिक कलाओं का रंग देखने को मिलेगा। 5 नवंबर को विद्यार्थी फ्री स्टाइल डांस प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी नृत्य प्रतिभा दिखाएंगे। शेड्स ऑफ ट्रेडिशन थीम पर मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसके साथ ही दीपावली थीम पर रंगोली, डोर बंधन तथा दीया मेकिंग प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। प्रबंध निदेशक गोकरण गर्ग व गौरव गर्ग ने कहा कि स्किल एक्सपो का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ अपनी छिपी प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें निखारने का अवसर प्रदान करना है। ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और व्यावहारिक कौशल विकसित करने में सहायक होते हैं। प्रधानाचार्य रजनीश त्यागी ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

डॉ. मुकेश बेरीवाल विश्व डेयरी शिखर सम्मेलन में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व



सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। काशी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी (डेयरी सर्विसेज, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. मुकेश बेरीवाल नवंबर माह में न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल डेयरी फेडरेशन के विश्व डेयरी शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विश्वभर के डेयरी विशेषज्ञ, नीति निर्माता, वैज्ञानिक और डेयरी उद्यमी शामिल होंगे। सम्मेलन में दुग्ध उद्योग में हो रहे तकनीकी नवाचारों, आधुनिक उत्पादन प्रणालियों, वर्तमान चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी। डॉ. बेरीवाल की इस सहभागिता को श्रीविजयनगर क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। उनके माध्यम से क्षेत्र की डेयरी गतिविधियों और दुग्ध उत्पादक किसानों से जुड़े प्रयासों को अंतरराष्ट्रीय मंच मिलेगा। उनकी उपलब्धि से युवाओं को डेयरी एवं कृषि आधारित उद्यमों में नई संभावनाएं तलाशने की प्रेरणा मिलेगी।

निःशुल्क आरएससीआईटी बैच शुरू, साइबर सुरक्षा नियम पालन की प्रेरणा दी

इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट में धूमधाम से मनाया दीपावली महोत्सव

सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट में दीपावली महोत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष सुशील कुमार मिड्ढा मौजूद रहे। संस्थान अध्यक्ष रामपाल वर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष सुशील कुमार मिड्ढा ने विद्यार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में तकनीकी ज्ञान के साथ साइबर सुरक्षा की जानकारी होना भी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल फोन



का सीमित एवं सदुपयोग करने,सोशल मीडिया के प्रति सतर्क रहने तथा साइबर सुरक्षा के नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान सरकार की ओर से संचालित निःशुल्क आरएससीआईटी प्रशिक्षण बैच का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को अध्ययन सामग्री एवं पुस्तकें वितरित कर प्रशिक्षण बैच की शुरूआत की तथा विद्यार्थियों से इस अवसर का लाभ उठाकर कंप्यूटर शिक्षा में दक्षता हासिल करने का आह्वान किया। संस्थान अध्यक्ष वर्मा ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण कंप्यूटर शिक्षा उपलब्ध करवाना तथा उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। इस दौरान संस्थान के अध्यापक सचिन कुमार,अशोक कुमार,सुरेश, अमित बिश्नोई सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन दीपावली की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

गहरे गड्ढे में गिरे गोवंश को सकुशल बाहर निकाला



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। अग्रवाल धर्मशाला के नवनिर्माण हेतु नींव की गहराई जानने के लिए कुआं खोदने वाले उपकरण से दो दिन पूर्व गहरा गड्ढा खोदा गया था। खाली पड़ी भूमि में जेसीबी द्वारा खोदे गए गहरे गड्ढे में अचानक एक नंदी गिर गया। गड्ढा 10 फिट गहरा होने के कारण नंदी खुद बाहर निकलने में असमर्थ था।

स्थानीय गोसेवकों और डॉ.. हजारी लाल मुटनेजा ने रेस्क्यू टीम को सूचित किया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जेसीबी मशीन मंगवाई गई।

रेस्क्यू टीम के सदस्य जसप्रीत सिंह, दुर्गाराम, विनोद कुमार और गुलाब सिंह ने जेसीबी और रस्सियों की मदद से नंदी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

विद्यालय में हुई दीपोत्सव प्रतियोगिता



सीमा सन्देश # बींझबायला। सरस्वती ग्रामोत्थान विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय, बींझबायला में दीपावली पर्व हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में रंगोली, दीपक सजावट एवं मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ओमप्रकाश खुड़िया ने दीपावली का पर्व आपसी प्रेम,भाईचारे व खुशियों के साथ मनाने का संदेश दिया।

वयोवृद्ध आसाराम की सेहत बिगड़ रही, उनका इलाज करवाया जाए



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। आसाराम बापू के अनुयायियों के संगठन श्रीयोग वेदांत सेवा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम सुमित्रा बिश्नोई के माध्यम से राष्ट्रपति व राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के नाम ज्ञापन सौंपा है। राजेश मूंदड़ा, हेमराज बागडी, नारायण मित्तल, जुगल किशोर आदि ने ज्ञापन में बताया कि केंद्रीय कारागार, जोधपुर में निरुद्ध 89 वर्षीय वयोवृद्ध आसाराम बापू की सेहत लगातार बिगड़ रही है, इसलिए उनका अविलम्ब आरोग्यम हॉस्पिटल में उपचार करवाने की मांग की गई है।

स्वास्थ्य की जटिलताओं को देखते हुए न्यायालय के आदेश के अनुरूप उन्हें तत्काल आरोग्यम हॉस्पिटल, जोधपुर में उपचार हेतु भर्ती करवाया जाना चाहिए।

दिव्यांग बच्चों ने तैयार किये दीपक



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। जवाहर बाल मंदिर स्कूल में जन अर्पण सेवा समिति द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों के विशेष विद्यालय के विद्यार्थियों ने दीपावली के पावन पर्व पर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का सुंदर परिचय दिया है, जिसका अवलोकन करने नगरपालिका अध्यक्ष विनय कुमार तनेजा पार्षदों के साथ पहुंचे।

विद्यालय के बच्चों ने अपने हाथों से मिट्टी के दीपक तैयार किए तथा उन पर आकर्षक रंगों एवं सुंदर डिजाइनों से सजावट की गई। पालिका अध्यक्ष व पार्षदों ने इन्हें सराहा।

Email : advt.seemasandesh@gmail.com
CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000

Teacher Hiring

■ RYSEN Group of Schools- Pilibanga, Sri Vijaynagar , Shri Ganganagar
Requires all subject teachers
Coordinator, PGT, TGT, PRT, Pre-Primary Teachers, Activity Teachers (arts and craft) Female PTI & Administrative Staff. Attractive Salary | Immediate Joining | Experienced & Freshers Can Apply
Mob.9216075291
E- mail- principal.svnr@rysen.group

नाम परिवर्तन

■ मैंने अपना राजेन्द्र कुमार से बदलकर राजेन्द्र सिरोही रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जाए। - राजेन्द्र सिरोही पुत्र श्री सत्यनारायण निवासी मकान नम्बर 555, गली नम्बर 06, इन्द्रा कॉलोनी, श्रीगंगानगर (राज.)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

✷ हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✷ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✷ नोहर : 94624-01666 ✷ संगरिया : 94146-29987 ✷ पल्लू : 96670-03883 ✷ सरदारशहर : 80786-99231 ✷ टिब्बी : 94137-33600 ✷ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✷ करणपुर : 94144-34202 ✷ रायसिंहनगर : 7878125846 ✷ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✷ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✷ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✷ जैतसर : 78910-35061 ✷ सूरतगढ़ : 94144- 32401 ✷ मानकसर : 99503-13776 ✷ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✷ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✷ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✷ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✷ कालूवाला : 9680496829 ✷ थालड़का : 78913-40002 ✷ गोलूवाला : 98281-32337 ✷ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✷ खाजूवाला : 96804-96829 ✷ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234

ईरान ने अमेरिकी मिडटर्म चुनाव में ट्रंप की करारी हार पर दी पहली प्रतिक्रिया



अमेरिकी मिडटर्म चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी की हार के बाद ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबफ ने कहा है, ₹अंतरात्मा की आवाज हो या महंगाई से परेशान होकर...लेकिन अमेरिकियों ने युद्ध को 'ना' कह दिया...हम उनकी सराहना करते हैं।₹ गौरतलब है, राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ईरान युद्ध की वजह से चुनाव में नुकसान उठाने की बात स्वीकार की है।

नीता अंबानी के ड्रैगनफ्लाई डिजाइन वाले ब्रोच में क्या खास है जिसे बनाने में लगे 10 साल



नीता अंबानी का ड्रैगनफ्लाई डिजाइन वाला ब्रोच पहने तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 'सोअरिंग स्पिरिट' नाम के इस ब्रोच की कीमत 12-15 करोड़ है जिसे ज्वेलरी आर्टिस्ट वालेस चान ने बनाने में 10 साल लगाए। इसमें 17.67 कैरेट का त्सवोराइट गार्नेट, हीरे, रूबी, गुलाबी नीलम और टाइटेनियम इस्तेमाल किए गए हैं।

कंपनी ने दिवाली गिफ्ट में कर्मचारियों को बांटे आईफोन 16, लोग बोले- रिज्यूम भेजें क्या



रिपोर्ट्स के अनुसार, दिल्ली की एक कंपनी ने अपने कर्मचारियों को दिवाली के तोहफे में आईफोन 16 दिया है। कंपनी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से इसका एक वीडियो शेयर किया और कहा, दिवाली गिफ्ट देने में उनका कोई मुकाबला नहीं है। कुछ लोगों ने इसे लेकर कहा, 'भाई कंपनी का नाम बताओ, LinkedIn पर Resume भेजकर अप्लाई करना है'।

यूरोप के सुपरमार्केट पर हुआ साइबर अटैक, हैकर्स ने फ्रिज-फ्रीजर हैक कर खराब किया खाना



यूरोप के कई देशों के सुपरमार्केट के फ्रिज-फ्रीजर पर सोमवार को साइबर हमला हुआ। हैकर्स ने रेफ्रिजरेटर यूनिट्स को डीफ्रॉस्ट मोड पर डाल दिया, जिससे लाखों यूरो का खाना खराब हो गया। इस अटैक से बेल्जियम, लक्जमबर्ग, स्वीडन समेत 6 देश प्रभावित हुए हैं। हमले के बाद यूके का मीट उद्योग और नैशनल साइबर सिक्योरिटी सेंटर भी अलर्ट पर है।

नाबालिगों के सोशल मीडिया बैन पर ऑस्ट्रेलियाई सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई




ऑस्ट्रेलिया की सुप्रीम कोर्ट 16 साल से कम उम्र के बच्चों पर सोशल मीडिया प्रतिबंध की संवैधानिकता पर विचार कर रही है। यह कानून पिछले साल लागू हुआ था। संगठनों ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और निजता के हनन का हवाला देते हुए इसे चुनौती दी है। रेडिट ने कहा कि सभी प्लेटफॉर्म्स को एक समान नहीं आंका जा सकता।

रिपब्लिकन्स की हार पर मस्क का 'लेजर' वाला तंज, चुनाव में लगाए थे 4,000 करोड़



अमेरिकी मिडटर्म चुनावों में रिपब्लिकन उम्मीदवारों पर $446 मिलियन (4,000 करोड़ से अधिक) खर्च करने वाले एलन मस्क ने पार्टी की हार पर तंज कसा। डेमोक्रेट्स ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा और सीनेट दोनों में बढ़त हासिल की। मस्क ने मजाक में कहा, लगता है इस बार मेरी चुनाव में दखल देने वाली स्पेस लेजर तकनीक काम नहीं आई।

यूएस के दबाव में ओरेकल ने चीन की टेनसेंट के साथ $7 बिलियन की चिप डील की रद्द



अमेरिकी कंपनी ओरेकल ने चीन की टेक कंपनी टेनसेंट के साथ $7 बिलियन का समझौता रद्द किया है। 'फाइनेंशियल टाइम्स' के मुताबिक, यह फैसला डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन के दबाव के बाद लिया गया। अमेरिकी अधिकारियों ने इसे लेकर ओरेकल के सामने चिंताएं रखी थीं। समझौते के तहत टेनसेंट को करीब 1 लाख एडवांस एआई चिप्स इस्तेमाल करने का मौका मिलता।

न्यूजीलैंड 185 रन पर ऑलआउट; बारिश के कारण भारत को 32 ओवर में 143 रन का टारगेट मिला

भारत ने न्यूजीलैंड को 5 विकेट से हराया:पहले वनडे में कोहली ने 74 रन बनाए; अर्शदीप सिंह ने 4 विकेट लिए

ऑकलैंड।

भारत ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड को 5 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम इंडिया 5 मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है। ऑकलैंड के ईडन पार्क में भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। अर्शदीप सिंह के 4 विकेट की बदौलत न्यूजीलैंड की टीम 40.2 ओवर में 185 रन पर ऑलआउट हो गई। गुरनूर बरार ने भी 3 विकेट लिए।

बारिश के कारण भारत को 32 ओवर में 143 रन का रिवाइज्ड टारगेट मिला। टीम ने 22.4 ओवर में 5 विकेट खोकर इसे हासिल कर लिया। विराट कोहली ने 51 गेंदों पर 74 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 13 चौके और 1 छक्का लगाया। कप्तान शुभमन गिल ने 56 गेंदों पर 37 रन बनाए।

इस जीत के साथ भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। 22 रन देकर दो विकेट लेने वाले अंशुल कम्बोज को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। 186 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को पहले ही ओवर में काइल जेमीसन ने रोहित शर्मा को बिना खाता खोले ही कप्तान मिचेल सेंटनर के हाथों कैच आउट कराकर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये स्टार बल्लेबाज विराट कोहली जिन्होंने क्षेत्ररक्षण के दौरान शानदार प्रदर्शन करते हुए दो कैच पकड़े थे, कप्तान गिल के साथ पारी को संभाला। बारिश के कारण 11वें ओवर में पहली बार खेला रोका गया। उस समय भारत ने एक विकेट के नुकसान पर 50 से अधिक रन बना लिया था।

दूसरी बार जब खेल शुरू हुआ तो भारत को 40 ओवरों में 167 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला। इसके बाद एक फिर बारिश शुरू होने पर खेल रोका गया। खेल दोबारा शुरू होन पर भारत को 32 ओवरों में 143 रनों का नया संशोधित लक्ष्य दिया गया। दोनों बल्लेबाजों इसके बाद शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मैदान के चारों ओर रन बटोरे। इस दौरान विराट कोहली ने 16वें ओवर की पहली गेंद पर चौका लगाकर अपना 80वां अर्धशतक पूरा किया। 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर नेथन स्मिथ ने शुभमन गिल को अपना शिकार बना लिया। शुभमन गिल ने 56 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 37 रन बनाये। अगले ही ओवर में जेकब डफी ने विराट कोहली को आउट कर पवेलियन भेज दिया।



स्कोर कार्ड >>

न्यूजीलैंड 185/10(40.2)	रन	गेंद	4/6
विल यंग कॉ श्रेयस बो सिंह	9	11	2/0
सीफर्ट कॉ गायकवाड बो बराड़	38	43	3/2
निकोल्स कॉ धीर बो सिंह	9	11	2/0
डैरेल मिचेल रन आउट	28	41	3/1
टॉम कॉ एंड बो गुरनूर	3	11	0/0
फिलिप्स कॉ अय्यर बो सिंह	30	51	2/1
सैंटनर बोल्ड अंशुल कंबोज	4	16	0/0
नेथन कॉ विराट बो अंशुल	1	9	0/0
काइल कॉ विराट बो सिंह	1	6	0/0
जेकब डफी नाबाद	15	21	3/0
टिकनर कॉ लोकेश बो बरार	34	23	1/4

अतिरिक्त रन : 13, **गेंदबाज** : अर्शदीप सिंह 10-0-70-4, आकिब नबी 6-0-33-0, अंशुल कंबोज 10-2-22-2, गुरनूर ब्रार 9.2-0-44-3, अक्षर पटेल 5-0-12-0

भारत 143/5(22.4)	रन	गेंद	4/6
रोहित कॉ मिचेल बो काइल	0	6	0/0
शुभमन कॉ टॉम बो नेथन	37	56	5/0
विराट कॉ टिम बो डफी	74	51	13/1
श्रेयस कॉ हेनरी बो डफी	15	13	1/1
अक्षर कॉ ग्लेन बो डफी	0	2	0/0
लोकेश नाबाद	3	5	0/0
नमन धीर नाबाद	5	3	1/0

अतिरिक्त रन : 9, **गेंदबाज** : काइल जेमीसन 7-0-34-1, जेकब डफी 7-0-49-3, ब्लेयर टिकनर 4-0-38-0, नेथन स्मिथ 4.4-0-21-1

विराट ने सचिन का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा

कोहली वनडे में रन
8741
सचिन तेंदुलकर रन
8720

पोंटिंग रिकॉर्ड की बराबरी

कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में 1,971 रन पूरे कर लिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने रिकी पोंटिंग की बराबरी कर ली है। दोनों पहले नंबर पर हैं।

नंबर-3 पर 13000 रन

कोहली वनडे में नंबर-3 पर 13 हजार रन बनाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए। रिकी पोंटिंग दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने इस पोजिशन पर 12,662 रन बनाए हैं।

अर्शदीप छाए...

भारत को जीत दिलाने में अर्शदीप सिंह ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने न्यूजीलैंड के चार बल्लेबाजों को प्वेलियन का रास्ता दिखाया।



गिल ने रोहित, अंशुल-गुरनूर की सराहना की

भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने रोहित शर्मा के थ्रो तथा अंशुल कम्बोज और गुरनूर बराड़ की गेंदबाजी की सराहना की। न्यूजीलैंड पर पहले वनडे में बुधवार को पांच विकेट से मिली जीत के बाद गिल ने कहा कि हमने गेंदबाजी में बढ़िया प्रदर्शन किया, और फील्डिंग भी अच्छी थी। रोहित भाई के थ्रो ने मोमेंटम को चेंज किया। अंशुल इन परिस्थितियों के लिए बने हैं क्योंकि उनकी गेंद सीम होती है।

कोरिया ओपन; प्रणय पहले ही राउंड में बाहर



सियोल (वार्ता)। भारत के एचएस प्रणय कोरिया ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले ही राउंड से बाहर हो गए हैं। बुधवार को येओसु के जिन्नम स्टेडियम में उन्हें स्थानीय खिलाड़ी और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता यू ताए-बिन से हार का सामना करना पड़ा। वहीं तन्वी शर्मा और अनमोल खरब ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर महिला वर्ग के अगले दौर में जगह बना ली है।

रोहित 740 दिन बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डक पर हुए आउट

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच में भारतीय बल्लेबाज रोहित शर्मा डक पर आउट हो गए। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 740 दिन के बाद वह डक पर आउट हुए हैं। वह आखिरी बार 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ही टेस्ट मैच में डक पर आउट हुए थे। वहीं, वनडे में वह आखिरी बार 2023 में शून्य पर आउट हुए थे।

प्रसिद्ध कृष्णा ने पास किया फिटनेस टेस्ट



प्रसिद्ध कृष्णा को न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए फिट घोषित कर दिया गया है। वह 7 नवंबर से लिंकन में न्यूजीलैंड-ए के खिलाफ होने वाले अनाधिकारिक टेस्ट में इंडिया ए की ओर से खेल सकते हैं। कृष्णा को 30 सितंबर को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी।

ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क टेस्ट के नंबर-1 गेंदबाज बने

यानसन को पीछे छोड़ श्रेयस अय्यर 2 स्थान ऊपर चढ़े; पाकिस्तान के शाहीन-रऊफ को भी फायदा



ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने साउथ अफ्रीका के मार्को यानसन को पीछे छोड़ा। केपटाउन टेस्ट में 9 विकेट लेने से पहले स्टार्क दूसरे नंबर पर थे। व्हाइट-बॉल क्रिकेट की रैंकिंग में भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों को फायदा हुआ है। भारत के श्रेयस अय्यर टी-20 इंटरनेशनल बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर 7वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी और हारिस रऊफ ने भी वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार किया है। स्टार्क ने पहली बार अगस्त में टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल किया था। तब उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़ा था। हालांकि, इसके बाद साउथ अफ्रीका के मार्को यान्सन ने उनकी जगह ले ली थी।

गोवा ने बिहार को पारी व 177 रनों से हराया

पणजी (वार्ता) ललित यादव (पांच विकेट) और यश कसवांकर (तीन विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत गोवा ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले के तीसरे दिन बुधवार को बिहार को पारी और 177 रनों से करारी शिकस्त दी। गोवा के स्नेहल कौथनकर (नाबाद 178) को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। आज यहां बिहार ने कल के दूसरी पारी में तीन विकेट पर 63 रन से आगे खेलना शुरू किया। सुबह के सत्र में कौशिक ने वासुदेव प्रसाद सिंह (तीन) को आउट कर बिहार को चौथा झटका दिया। इसके बाद बिपिन सौरभ (सात) को कसवाकर को अपना शिकार बनाया। गोवा के गेंदबाजी आक्रमण के आगे बिहार के बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके और उनकी पूरी टीम 45.3 ओवरों में 113 रन पर सिमट गई। बिहार के नौ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

विदर्भ ने मध्यप्रदेश टीम को पारी और 20 रनों से हराया

नागपुर (वार्ता) पार्थ रेखड़े और हर्ष दुबे (पांच-पांच विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत विदर्भ ने बुधवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले के तीसरे दिन मध्यप्रदेश को पारी और 20 रनों से करारी शिकस्त दी। इस मुकाबले में हर्ष दुबे ने कुल 14 विकेट झटके और उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। आज यहां मध्यप्रदेश ने कल के एक विकेट पर 19 रन से आगे खेलना शुरू किया। सुबह के सत्र में हर्ष ने सक्षम पुरोहित (34) को पगबाधा आउट कर विदर्भ को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद हर्ष ने अथर्व महाजन (18) का शिकार कर लिया। शुभम शर्मा (10), रजत पाटीदारी (शून्य) को भी हर्ष ने आउट किया। पांच बल्लेबाजों को पार्थ रेखड़े ने समेट दिया।

पीवी सिंधु 2021 के बाद बैडमिंटन वर्ल्ड टूर फाइनल्स खेलेंगी:जापान और हाइलो ओपन जीतकर बनाई जगह

बैडमिन्टन; टूर्नामेंट 9 से 13 दिसंबर तक चीन के होंगझोउ में खेला जाएगा

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालिफाई कर लिया है।

यह टूर्नामेंट 9 से 13 दिसंबर तक चीन के होंगझोउ में खेला जाएगा। सिंधु 2021 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट में खेलेंगी। वे 2021 में इसकी उपविजेता रही थीं। 2022 में भी सिंधु ने क्वालिफाई किया था, लेकिन बाएं टखने में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण नाम वापस लेना पड़ा। इसके बाद वे 2023 से 2025 तक इस टूर्नामेंट में नहीं खेलीं।

विमेंस सिंगल्स में 8 खिलाड़ियों को जगह मिलती है : विमेंस सिंगल्स में 8 खिलाड़ियों को जगह मिलती है। इनमें से सिंधु समेत 5 खिलाड़ी क्वालिफाई कर चुकी हैं। साउथ कोरिया की एन से-युंग, जापान की अकाने यामागुची और चीन की वांग झी यी और चेन यू फेई ने भी जगह पक्की कर ली है। बाकी 3 स्थानों के लिए 6 खिलाड़ियों के बीच मुकाबला है।



इस सीजन 2 खिताब और एक फाइनल के दम पर बनाई जगह : सिंधु ने 2026 में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने जुलाई में जापान ओपन का खिताब जीता। 19 जुलाई को खेले गए फाइनल में सिंधु ने जापान की अकाने यामागुची को 21-17, 21-17 से हराया। इसके बाद अक्टूबर में वे फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचीं। हालांकि, खिताबी मुकाबले में उन्हें एन से-युंग के खिलाफ 21-16, 11-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधु ने इसके एक हफ्ते बाद जर्मनी में हाइलो ओपन का खिताब जीतकर वापसी की। उन्होंने फाइनल में डेनमार्क की लाइन हजमार्क क्यार्सफेल्ड को 39 मिनट में 21-12, 21-14 से हराया।

कर्नाटक ने असम टीम को पारी और 314 रनों से हराया

गुवाहाटी (वार्ता)। केवी अनीश(145) और मानवंत कुमार (100) की शतकीय पारियों के बाद श्रेयस गोपाल (चार विकेट) और शिखर शेट्टी (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मुकाबले के तीसरे दिन असम को पारी और 314 रनों से हरा दिया। आज सुबह कर्नाटक ने पांच विकेट पर 496 रनों से आगे खेलना शुरू किया। सुबह के सत्र में के वी अनीश के आउट होने के बाद छह विकेट पर 577 रन के स्कोर पर कर्नाटक ने पारी घोषित कर दी। इसी के साथ कर्नाटक को 442 रनों की बढ़त हासिल हुई। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी असम की पूरी टीम कर्नाटक के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 40.2 ओवरों में 128 रन के स्कोर पर सिमट गई। कप्तान देनिश दास ने सर्वाधिक 50 रनों की पारी खेली। इसके अलावा दाहाई अंक में स्वरूपम पुरकायस्था (22) और अमलनज्योति दास (17) ही पहुंच सके। कर्नाटक की ओर से श्रेयस गोपाल ने चार और शिखर शेट्टी ने तीन विकेट लिये।



यश और साई पल्लवी मुख्य भूमिकाओं में; एडवांस बुकिंग 96.75 करोड़

रणबीर कपूर की 'रामायण'; पहले दिन 160 करोड़ रुपए की ओपनिंग का अनुमान, बनेंगे नए रिकॉर्ड

'रामायण' (भाग 1) के पहले दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 160 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है. महाकाव्य 'रामायण' पर आधारित नितेश तिवारी की इस फिल्म में रणबीर कपूर, यश और साई पल्लवी मुख्य भूमिकाओं में हैं. यह फिल्म भारत में दिवाली पर रिलीज होने वाली फिल्मों में सबसे बड़ी ओपनिंग पाने वाली फिल्मों में से एक बनने के लिए पूरी तरह तैयार है।


एडवांस बुकिंग 100 करोड़ के करीब : इस गुरुवार, 5 नवंबर को होने वाली वर्ल्डवाइड रिलीज से एक दिन पहले, 'रामायण' ने एडवांस बुकिंग के जरिए 96.75 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. अगर ब्लॉक बुकिंग को हटा दें, तो यह आंकड़ा 77.44 करोड़ रुपये रह जाता है. अब तक कुल 25.73 लाख टिकट बिक चुके हैं, जो 83,172 शोज के लिए हैं. इनमें से, ओपनिंग डे (पहले दिन) के लिए 23,699 शोज में 10.14 लाख टिकट बिके हैं, जिससे 39.40 करोड़ रुपये (ब्लॉक सीटों को छोड़कर 33.36 करोड़ रुपये) की एडवांस बुकिंग हुई है।



दुनिया भर में एडवांस बुकिंग

दुनिया भर में, 'रामायण' ने अपने लंबे ओपनिंग वीकेंड के लिए ही एडवांस बुकिंग में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. विदेशों में अब तक कुल एडवांस बुकिंग 40 करोड़ रुपये से ज्यादा है, जिससे इसकी कुल ग्लोबल एडवांस बुकिंग लगभग 140 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है.

SUCCESS PICTURES



पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

सीमा सन्देश

श्रीगंगानगर, गुरुवार, 05 नवम्बर, 2026

लोकतंत्र भारत का सबसे बड़ा दुश्मन है। यह भारत का सबसे मुख्य दुश्मन जातिवाद और सांप्रदायिकता, उसको और मजबूत करता है और बढ़ावा देता है। - **मार्कंडेय काटजू**

न्यूज इन ब्रीफ

तरनतारन; पटाखों से भरी गाड़ी लूटी

तरनतारन। जिले के अमृतसर रोड स्थित कस्बा गोहलवड़ के पास बदमाशों ने पिस्टल के बल पर पटाखों से भरी एक गाड़ी को पिस्टल के बल पर छीन लिया और मौके से फरार हो गए। ये पटाखे दिवाली के लिए बिकने जा रहे थे। इस पूरी घटना में मोड़ तब आया जब पीड़ित फैक्टरी मालिक ने चालक पर ही अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम देने का संदेह जताया।

67 कुंतल पटाखे जब्त, 1 गिरफ्तार

गोरखपुर। जिले के खोराबार थाना क्षेत्र में अवैध विस्फोटक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 67 कुंतल पटाखों का बड़ा जखीरा बुधवार तड़के बरामद किया है। पुलिस ने मौके से विजय कुमार जायसवाल नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

95 फीसद लोग वोट देने लायक नहीं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मार्कंडेय काटजू ने लोकतंत्र और मतदान व्यवस्था को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में बड़ी संख्या में मतदाता जाति और सांप्रदायिकता के आधार पर मतदान करते हैं, जबकि महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को नजरअंदाज कर देते हैं। एक यूट्यूब चैनल को दिए साक्षात्कार में काटजू ने कहा कि 95 प्रतिशत मतदाता उम्मीदवारों की योग्यता के बजाय जातीय समीकरणों को देखकर वोट देते हैं। उन्होंने दावा किया कि ऐसे मतदाता लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए उपयुक्त नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भारत में लोकतंत्र जातिवाद और सांप्रदायिकता को बढ़ावा दे रहा है। काटजू ने कहा कि देश में लगातार चुनावी माहौल बना रहता है और राजनीतिक दल चुनावों के दौरान धार्मिक व सामाजिक विभाजन का सहारा लेते हैं।

निकाय चुनाव की गलतियों से सीखेंगे सबक, पंचायत चुनाव में कांग्रेस का होगा कब्जा : कुन्नर

पर्यवेक्षक अजय शर्मा बोले- ज्ञानेश कुमार ने निभाया बीजेपी के एजेंट का किरदार, जनता देगी जवाब

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।



स्थानीय निकाय चुनाव में हुई चूक से सबक लेते हुए कांग्रेस पार्टी अब आगामी पंचायती राज चुनावों में पूरी एकजुटता के साथ उतरेगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं विधायक रूपिंदर सिंह कुन्नर ने दो टूक कहा कि निकाय चुनाव के दौरान कुछ खामियां रहीं और आपसी बातचीत की कमी का खामियाजा भी हमें भुगतना पड़ा, लेकिन पंचायती राज चुनाव में ऐसा बिल्कुल नहीं होगा। इस बार पार्टी पूरी तरह एकजुट है और जिले में प्रधान व जिला प्रमुख कांग्रेस का ही बनेगा। बुधवार को स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में वोट चोरी के विरोध में चलाए जा रहे अभियान के तहत अहम बैठक और प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। पार्टी के प्रदेश पर्यवेक्षक अजय शर्मा, जिलाध्यक्ष सह विधायक रूपिंदर सिंह कुन्नर, विधायक डूंगरराम गैदर और पूर्व विधायक राजकुमार गौड़ प्रमुख रूप से मौजूद रहे। वार्ता को संबोधित करते हुए पर्यवेक्षक अजय शर्मा ने केंद्र और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, एसआईआर प्रक्रिया बेहद गलत तरीके से चलाई जा रही है, जिसके चलते 13.5 करोड़ नाम सूची से काट दिए गए हैं। ब्लॉक से लेकर हर विधानसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। दशकों से एक ही जगह रह रहे लोगों को मरा हुआ बताकर या घर छोड़कर जाना दिखाकर उनके नाम काट दिए गए हैं। कई जगह पति का नाम है तो पत्नी का नाम सूची से गायब है। अजय शर्मा ने आरोप लगाया कि चुनाव अधिकारी ज्ञानेश कुमार ने भाजपा के एजेंट के रूप में काम किया है। उन्होंने हरियाणा चुनाव का हवाला देते हुए कहा कि वहां पहले दिन 61%, दूसरे दिन 65% और मतगणना के दिन 67.80% मतदान बताया गया। तीन दिनों में 6% से अधिक मतदान कैसे बढ़ गया? यह लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ है।

अजय शर्मा ने कहा कि भाजपा का एकमात्र एजेंडा हिन्दू-मुसलमान करना और देश को बांटना है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सच बोलते हैं, जबकि मोदी सरकार हर संवैधानिक एजेंसी पर दबाव बना रही है। देश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है, इसलिए कांग्रेस ने देश बचाओ अभियान शुरू किया है। दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई ऐतिहासिक भीड़ इस बात का सबूत है कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोग इस व्यवस्था से सबसे ज्यादा प्रभावित और आहत हैं।

सिर्फ जीतका लक्ष्य: कुन्नर

कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं विधायक रूपिंदर सिंह कुन्नर ने स्वीकार किया कि कांग्रेस एक बड़ा परिवार है और टिकट वितरण के दौरान थोड़ी बहुत नाराजगी या गुटबाजी सामने आ जाती है, लेकिन अब सब कुछ पीछे छोड़कर पार्टी का हर कार्यकर्ता एकजुट हो चुका है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पंचायत चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे। बैठक में विधायक डूंगरराम गैदर ने भी संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। किसानों को नहरी पानी नहीं मिल रहा है और मनरेगा जैसी योजनाएं ठप पड़ चुकी हैं। जनता इन सबका जवाब आगामी पंचायती राज चुनावों में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करके देगी।

सुरक्षा की दृष्टि के आठ रेलसेवाओं का संचालन रहा बाधित,200 मीटर दूर तक सुनी धमाके की आवाज

रेलवे ट्रैक के पास ब्लास्ट, पटरी के नीचे दो फीट गहरा गड्ढा; एनआईए को मिल सकती है जांच

सीमा सन्देश# अनूपगढ़।

भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक अनूपगढ़-सूरतगढ़ रेलवे लाइन पर गांव 50 जीबी के पास मंगलवार रात करीब पौने दस बजे जोरदार धमाका हुआ। सीमावर्ती क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर हुए इस ब्लास्ट से इलाके में हड़कंप मच गया। धमाके से रेलवे ट्रैक के नीचे लगे सीमेंट के दो स्लीपर पूरी तरह टूट गए और पटरी को जोड़ने वाले ब्लॉक भी क्षतिग्रस्त हो गए। धमाके की आवाज करीब 200 मीटर दूर तक सुनाई दी। घटना से करीब 40 से 45 मिनट पहले ही इस ट्रैक से पैसेंजर ट्रेन गुजरी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात करीब पौने दस बजे तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। मौके पर पहुंचकर देखा तो रेलवे ट्रैक क्षतिग्रस्त था। इसके बाद रेलवे गेटमैन को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। धमाके से पटरी के बीच करीब दो फीट गहरा गड्ढा भी बन गया था। घटना के बाद सुरक्षा कारणों से सूरतगढ़-अनूपगढ़ रेलखंड पर संचालित होने वाली आठ ट्रेनें रद्द कर दी गई थीं। बुधवार दोपहर बाद रेलवे ट्रैक की जांच और मरम्मत का काम पूरा होने के बाद ट्रेनों का संचालन फिर शुरू कर दिया गया। सूरतगढ़ से अनूपगढ़ की ओर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन भी दोबारा संचालित हुई।

बीकानेर मंडल के सीनियर डीसीएम प्रहलाद जोशी के अनुसार ब्लास्ट की प्रकृति ऐसी थी - यह सुरक्षा एजेंसियों की जांच के बाद ही पता लग पाएगा। रेलवे अपने यात्रियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर स्थानीय पुलिस के साथ रेलवे के अधिकारी भी गए थे। जांच जारी है। ट्रैक सुरक्षित होने के बाद गाड़ियों का संचालन शुरू किया गया है। इसके अलावा स्टेशनों पर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।



कई सुरक्षा एजेंसियों ने किया मौका मुआयना

घटना के बाद आरपीएफ आईजी ज्योति कुमार सतीजा, बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश, एटीएस एसपी मनीष कौशिक, श्रीगंगानगर एसपी हरिशंकर यादव, सीआईडी की एडिशनल एसपी दीक्षा, एटीएस के एडिशनल एसपी सुरेंद्र कुमावत और एडीआरएम राजेंद्र चौधरी सहित कई अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। आईबी, सीआईडी, एटीएस, एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीमों ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां धमाके के पीछे की वजह, इसमें इस्तेमाल सामग्री और संभावित साजिश सहित सभी पहलुओं की जांच कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार इस मामले की जांच नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी को सौंपी जा सकती है। अभी तक किसी भी एजेंसी की ओर से जांच को लेकर आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है।

सिंचाई पानी की कमी को लेकर किसानों का प्रदर्शन



» पानी के अभाव में फसलें प्रभावित

श्रीगंगानगर।

सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता (एसई) कार्यालय में आज किसानों का आक्रोश फूट पड़ा। गंगनहर में पानी की कमी और सिंचाई के लिए पूरा पानी न मिलने से परेशान किसानों ने एसई कार्यालय में पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया।

गेहूं और सरसों की फसलें खतरे में: किसानों का कहना है कि गेहूं और सरसों की बीजाई का महत्वपूर्ण समय चल रहा है, ऐसे में पानी की भारी किल्लत से उनकी फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं।

अधिकारियों के कार्यालय में मिली खाली कुर्सियां: जब किसान अपनी समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता संजीव वर्मा के कार्यालय पहुंचे, तो वहां कुर्सियां खाली मिलीं। अधिकारियों के न मिलने और उनकी समस्याओं पर तुरंत ध्यान न दिए जाने से किसानों का गुस्सा और अधिक बढ़ गया।

कम पानी की आपूर्ति : वर्तमान में गंगनहर में आवश्यकता के अनुरूप पानी नहीं मिल रहा है। नहर में निर्धारित 1800 क्यूसेक पानी के मुकाबले केवल 1600 क्यूसेक पानी ही आ रहा है, जिससे टेल तक पानी पहुंचना असंभव हो गया है।

किसानों की चेतावनी: किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही गंगनहर में पूरा पानी नहीं छोड़ा गया, तो रबी सीजन की मुख्य फसलें प्रभावित होंगी, जिससे अन्नदाताओं को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।



स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528